राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 270
लखनऊ, गुरुवार 22 मई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आईटीआई ट्रेनिंग के साथ ही छात्रों को मिलेगा स्टाइपेंड का लाभ 03

पानी है अनमोल, न करें इसे बर्बाद : मण्डलायुक्त 12

# डेढ़ करोड़ के इनामी सहित 27 नक्सली ढेर

**मुठभेड़**

▸ एक डीआरजी का जवान शहीद

**एजेंसी, बीजापुर।**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर व दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पोलित ब्यूरो के शीर्ष सदस्य डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली नम्बाला केशव राव उर्फ बशव राजू सहित अब तक 27 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं कई अन्य बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ स्थल से 27 नक्सलियों के शव के साथ अनेक हथियार बरामद होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। वहीं मुठभेड़ में कुछ अन्य जवान घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। वे सभी खतरे से बाहर हैं। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के खिलाफ मिली इस बड़ी सफलता पर सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट लगी है। नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर हुआ है। देश भर में चल रहे नक्सल संगठन के प्रमुख और नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी नम्बाला केशव राव उर्फ बसव राजू उर्फ गगन्ना को डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने बताया कि देश भर में नक्सल संगठन के संचालन की जिम्मेदारी बसवा राजू पर थी। नक्सलवाद और नक्सल मोर्चे पर जवानों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि डीआरजी के जवानों ने नक्सल मोर्चे पर इतिहास रचा है। नक्सली संगठन के जिस शीर्ष नेतृत्व को देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया है।



### 76 जवानों के हत्यारे का मारा जाना ऐतिहासिक उपलब्धि

6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के चिंतलनार क्षेत्र में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर घात लगाकर भीषण हमला किया था। इस हमले में 76 सीआरपीएफ जवानों सहित छत्तीसगढ़ पुलिस का एक अधिकारी शहीद हुए थे। इसके बाद, 25 मई 2013 को झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने हमला किया, जिसमें पार्टी के कई शीर्ष नेताओं की मौत हो गई थी। इन दोनों जघन्य हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने में बसव राजू उर्फ नंबाला केशव राव की अहम भूमिका मानी जाती है।

### प्रधानमंत्री व गृह मंत्री ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की सराहना की



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में बुधवार को सुरक्षा बलों द्वारा 27 माओवादियों को मार गिराने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह के एक एक्स पोस्ट पर कहा कि उनकी सरकार माओवाद से जुड़ी अराजकता को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने लोगों की शांति और प्रगति की चाह पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। गृहमंत्री अमित शाह ने बताया है कि तीन दशकों में यह पहली बार है कि सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में महासचिव स्तर के नक्सली नेता को मार गिराने में सफलता हासिल की है। शाह ने कहा, नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को ढेर कर दिया है, जिनमें सीपीआई–माओवादी का महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल है। गृहमंत्री ने खुशी जाहिर की कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने एक बार फिर अपनी सरकार के उसे संकल्प को दोहराया जिसमें देश को 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त करने का वादा किया गया है।

## अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जायेगा : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरूवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जायेगा।

प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किये जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरूवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा कि भारतीय रेल के लिए कल का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढे ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा।



**वार्ता**

▸ भारतीय रेल के लिए आज का दिन ऐतिहासिक व अविस्मरणीय होगा

## संक्षिप्त समाचार

### खुजदार हमले पर भारत ने पाकिस्तान के आरोप किए खारिज, जनहानि पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत ने बलूचिस्तान के खुजदार में हुए हमले में पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है। साथ ही भारत ने जनहानि पर शोक व्यक्त किया है और कहा है कि पाकिस्तान का दुनिया को धोखा देने का यह प्रयास असफल होने वाला है। पाकिस्तान के आरोपों के संबंध में मीडिया के प्रश्नों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आज खुजदार में हुई घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त करता है। प्रवक्ता के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोष देने की आदत बना ली है।

### दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी, बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बुधवार की देर शाम मौसम ने अचानक करवट की और धूल भरी तेज हवा चलने के साथ ही बारिश शुरू हो गई, जिससे लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। तेज हवाएं की वजह से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। वहीं, तेज बारिश होने की वजह से जलजमाव हो गया। कई जगह पेड़ भी गिर गए, जिससे यातायात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह ओले गिरने की भी सूचना है।

### शिखर ने खरीदा 68.89 करोड़ का अपार्टमेंट

**गुरुग्राम।** सेलिब्रिटी व रईसों के लिए पूंजी निवेश और रहने के हिसाब से पहली पसंद गुरुग्राम है। यहां ज्यादातर सेलिब्रिटीज प्रॉपर्टी में निवेश कर रहे हैं। अब क्रिकेटर शिखर धवन का नाम भी जुड़ गया है। उन्होंने यहां एक अपार्टमेंट खरीदा है, जिसकी कीमत 68.89 करोड़ रुपये है।

### मुंबई-कोलकाता सहित देश के कई शहरों में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को मुंबई, बेंगलुरु, जालंधर, इंदौर और कोलकाता सहित देश के कई शहरों में छापेमारी की। छापेमारी की ये कार्रवाई एक फर्म में कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने तलाशी अभियान के दौरान करीब 6.43 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इनमें अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर डॉलर और दिरहम शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस कार्रवाई के दौरान 55.74 लाख रुपये मूल्य के सोने के सिक्के जब्त किए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में करीब 94 लाख रुपये की राशि भी जब्त की गई।

## दिव्यांग युवाओं के लिए शिक्षा का केंद्र बने यूपी : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बुधवार को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए।



**निर्देश**

▸ दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था करें सुनिश्चित

### दिव्यांगजनों के प्रति सरकार संवेदनशील

सीएम योगी ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में 10 गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों की ओर अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपये की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### कोविड संक्रमण के मामले में चिंता जैसी कोई बात नहीं

सीएम योगी ने बुधवार को कोविड–19 के नए उपवेरिएंट जेएन–वन (JN.1) से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा कोविड–19 को लेकर कोई नई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट मोड में रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

**केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील**

## वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना उचित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दूसरे दिन बुधवार को सुनवाई की और गुरुवार को भी सुनवाई होगी।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार के रुख का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी परंपरा संबंधित वक्फ इस्लाम के तहत एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं हैऔर वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना संविधान के दायरे में है। श्री मेहता ने कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दान हिंदू धर्म और ईसाई धर्म सहित हर धर्म में मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि दान एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन, उचित खाते और ऑडिट सुनिश्चित करना, सभी प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में अधिकतम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होने से वक्फ के धार्मिक स्वरुप पर कोई असर नहीं पड़ता है, क्योंकि ये बोर्ड धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिकाओं सहित अन्य में वक्फ कानून के संशोधन को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि यह अनुच्छेद 26 के तहत मुस्लिम समुदाय के अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने के अधिकार का उल्लंघन करता है। उनका आरोप है कि संशोधन चुनिंदा रूप से मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्तों को लक्षित करता है। साथ ही, अनुचित रूप से कठोर पंजीकरण आवश्यकताओं को लागू करता है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को 3 अप्रैल को लोकसभा और 4 अप्रैल को राज्यसभा ने पारित किया और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति ने इस पर हस्ताक्षर किए। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, वक्फ कानून में संशोधन ऐतिहासिक मस्जिदों, कब्रिस्तानों और धर्मार्थ संस्थानों को उनकी धार्मिक स्थिति से वंचित कर सकता है, यदि उनके पास औपचारिक वक्फ विलेख नहीं हैं।



## एक और पाकिस्तानी अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने यहां पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को उसकी आपत्तिजनक गतिविधियों के कारण बुधवार को अवांछित घोषित कर दिया और उसे 24 घंटे के अंदर देश छोड़ने का निर्देश दिया।

विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत सरकार ने नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में उसकी आधिकारिक स्थिति के प्रतिकूल गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। उक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को आज इस आशय का आदेश जारी किया गया। उनसे सख्ती से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया था कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी तरह से दुरुपयोग न करे।




### हेराल्ड मामले में दो से आठ जुलाई के बीच ईडी अदालत करेगी नियमित सुनवाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की एक विशेष अदालत में नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के विरुद्ध बुधवार को सुनवाई के दौरान दावा किया कि इस प्रकरण में किए गए सौदों में 2000 करोड़ रुपये की सम्पत्ति को हड़पने के लिए आपराधिक साजिश की गयी। अदालत में ईडी की ओर से मामला रखा गया जबकि अभियुक्तों की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले से संबंधित दस्तावेजों की मांग की। अदालत ने इस मामले पर दो से आठ जुलाई के बीच नियमित रूप से सुनवाई करने का फैसला किया है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल चार देशों की यात्रा पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया।

यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जायेगा। प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिलकुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रूख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। जद(यू) सांसद संजय झा और द्रमुक सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में दो प्रतिनिधिमंडल कल रवाना होंगे। संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा, जबकि सुश्री कनिमोझी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे पाकिस्तान को घेरने तथा दुनिया को उसकी नापाक हरकतों की जानकारी देने के लिए करीब तीस देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंल भेजने का निर्णय लिया है।



### देश में शिक्षा की नई मिसाल, मिजोरम बना पहला पूर्ण साक्षर राज्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में मिजोरम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मिजोरम देश का पहला राज्य बन गया है जिसे पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया हो। मिज़ोरम विश्वविद्यालय (MZU) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने इसकी घोषणा की है। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद थे। मिजरोम की साक्षरा दर बीते 14 सालों में 91.33 फीसदी से बढ़कर 98.2 फीसदी पहुंच गई है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए निरंतर शिक्षा, डिजिटल पहुंच और व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के जरिए साक्षरता को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। अब हमें डिजिटल साक्षरता, फाइनेंशियल साक्षरता और इंटरप्रेन्योर स्किल्स की ओर आगे बढ़ना होगा।

## गाजीपुर में करंट लगने से सिपाही समेत चार लोगों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गाजीपुर के मरदह क्षेत्र में बुधवार को करंट की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। सीओ अनिल चंद्र तिवारी के मुताबिक मरदह थाना क्षेत्र के नरवर गांव में आज काशी दास बाबा की पूजा के कार्यक्रम की तैयारी के दौरान खम्भे गाड़े जा रहे थे। एक खम्भा ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तार से छू गया और उसमें करंट आ गया। करंट लगने से सिपाही रविन्द्र यादव, उसके छोटे भाई अभय यादव के अलावा छोटेलाल यादव तथा अमन यादव की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। गम्भीर रूप से घायल अभोरिक यादव, संतोष यादव और जीतेंद्र यादव को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। सीएम ने गाजीपुर में करंट लगने के हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने घायलों को समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि गाजीपुर जिले के मरदह थाना अंतर्गत नरवर गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के समय हरा बांस गाड़ने और उसके ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन से बांस में बिजली उतर जाने के कारण कुछ लोगों की मृत्यु, कुछ लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुःखद है।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति दें, परिजनों को संबल दें और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें।मंत्री ने लिखा कि घटना की जानकारी मिलते ही हमने एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, डीएम गाजीपुर और मऊ तथा एमडी विद्युत उत्पादन निगम से बात किया और प्रभावित लोगों को हर संभव मदद करने का आग्रह किया।



**हादसा**

▸ सीएम ने जताया दुःख, घायलों के समुचित उपचार के दिए निर्देश

### एक्शन ले सरकार : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा,उप्र के गाजीपुर में हाइटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण 4 लोगों की मौत और अन्य कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना दुखद है। सरकार और बिजली विभाग एक–दूसरे को जिम्मेदार न ठहराये बल्कि जाँच बिठाये, इन मौतों के लिए उत्तरदायी लोगों को बर्खास्त करे और मृतकों–घायलों को मुआवजा दे। सरकार बार–बार बिजली जाने और 24 घंटे बिजली न आने के खिलाफ हो रहे धरना–प्रदर्शन का संज्ञान ले। यदि सरकार ने बिजली उत्पादन का नया प्लांट लगाया होता या पूर्व में सपा सरकार में बने बिजली घरों को ठीक से चलाया होता और उत्पादन बढ़ाया होता तो प्रदेश की ऐसी बदहाली न होती। सोलर प्लांट की सुध न जाने भाजपा सरकार को कब आयेगी।

**सहूलियत** | यूपी के पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत

## पति-पत्नी को अब एक ही जिले में मिलेगी तैनाती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत दंपत्ति पुलिसकर्मियों को बड़ी राहत मिली है। डीजीपी प्रशांत कुमार के एक अहम फैसले के तहत अब पति-पत्नी को एक ही जिले में तैनाती दी जाएगी। इस फैसले से हजारों पुलिसकर्मियों को पारिवारिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहूलियत मिलेगी।

डीजीपी के इस आदेश के बाद यूपी पुलिस के स्थापना विभाग ने तत्काल प्रभाव से कई तैनातियां की हैं। इसमें विशेष रूप से ऐसे मामलों को प्राथमिकता दी गई है जहां पति और पत्नी दोनों पुलिस सेवा में हैं और उन्हें अब तक अलग-अलग जिलों में तैनात किया गया था। नए आदेश के अनुसार, यदि पति-पत्नी दोनों यूपी पुलिस में कार्यरत हैं, तो उन्हें सहूलियत के तौर पर एक ही जिले में अनुकंपा के आधार पर तैनाती दी जाएगी।

यह फैसला विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे न सिर्फ कामकाजी जीवन में संतुलन बनेगा, बल्कि परिवारिक जीवन में भी स्थिरता आएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार के इस फैसले की पुलिस महकमे में सराहना हो रही है। इस कदम को महिला सशक्तिकरण और कर्मचारी हितों की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है।

▸ डीजीपी प्रशांत कुमार के फैसले की पुलिस महकमे में हो रही सराहना

▸ इस कदम को महिला सशक्तिकरण और कर्मचारी हितों की दिशा में माना जा रहा बड़ा निर्णय



लखीमपुर खीरी में तेज आंधी का कहर

# दो की मौत, कई घायल, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार की सुबह लखीमपुर खीरी जनपद में आई तेज आंधी और तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। जिले के अलग-अलग इलाकों से हादसों की कई दर्दनाक खबरें सामने आईं। कहीं दीवार गिरने से पिता-पुत्री की मौत हो गई, तो कहीं विशाल पेड़ और भारी-भरकम होर्डिंग गिरने से जान का खतरा पैदा हो गया। कई स्थानों पर सड़कें बंद हो गईं और सरकारी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा। एक ओर जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ, वहीं प्रशासन की सुस्ती और लापरवाही भी खुलकर सामने आई।

### छेदुई पतिया गांव में दीवार गिरने से पिता-पुत्री की मौत




निघासन तहसील के मझगई थाना क्षेत्र स्थित छेदुई पतिया गांव में सुबह करीब 5 बजे तेज आंधी के चलते एक मकान की दीवार गिर गई। मलबे में दबने से रक्षपाल सिंह (45) और उनकी 10 वर्षीय बेटी रमन दीप कौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रक्षपाल की दोनों पत्नियां- सर्वजीत कौर (40) और सीता कौर (38) तथा 13 वर्षीय बेटा गुरप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी निघासन से जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है।

### बम्हनपुर में पेड़ गिरने से युवक घायल



इसी सुबह बम्हनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौधिया कला निवासी नरेंद्र कुमार उर्फ बुधई (पुत्र रामेश्वर) पर तेज आंधी के दौरान जामुन का पेड़ गिर पड़ा। उन्हें गंभीर हालत में सीएचसी निघासन में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

### रकेहटी गौशाला की संरचना तहस-नहस, टीन शेड और दीवारें ढहीं

निघासन क्षेत्र की रकेहटी गौशाला भी आंधी की चपेट में आ गई। तेज हवाओं ने गौशाला के टीन शेड को उड़ा दिया और कई दीवारें व लाइट पोल ढह गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी भी गौवंशीय पशु को जान का नुकसान नहीं हुआ। मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह और ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी ने नुकसान का जायजा लिया और शीघ्र मरम्मत का आश्वासन दिया।

### बस्तौला चौराहे पर भारी होर्डिंग गिरा, बाल-बाल बचे राहगीर



लखीमपुर-भीरा स्टेट हाइवे पर बस्तौला चौराहे पर तेज आंधी के चलते एक भारी-भरकम होर्डिंग सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि हादसे के समय वहां कोई राहगीर मौजूद नहीं था। स्थानीय लोगों ने बताया कि होर्डिंग की पाइपें जंग लगने से काफी कमजोर हो चुकी थीं। इस हादसे ने जिले में लगी अन्य जर्जर होर्डिंग्स की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने ऐसी सभी होर्डिंग्स की जांच और हटाने की मांग की है।

### प्रशासन पर उठे सवाल, राहत कार्य शुरू

इन सभी घटनाओं ने प्रशासन की तत्परता और आपदा प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते सक्रियता दिखाई जाती, तो कई हादसों को रोका जा सकता था। फिलहाल जिला प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी है। बीडीओ और ग्राम विकास अधिकारियों ने मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की बात कही है।

### शारदा पुल पर पेड़ गिरा, दो किमी लंबा जाम, एंबुलेंस भी फंसी

भीरा-पलिया स्टेट हाइवे पर शारदा पुल के पास सुबह छह बजे एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। इससे हाईवे पूरी तरह बंद हो गया और दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई, जो मरीज को जिला अस्पताल ले जा रही थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना के बावजूद प्रशासन और वन विभाग की टीमें दो घंटे बाद मौके पर पहुंचीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। लोगों ने शारदा पुल के पास मौजूद कमजोर पेड़ों की छंटाई या कटाई की मांग की है।

## नगर पंचायत द्वारा स्थगन आदेश की अनदेखी का आरोप

▸ नागरिक की भूमि पर जबरन कब्जे की कोशिश

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत निघासन पर न्यायालय के स्थगन आदेश की खुली अवहेलना का गंभीर आरोप लगा है। स्थानीय निवासी अनुभव पाण्डेय पुत्र भोज शंकर पाण्डेय ने जिला अधिकारी महोदया को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से यह मांग की है कि उनकी निजी भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए न्यायालय द्वारा पारित स्थगन आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन कराया जाए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुभव पाण्डेय की निजी भूमि गाटा संख्या 433, 434 व 435 ग्राम निघासन परगना व तहसील निघासन में स्थित है। यह भूमि गाटा संख्या 441, जो कि तालाब के रूप में दर्ज है, से सटी हुई है। प्रार्थी का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा तालाब की भूमि की आड़ में उनकी निजी भूमि पर भी जबरन बाउंड्री वॉल निर्माण कराया जा रहा है, जो कि न केवल अवैध है बल्कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना भी है। इस विषय में अनुभव पाण्डेय द्वारा न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू.डि.) निघासन के समक्ष स्थाई निषेधाज्ञा वाद संख्या 64/24 दाखिल किया गया था, जिसमें दिनांक 24 अप्रैल 2025 को न्यायालय ने संबंधित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया था। बावजूद इसके, नगर पंचायत द्वारा दिनांक 19 मई को भी उक्त स्थल पर निर्माण कार्य जारी रखा गया। प्रार्थी ने यह भी मांग की है कि न्यायालय के आदेश के आलोक में संबंधित भूमि का सीमांकन कराकर स्पष्ट रूप से यह तय किया जाए कि नगर पंचायत की गतिविधियाँ किस सीमा तक वैध हैं, और उनकी निजी भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए उन्हें पुनः अधिकार दिलाया जाए। प्रकरण में यह भी उल्लेखनीय है कि प्रार्थी द्वारा सीमांकन हेतु पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा गया था और संलग्नक के रूप में स्थगन आदेश, नजरी नक्शा तथा समाधान दिवस में प्रस्तुत पत्र भी सौंपे गए हैं। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और वे इसे न्यायिक आदेश की स्पष्ट अवहेलना मान रहे हैं। अब यह देखना शेष है कि प्रशासन इस प्रकरण में कितनी तत्परता से कार्यवाही करता है और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करता है।

> एसडीएम राजीव निगम ने बताया की जिस गाटा संख्या के बारे में बात हो रही है उस पर अभी तक कार्य रुका हुआ है जब तक कोई निर्णय नहीं आ जाता तब तक यथा स्थिति पड़ा रहेगा।

## गाय पर धारदार हथियार से हमला, तीन नामजद समेत सात लोगों पर केस दर्ज

**उचौलिया (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहिजना गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कुछ लोगों ने एक निर्दोष गाय पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस अमानवीय घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना मंगलवार शाम लगभग साढ़े चार बजे की है। सहिजना निवासी अवधेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि उनकी गाय गांव के पास खेतों में चर रही थी, तभी गांव के ही सुखविंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह, जसवीर सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह पुत्र मंगल सिंह तथा चार अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर उसकी गाय को चारों ओर से घेर लिया और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई।

गाय के घायल होने की सूचना जब गांव वालों को मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और थाने का रुख किया। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में प्रदर्शन किया। पीड़ित अवधेश कुमार की तहरीर पर थाना उचौलिया के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली गई है। तीन नामजद आरोपियों सहित कुल सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल पशु क्रूरता की श्रेणी में आती हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी चोट पहुंचाती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाई जाए।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि, नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ भावपूर्ण कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा के निवास पर नगर अध्यक्ष अजीत जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, नगर अध्यक्ष अजीत जैन, आदेश गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, सुधीर शुक्ला, कृष्ण किशोर मिश्रा, तरनजीत सिंह, कमलेश गुप्ता, नारायण लाल वर्मा, लालाराम, राकेश गुप्ता, मुमताज बैग सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आकांक्षात्मक विकास खंड में अतिरिक्त प्रभार पर उठे सवाल, भकियू (अ) ने जताई आपत्ति

**लखीमपुर खीरी।** जिले में आकांक्षात्मक विकास खंडों के प्रशासनिक प्रबंधन को लेकर मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों की खुली अवहेलना करते हुए एक बीडीओ को अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया है, जबकि वह पहले से ही एक विकास खंड में तैनात हैं। भारतीय किसान यूनियन (अ) ने इस मुद्दे को लेकर मोर्चा खोल दिया है और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बीकेयू (अ) की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया था कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात खंड विकास अधिकारियों को किसी अन्य विकास खंड का अतिरिक्त प्रभार न सौंपा जाए, ताकि इन पिछड़े क्षेत्रों में विकास के कार्यों पर पूरा ध्यान दिया जा सके। इसके बावजूद, जिला विकास अधिकारी दिनकर कुमार विद्यार्थी द्वारा 30 अप्रैल 2025 को जारी आदेश में ऋषिकांत अहिरवार को विकास खंड कुम्भी गोला का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। संगठन ने इस निर्णय को न केवल शासनादेश की अवहेलना बताया है, बल्कि इसमें संभावित आर्थिक लेन-देन और भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई, तो वे जनहित में व्यापक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे।

### कुम्हारन टोला से साइकिल चोरी, पुलिस को दी गई सूचना

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में एक साइकिल चोरी की घटना से लोगों में चिंता का माहौल है। मोहल्ला निवासी इलेक्ट्रिशियन संजय शुक्ला ने बताया कि वह दोपहर को भोजन के लिए घर आए थे और साइकिल दरवाजे पर खड़ी की थी। कुछ समय बाद बाहर निकले तो साइकिल गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज देखने पर एक व्यक्ति साइकिल ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### पिपरिया गांव में भूमि सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौ सेवा गतिविधि के खंड संयोजक संजीव मिश्रा की अगुवाई में ग्राम पिपरिया धनी में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों द्वारा लाई गई मिट्टी को कलशों में रख पूजन किया गया तथा उसे खेतों में ले जाकर सुपोषित करने का संकल्प लिया गया। संजीव मिश्रा ने कहा कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी प्रदूषित हो गई है। इसे शुद्ध करना समाज और विशेषकर किसानों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार द्विवेदी, पूर्व प्रधान रामसागर यादव, राम अवतार वर्मा, हिमांशु मिश्रा सहित कई किसान उपस्थित रहे।

### गुड़ और चने के साथ शुरू हुआ समर कैंप, संविलियन विद्यालय में बच्चों को मिलेगा बहुआयामी प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** विकास खंड कुम्भी के संविलियन विद्यालय विष्णुबेहड़ में 20 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह कैंप 21 मई से 10 जून तक चलेगा। उद्घाटन विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अनुरागिनी वर्मा और मजीद खान द्वारा किया गया। शिक्षा मित्र स्नेहलता वर्मा और पुष्पलता द्वारा आयोजित इस कैंप में बच्चों को योग, सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल कौशल, पर्यावरण, विज्ञान, रचनात्मक गतिविधियां, जल संरक्षण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। पहले दिन 21 बच्चों ने भाग लिया और उन्हें गुड़ व चना वितरित किया गया।

### रेंजर ने किया रजानगर पौधशाला का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** कुनौठिया गांव के समीप रजानगर पौधशाला का बुधवार को वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस बार भी 1 से 7 जुलाई तक विश्व वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इस हेतु आम, जामुन, पीपल, बरगद, नीम, बेल, अर्जुन, शहजन, अमरूद सहित औषधीय पौधों की नर्सरी तैयार की गई है। कुल लगभग 4.5 लाख पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान वन दरोगा अंकित भी मौजूद रहे।

### डॉ. आदिल गफ्फार बनेंगे सुपर स्पेशलिटस्ट कैंसर सर्जन



**अमीरनगर खीरी।** मोहम्मदपुर अमीर नगर निवासी डॉ. शमीम अहमद के छोटे बेटे डॉ. मो. आदिल गफ्फार (मैक्जीलोफेशियल सर्जन) का चयन मैक्स फेलोशिप के लिए हुआ है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दिल्ली से प्रो. डॉ. सौरभ कुमार अरोड़ा के सुपरविजन में हेड एंड नेक आन्को सर्जरी में एक वर्षीय फेलोशिप पूरा करने के बाद सुपर स्पेशलिटस्ट कैंसर सर्जन बनेंगे। डॉ. मो. आदिल गफ्फार ने इंटरमीडिएट पीडी भारती इंटर कॉलेज मोहम्मदी से, स्नातक बाई डी कॉलेज लखीमपुर से और परास्नातक रीवा विश्वविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश से करने के बाद बीडीएस और एमडीएस (मैक्जीलोफेशियल सर्जन) कैरियर डेंटल कॉलेज लखनऊ से करने के बाद वर्तमान में सरस्वती डेंटल कॉलेज लखनऊ में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. मो. आदिल गफ्फार अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई डा. मो. राहिल गफ्फार को देते हैं। डॉ. मो. आदिल गफ्फार अपने मिलनसार स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पित भाव के लिए जाने जाते हैं। उनके चैन से घर परिवार और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

## पलिया के विभिन्न क्षेत्रों में आंधी-तूफान का तांडव

▸ विद्युत व्यवस्था ध्वस्त, मवेशियों की मौत, वाहन क्षतिग्रस्त



**पलिया खीरी।** पलिया तहसील क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान ने व्यापक तबाही मचाई। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों से जान-माल के नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। ग्राम अतरिया में एक विशालकाय वृक्ष गिरने से एक गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह मार्मिक दृश्य एक स्थानीय नागरिक ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पलिया नगर के पीपल चौराहे पर सड़क किनारे खड़ी एक कार पर पेड़ गिर गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। संयोगवश कार में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। तेज हवाओं के चलते पूरे पलिया नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। जगह-जगह बिजली के खंभे टूट गए हैं, तारों के गिरने से खतरा बना हुआ है, और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बिजली गुल होने से पानी, संचार और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी भारी अवरोध उत्पन्न हो गया है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द राहत और मरम्मत कार्य शुरू किया जाए, विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए और प्रभावितों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। अब क्षेत्रीय प्रशासन की सक्रियता पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## 65 वर्षीय बुजुर्ग की जमीन पर जबरन कब्जा, प्रशासन से थक हारकर विधायक से लगाई न्याय की गुहार

▸ ग्राम गांधिया निवासी बचान बोले- अब उम्मीद बस जनप्रतिनिधि से है

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी की 139 विधानसभा गोला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गाँधिया निवासी 65 वर्षीय वृद्ध किसान बचान पुत्र भोला ने गांव के ही व्यक्ति पर उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाते हुए अब स्थानीय विधायक से न्याय की गुहार लगाई है। बचान मंगलवार को विधायक के गोला स्थित आवास पर पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। ऐसे में उन्होंने एक लिखित प्रार्थना-पत्र के माध्यम से अपनी पीड़ा और न्याय की मांग दर्ज कराई है।



पीड़ित बुजुर्ग के अनुसार, ग्राम गाँधिया में उनकी व्यक्तिगत भूमि, गाटा संख्या 408ख/0.081 हेक्टेयर, वर्षों से उनके नाम दर्ज है और खतौनी में नियमित रूप से चढ़ती रही है। उन्होंने उक्त भूमि को गांव के ही जसविन्दर सिंह उर्फ मक्खन सिंह को ठेके पर दी थी, परंतु कुछ समय बाद मक्खन सिंह ने इस जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। बचान का आरोप है कि जब भी वे अपनी भूमि देखने या खेती करने जाते हैं, तो मक्खन सिंह उन्हें मारने के लिए दौड़ते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। बचान ने बताया कि उन्होंने कई बार एसडीएम और स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की, लेकिन किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति आर्थिक प्रभाव का उपयोग कर अधिकारियों को प्रभावित कर लेता है, जिससे उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल पाया। 65 वर्षीय बुजुर्ग ने भावुक अपील करते हुए कहा है कि, ÷मैं पढ़ा-लिखा नहीं हूं, मेरी उम्र भी बहुत हो चुकी है, अब बार-बार अफसरों के चक्कर काटना मुमकिन नहीं। मैंने आखिरी उम्मीद विधायक जी से लगाई है। अगर मैं सही हूं, तो कृपया मेरी जमीन खाली कराकर मुझे दिलाई जाए।

## संविदा कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)**

▸ छंटनी के खिलाफ बिजली कर्मियों ने दो दिन से रोका काम

बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने अपनी छंटनी के विरोध में कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रखा। अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने धरने पर बैठे कर्मियों का कहना है कि काम कर रहे कर्मियों को ही हटाया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। धरना स्थल पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे कर्मियों में रोष व्याप्त है। इन दिनों आंधी से प्रभावित बिजली आपूर्ति को बहाल करने में विभाग को परेशानी हो रही है और उपभोक्ता अंधेरे में हैं। धरने में प्रमुख रूप से अतुल कुमार, विकास कटियार, कलीम बेग, अनवर अली, हरजेंद्र सिंह, दीपक वर्मा, मोनू गिरि, पंकज सिंह समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

## डॉक्टरों की कमी का खामियाजा भुगत रहे मरीज

▸ घंटों जमीन पर बैठकर अपनी बारी का कर रहे इंतजार

**बछरावां रायबरेली।** ग्रामीण क्षेत्र में एक बहुत पुरानी कहावत है कि उक्त वस्तु को साँप सूघ गया अगर यह कहावत वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के ऊपर कहीं जाए तो कतई गलत नहीं होगा। क्योंकि आज से 6 माह पूर्व इसी अस्पताल में डॉक्टरों की एक लंबी फौज हुआ करती थी। जिससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बिना अधिक समय इंतजार किए हुए उपचार एवं दवा मिल जाती थी। परंतु वर्तमान समय में एक महीने से बछरावां सीएचसी में मानो डॉक्टरों का अकाल पड़ गया हो। जिससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को दवा व उपचार के लिए कई घंटों जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। मौजूदा समय में अस्पताल में केवल दो डॉक्टर जिनमें डॉक्टर प्रभात मिश्रा व डॉक्टर गणनायक पांडे मौजूद है। जिनके द्वारा अस्पताल मे 24-24 घंटे की सेवा दी जा रही है। वहीं जब इस संबंध में इलाज कराने आए मरीज रामकुमार, रामप्यारी, सुनीता, आरती, फिरोज, अमीना बानो, शंभू दयाल, भारती, पुनीत सिंह, शेख मोहम्मद सहित अन्य मरीजों ने बताया कि उनमें से कोई 10 बजे से तो कोई 9 बजे से अपनी बारी का इंतजार कर रहा है तो कोई इलाज करने के लिए 8 बजे से लाइन में लगा हुआ है। कई मरीजों को तो डॉक्टरों की कमी होने के कारण उन्हें 2 घंटे से अधिक समय से अधिक इंतजार करने के पश्चात उपचार एवं दवा नहीं मिल पा रही है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि कई महीने पूर्व अस्पताल में डॉक्टरों की फौज थी। जिससे समय से उपचार व दवा मिल जाती थी। परंतु आज के समय में डॉक्टरों की कमी हम सब के लिए समस्या का कारण बनती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगातार अस्पताल में सेवा दे रहे मौजूद दो डॉक्टरों के अंदर भीषण गर्मी में मरीजों की बढ़ती भीड़ को देखकर चिड़चिड़ापन भी आ जाता है, जो कहीं न कहीं डॉक्टरों की मनोस्थित के ऊपर प्रहार करता है। जिसका खामियाजा मरीजों के साथ-साथ अस्पताल में मौजूद अन्य स्टाफ के कर्मचारियों को भी भुगतना पड़ता है। अब देखने वाली बात क्या होगी कि आखिरकार स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बछरावां सीएचसी में डॉक्टरों के पड़े अकाल व मरीजों की समस्याओं पर कब तक ध्यान देते हुए नजर आएंगे।

वसलीपुर बंगाली कॉलोनी में 23 मई से होगा महानाम संकीर्तन महोत्सव

## तीन दिवसीय मेला और 72 घंटे का अखंड कीर्तन आकर्षण का केंद्र

**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वसलीपुर ग्रन्ट स्थित बंगाली कॉलोनी में भव्य महानाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 23 मई 2025 (शुक्रवार) से प्रारंभ होकर 27 मई (मंगलवार) की प्रातः तक अनवरत चलेगा। आयोजन स्थल राधा-कृष्ण मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बांग्ला पंचांग के अनुसार जेष्ठ शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर 23 मई की संध्या 8 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं अधिवास कार्यक्रम के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात अगले तीन दिनों तक दिन-रात अखंड महानाम संकीर्तन होता रहेगा। प्रत्येक दिन प्रातः 5.30 बजे से संकीर्तन की विधिवत शुरुआत होगी जो 27 मई की प्रातः 5.30 बजे ब्रह्म मुहूर्त में संपन्न होगा। इसके उपरांत प्रातः 6 बजे कुंज भंग व ग्राम परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। परंपरागत दही मटकी फोड़ने का कार्यक्रम भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे महोत्सव के दौरान अनवरत चलता रहेगा। साथ ही परिसर में तीन दिवसीय मेला भी आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए बंगाली समुदाय के लोग अपनी दुकानें लगाएंगे। यह मेला क्षेत्रीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनता है। इस धार्मिक महोत्सव में देशभर के विभिन्न प्रसिद्ध संप्रदायों की कीर्तन मंडलियाँ भाग लेंगी, जो अपने विशिष्ट संकीर्तन शैली और आध्यात्मिकता से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। इनमें गोपी किशन संप्रदाय, कानपुर, रामसंघ संप्रदाय, नई दिल्ली, जय जगन्नाथ संप्रदाय, मलखन गिरी (उड़ीसा), राधारानी संप्रदाय, छत्तीसगढ़ तथा गोपाल संप्रदाय, अमृतनगर, रुद्रपुर (उत्तराखंड) प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह महोत्सव आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक एकता का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है, जो श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए विशेष अनुभव का अवसर प्रदान करेगा।

# आईटीआई ट्रेनिंग के साथ ही छात्रों को मिलेगा स्टाइपेंड का लाभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज, लखनऊ ने टाटा मोटर्स, लखनऊ के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौते के तहत संस्थान के 16 तकनीकी व्यवसायों के छात्रों को आधुनिक मशीनों पर प्रशिक्षण देने के लिए टाटा मोटर्स भेजा जाएगा, जहां उन्हें ऑन-जॉब ट्रेनिंग के साथ छह माह की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के दौरान स्टाइपेंड के रूप में 10,100 रुपये के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक उद्योग आधारित प्रशिक्षण देना है, जिससे उनकी व्यावसायिक दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण के दौरान टाटा मोटर्स द्वारा छात्रों को 10,100 मासिक स्टाइपेंड, मुफ्त कैन्टीन और आने-जाने के लिए बस सुविधा भी दी जा रही है। यह सुविधा खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए बड़ी राहत है।

> छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए राजकीय आईटीआई अलीगंज ने टाटा मोटर्स लखनऊ से किया एमओयू



प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि समझौते के तहत छात्र डेढ़ वर्ष कैंपस में ट्रेनिंग लेंगे, जबकि छह माह उन्हें प्रैक्टिकल के लिए टाटा मोटर्स के संयंत्र में भेजा जाएगा।

इस दौरान उन्हें 10,100 रुपये स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान में फिटर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, सीएनसी मशीन ऑपरेटर जैसे व्यवसायों में नामांकित छात्र इस योजना का सीधा लाभ उठा सकेंगे।

टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक संयंत्रों में काम कर छात्र न सिर्फ प्रैक्टिकल नॉलेज लेंगे, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली और अनुशासन का भी अनुभव होगा।

संस्थान के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट ऑफिसर एम.ए. खान ने बताया कि भारत सरकार की डुयल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डीएसटी) के अंतर्गत यह एमओयू किया गया है। इस प्रकार की व्यवस्था से छात्रों को न केवल प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि उन्हें अप्रेन्टिसशिप और भविष्य में स्थायी रोजगार के लिए भी तैयार करेगी है। उन्होंने बताया कि संस्थान में मारुति सुजुकी, हीरो मोटर्स, हिंदुस्तान लीवर, टाटा मोटर्स, रॉयल एनफील्ड, एचएएल, एससीएल आदि प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कैम्पस ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों को अप्रेन्टिस और नौकरी के लिए चुना गया है। यही कारण है कि यह संस्थान उत्तर प्रदेश में नंबर-वन पर है।

राजकीय आईटीआई अलीगंज में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि पांच जून 2025 है। इच्छुक अभ्यर्थी www.scvtup.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं या संस्थान के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रेसिम लर्निंग फाउंडेशन की ओर

से स्किल रथ के माध्यम से जिले के स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। संस्थान के अनुदेशकों को भी विभिन्न कॉलेजों में भेजा गया है ताकि अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकें।

# केजीएमयू में न्यूरो पेन क्लिनिक प्रारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के न्यूरोलॉजी विभाग ने एक विशेष न्यूरो पेन क्लिनिक की शुरुआत की गई। यह पहल विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश वर्मा एवं डॉ. अंकित खेतान, असिस्टेंट प्रोफेसर, न्यूरोलॉजी विभाग के नेतृत्व में प्रारंभ की जा रही है। न्यूरो पेन क्लिनिक का उद्घाटन बुधवार को किया।

विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि न्यूरो पेन क्लिनिक प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक, न्यूरोलॉजी विभाग में कमरा नंबर 110 (प्रथम तल), संचालित होगी। इसका संचालन डॉ. अंकित खेतान करेंगे। यह क्लिनिक दीर्घकालिक और जटिल न्यूरोलॉजिकल एवं मस्कुलोस्केलेटल दर्द से ग्रस्त रोगियों को समर्पित, विशेषीकृत इलाज प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि यह पहल न्यूरोलॉजी विभाग की ओर से दर्द प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को समग्र, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, एवं डॉ. मनीष कुमार सिंह, प्रोफेसर पेन एवं एनस्थीसियोलॉजी विभाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**क्लिनिक में इन बीमारियों का होगा इलाज**

सिरदर्द (माइग्रेन एवं टेंशन टाइप), कार्पल टनल सिंड्रोम, ट्राइजेमिनल न्यूरालजिया, मायोफेशियल पेन सिंड्रोम, डि-क्वैर्वेन टेनोसाइनोवाइटिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस से संबंधित दर्द, सैक्रोइलिएक (SI) ज्वाइंट पेन, एपिकॉन्डाइलाइटिस (टेनिस/गोल्फर एल्बो), अल्ट्रासाउंड गाइडेड फ्रोजन शोल्डर, लोअर बैक पेन, हाइपरहाइड्रोसिस, स्ट्रोक के बाद की सेंट्रल पेन सिंड्रोम।

## खबरें एक नजर में

### उत्तर रेलवे द्वारा अधिकारियों के लिए पंचदिवसीय मध्यस्थता एवं सुलह कार्यशाला आयोजित



**लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर रेलवे ने भारतीय विधि संस्थान के सहयोग से अपने अधिकारियों की कानूनी और विवाद समाधान क्षमता को बढ़ाने के लिए मध्यस्थता, सुलह एवं संबंधित विषयों पर एक पंचदिवसीय कार्यशाला शुरू की है। यह कार्यशाला 19 मई से शुरू हुई है और 23 मई तक चलेगी। इसका उद्घाटन उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा की उपस्थिति में हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तर रेलवे की वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) तकनीकों में अधिकारियों को दक्ष बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जटिल होते संचालनात्मक माहौल में अनुबंधीय विवादों को कुशलतापूर्वक सुलझाने, कानूनी चुनौतियों का समाधान करने और बिना लंबे मुकदमों के परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए मध्यस्थता और सुलह की समझ आवश्यक है। इस कार्यशाला का पाठ्यक्रम भारतीय विधि संस्थान द्वारा तैयार किया गया है, जो विधिक शिक्षा एवं अनुसंधान का प्रतिष्ठित संस्थान है। उत्तर रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यशाला में उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर में तीन घंटे किया विरोध



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज से 3 घंटे का विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश में शुरू हो गया है। संघर्ष समिति ने पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन और प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि वे अवैध ढंग से नियुक्त कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को बचाने की साजिश कर रहे हैं। बैक डेटिंग कर फर्जीवाड़ा करने वाले कंसल्टेंट को दोषमुक्त करने में लगे हैं। इस हेतु निदेशक वित्त, निधि नारंग को कार्यकाल पूरा होने के बावजूद एक और सेवा विस्तार देने की तैयारी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के कार्यक्रम के तहत आज से बिजली कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक 3 घंटे का विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम प्रारंभ किया। प्रदेश के समस्त जनपदों, परियोजनाओं और लखनऊ में विभिन्न दफ्तरों में काम करने वाले बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन तीन घण्टे तक किया।

### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** माल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। मृतक छात्रा परीक्षा देकर लौट रही थी। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि अटारी के पास करौरा मोड़ पर ट्रैक्टर ने बाइक (यूपी 31 बीवाई 4916) को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक पर सवार थावर गांव की रहने वाले राम प्रसाद की पुत्री कांति देवी (22) की मौत हो गई। वहीं बबलू गौतम और अंकुल गौतम घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक छात्रा कांति देवी को परीक्षा दिलाकर दोनों युवक वापस घर लौट रहे थे, तभी ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दे दी है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

### सीएचसी में एमएलसी ने अल्ट्रासाउंड मशीन का किया लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधायक निधि प्रयोग हुई नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए नवल किशोर (एन.के) रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने विधायक निधि से स्थापित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुकेश शर्मा ने कहा प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी क्रम में सीएचसी पर आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

# किशोरियों को वितरित किये गये प्रशस्ति-पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता एक और कदम**

विज्ञान फाउण्डेशन तथा एम्पावर-द इमर्जिन्ग मार्केट्स फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित परिवर्तन परियोजना के तहत जानकीपुरम, लखनऊ के सेक्टर 07 में एक प्रशस्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 55 अभिभावकों व किशोरियों,युवतियों ने प्रतिभाग किया।

उक्त आयोजन किशोरियों, युवतियों द्वारा इग्लिश स्पीकिंग व पर्सनालिटी डेवेलपमेन्ट कोर्स के पूर्ण होने के पश्चात उनका हौसला वर्धन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान फाउण्डेशन संस्था की प्रतिनिधि ने संस्था की कार्यषैली पर प्रकाष डालते हुए बताया कि संस्था गत 37 वर्षो से समाज के दबे-कुचले व गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों के साथ निरंतर कार्यरत है। साथ ही संस्था किशोरियों व युवाओं को आगे बढ़ाने व उनको देश में एक सहयोगी व जिम्मेदार नागरिक बनाने की ओर भरसक प्रयास करती है। इसी उद्देश्य सें यह इग्लिश स्पीकिंग व पर्सनालिटी डेवेलपमेन्ट कोर्स जानकीपुरम में भी आयोजित किया गया जिससे जब कभी ये किशोरिया,युवतियां कहीं नौकरी करने या स्व-व्यवसाय करने का सोचें या उस दिशा में आगे बढ़ें तो उनमें अंग्रेजी न आने की झिझक न हो और वे पूरे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सुश्री रूचि जैन, (जिन्होंने इन किशोरियों को प्रशिक्षित किया) ने बताया कि शुरूआत में किशोरियों ने कोर्स के प्रति बेहद नीरसता दिखाई, पर जैसे-जैसे दिन बीतते गये किषेरियां स्वयं दिलचस्पी दिखाने लगीं और आज दूसरो के समक्ष बिना किसी झिझक अपनी बात अंग्रेजी में रखने लगी हैं। कार्यक्रम में सभी किशोरियों ने अंग्रेजी में अपना-अपना परिचय दिया तथा अपनी बातें सभी अभिभावकों के समक्ष रखीं। उक्त कार्यक्रम में कुल 23 किशोरियों को प्रतिभागिता व कोर्स पूर्ण होने के प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

## किसान खुशहाल, ट्रैक्टर के आंकड़े गवाह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीएम योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद करीब आठ वर्षों में ट्रैक्टरों की संख्या में डेढ़ गुने से अधिक (62 फीसद) की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में कुल 88 हजार ट्रैक्टर थे। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में यह संख्या बढ़कर 142200 हो गई है। ट्रैक्टरों की संख्या के लिहाज से देखें तो यूपी के किसान खुशहाल हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। उनके मुताबिक नौ तरह की अलग-अलग कृषि जलवायु, इंडो गंगेटिक बेल्ट की दुनिया की सबसे उर्वरा जमीन, गंगा, यमुना, सरयू जैसी सदानीरा नदियां, सबसे अधिक आबादी के कारण सस्ता श्रम और सबसे बड़ा बाजार होने के कारण उत्तर प्रदेश देश का फूड बास्केट बन सकता है। जरूरत इस बात की है कि किसानों के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को खेतीबाड़ी से जोड़ा जाए।

# पाकिस्तान के नाम से कांग्रेस की रीढ़ नरम क्यों हो जाती है : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत की नीति के हिसाब से पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है। तब पाकिस्तान के नाम से कांग्रेस की रीढ़ नरम क्यों हो जाती है? कांग्रेस के अपने मुख्यालय के रहते नई दिल्ली में पाकिस्तान को अपना दूतावास खोलने की ज़रूरत ही नहीं है।

उप मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगे लिखा कि यह दिवस आतंकवाद व उग्रवाद के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने और शांति व एकता के संकल्प को दोहराने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आज का भारत अब न आतंक बर्दाश्त करेगा और न ही आतंकियों को। यही नीति राष्ट्र की सुरक्षा को नई मजबूती भी प्रदान कर रही है। आइए, हम सभी मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हों और सुरक्षित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# नगर आयुक्त ने नालों की सफाई व अव्यवस्थाओं पर दिखाई सख्ती

> गंदगी फैलाने पर 7600 रुपये का किया चालान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बुधवार को जोन (4) और जोन (7) में स्थित विभिन्न नालों और नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफइंजीनियर (आरआर) मनोज प्रभात समेत अन्य निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे।नगर आयुक्त ने बुधवार सुबह फन मॉल के बगल से गुजर रहे नाले की सफाई की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई के बाद हर घंटे के भीतर नाले से निकली सिल्ट को पूरी तरह से हटाया जाए। इसके बाद कठौता चौराहे से आईजीपी रोड की ओर बनी सड़क के मध्य स्थित नाले का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने सड़क के दोनों ओर की छोटी नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

साथ ही सभी कनेक्टिंग पॉइंट की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के लिए जेडएसओ को सख्त निर्देश दिए। कठौता चौराहे से चिनहट तिराहे तक फैले नाले की स्थिति की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने नाले के बाहर पड़ी सिल्ट और हॉर्टिकल्चर वेस्ट को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से पूर्व नालों की सफाई पूरी होनी चाहिए ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके। लोहिया अस्पताल के पास की सड़क के बीच में बने नाले की साफ-सफाई जा जायजा लिया। इस दौरान आसपास की नालियों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। कई दुकानदार और ठेले वाले नालियों में कचरा डालते पाए गए।

इस पर नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद एसएफआई रश्मि शुक्ला को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। आदेशानुसार बॉम्बे पाव-भाजी पर 2000 रुपये, वाहिद बिरयानी पर 5000 रुपये, जबकि ठेले लगाने वाले गुड्डु, कल्लू, योगेश, लल्लू गुप्ता और कृष्णा पर कुल 1600 रुपये का चालान किया गया। इस तरह कुल 7600 रुपये का चालान काटा गया। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत नगर आयुक्त ने जोन (7) के सेक्टर (14) का भी दौरा किया। उन्होंने वार्ड में बनी सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई जल्द से जल्द कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# नवागत अपर नगर आयुक्त से मिल कर्मचारियों के हितों का उठाया मुद्दा

> कर्मचारियों की बेहतरी व नगर निगम के विकास के लिए प्रतिबद्ध : नम्रता सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम लखनऊ की नवनियुक्त अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह से बुधवार को नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।

संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा की अगुआई में यह शिष्टाचार भेंट हुई, जिसमें आपसी सहयोग बढ़ाने और कर्मचारी हितों पर चर्चा हुई। इस दौरान आनंद वर्मा ने नम्रता सिंह को नगर निगम अधिनियम भेंटकर उनका स्वागत किया।

मुलाकात में नम्रता सिंह ने कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से बात की। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा और महामंत्री राम अंचल ने उनके साथ मिलकर नगर निगम के विकास और कर्मचारी कल्याण के लिए काम करने का भरोसा जताया। नम्रता सिंह ने आश्वासन दिया कि वह कर्मचारियों की बेहतरी और नगर निगम के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होगा और नगर निगम का कामकाज और बेहतर होगा। इस मुलाकात में संरक्षक रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष मो. शोएब, हेमंत कुमार, मंत्री विजय लक्ष्मी, रेखा, मिर्जा इरशाद बेग, संगठन मंत्री अर्जुन यादव, निखिलेश खरे, कोषाध्यक्ष यश विजय प्रकाश गुप्ता, जाकिर अली, कार्यालय प्रभारी शत्रोहन लाल, सलाहकार अब्दुल तनवीर, प्रचार मंत्री अर्क गौतम, संयुक्त मंत्री अनुज गुप्ता, मनीष चंद्र पाल, मो. शमशाद, सुखदेव यादव, पवन पाल और उपाध्यक्ष शमील एखलाक शामिल रहे।

# यूपी में 14 आईएएस व छह पीसीएस के तबादले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




शासन ने मंगलवार देर रात यूपी के हरदोई, बलिया, महराजगंज और पीलीभीत जिलाधिकारी समेत 14 आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव, वित्त, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को वर्तमान पदों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

हरदोई के डीएम मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का डीएम, बलिया के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय बनाया गया है। महराजगंज के डीएम अनुनय झा को हरदोई का डीएम और अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अयोध्या के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का डीएम बनाया है। इसी के साथ ही साथ सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी अयोध्या तीर्थ विकास परिषद, नगर आयुक्त अयोध्या, मृणाली अविनाश जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर को सीडीओ सिद्धार्थनगर, रविंद्र कुमार प्रथम को विशेष सचिव संस्कृति विभाग, तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है। पीलीभीत के डीएम संजय कुमार सिंह को विशेष सचिव संस्कृति विभाग तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य बनाया है। अपूर्वा दुबे को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा को निदेशक सूडा, कुलदीप मीणा सीडीओ बुलंदशहर को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा, निशा संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा को सीडीओ बुलंदशहर और प्रेरणा शर्मा निदेशक सूडा को विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बनाया गया है।

## दानिश को हज समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर दी मुबारकबाद



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्सी ने बुधवार को आज उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी से उनके सरकारी आवास पर भेट कर उन्हें हाल ही में उत्तर प्रदेश हज समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर मुबारकबाद दी। इस भेट के दौरान अमील शम्सी ने अल्पसंख्यक समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जिसपर शीघ्र योजना बना कर निस्तारण क लिए मंत्री द्वारा सहमति जताई गई।

# याद किए गए भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व पीएम राजीव गांधी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

आधुनिक भारत के निर्माता, भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर लखनऊ कालिदास चौराहे पर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके परआयोजित अजय राय ने कहा कि युवा शक्ति में भरोसा करने वाले राजीव ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर लोकतंत्र सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त, शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए जो उनकी सरकार की शिक्षा नीति में दिखाई देती थी।

श्री राय ने कहा कि जमीनी स्तर पर लोगों को सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लेकर राजीव गांधी ने 1991 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने का वादा किया। जिसे बाद में कांग्रेस की सरकार बनने पर 1992 में संविधान के 73वें संशोधन से पारित किया गया। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में





कालिदास चौराहे पर व प्रदेश कार्यालय स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसीजन

पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त शक्तियां, वित्तीय संसाधन और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया गया। इसके उपरांत प्रदेश कार्यालय पर आयोजित संगष्ठीआयोजि की गई। जहां प्रमोद तिवारी एवं उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ''मोना'' सहित कांग्रेसजनों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी ने 84 से 89 तक अपने छोटे से कार्यकाल में पांच सफल कदम उठाये थे। जिनमें टेलिकाम रिवोल्यूशन, कम्प्यूटर क्रांति, मतदान की उम्र 18 वर्ष , पंचायती राज की नींव और शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में नवोदय विद्यालयों की स्थापना की जिसकी वजह से ये देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ा। संगोष्ठी में उप्र कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ''मोना'' विधायक, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, डॉ.सतीश राय, सुभाष श्रीवास्तव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संगष्ठी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, डॉ. सुशील तिवारी सोनू पंडित, जियाराम वर्मा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता एडविकेट प्रदीप सिंह, डॉ.लालती देवी, अनुसुइया शर्मा, संजय दीक्षित, विकास श्रीवास्तव, सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, चन्द्रशेखर मिश्रा, सिद्धि, मुनीष चौधरी, मनोज तिवारी, विनोद मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय सिंह, संजय बाजपेई, राजेश जायसवाल, डॉ.आलोक कुमार त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा, दिनेश सिंह यादव, जितेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ.पीके त्यागी, विजय सक्सेना, सुशीला सोनकर, आरएस तिवारी, राजेन्द्र पाण्डेय, एड. कृपा शंकर मिश्रा, रामबरन गौतम, आलेख पाण्डेय, अजय शर्मा, मेहंदी हसन, अनिल शुक्ला, योगेश्वर सिंह, निहारिक सिंह, नरेन्द्र त्रिपाठी, शिफा खान, हसन अब्बास, अयूब सिद्दीकी, वशीउल्लाह खान, अखिलेश शर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खुले में गोबर फेंकने पर नगर निगम ने हटाई अवैध डेयरियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ मे पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में जोन (6) थाना पारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध डेयरियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान में पुलिस बल एवं नगर निगम के प्रवर्तन दल के सहयोग से पारा क्षेत्र के भपतामऊ, बुड्ढेश्वर विहार एवं देवपुर में डेयरियों पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 12 भैंस, 3 गाय, 2 पड़िया एवं 2 पड़वा बरामद किए गए। सभी पशुओं को ऐशबाग स्थित कांजी हाउस में रखा गया। वहीं इन पशुओं को नियम अनुसार जुर्माना भरने के बाद ही छोड़ा जाएगा। इन क्षेत्रों से नगर निगम को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। कुछ डेरी संचालक गोबर को खुले खाली प्लॉटों में फेंक रहे हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही थी। गोबर का उचित प्रबंधन न होने के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा था। नालियों में गोबर भर जाने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा था और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा था। नगर निगम ने जानकारी द शहरी क्षेत्रों में डेरी संचालन की अनुमति नहीं दी जाती है। केवल अधिकतम दो गायों को लाइसेंस लेकर पालने की अनुमति दी जाती है। नगर निगम अधिनियम के अनुसार भैंस को अप्रदूषण कारक पशु की श्रेणी में रखा गया है। अतः शहरी क्षेत्रों में भैंस पालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। अभियान में शिवेक, रामकुमार, नदीम, फुरकान एवं मनोज सहित पुलिस और प्रवर्तन विभाग की टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा नियमों का पालन करें। अवैध पशुपालन या खुले में गंदगी फैलाने की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिकता में रखें वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा: सुनील चौधरी

▸ मुख्य वन संरक्षक ने किया रुपईडीहा रेंज का निरीक्षण

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



प्रधान वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर मंगलवार को बहराइच वन प्रभाग पहुंचे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जुलाई में होने वाले पौधरोपण के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भारत-नेपाल सीमावर्ती जंगलों की सुरक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा प्राथमिकता में रखें। एसएसबी, पुलिस और वन विभाग के साथ संयुक्त गश्त करने के निर्देश दिए। वाचरों व अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के संबंध में चर्चा की। प्रधान मुख्य वन संरक्षक आईसीपी रुपईडीहा पहुंचे। यहां पर उन्होंने बहराइच, कतर्नियाघाट, गोंडा व श्रावस्ती वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वानिकी कार्य पर वन अधिकारी विशेष ध्यान दें। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि नेपाल सीमा इलाके से सटे आरक्षित वन क्षेत्रों में कड़ी चौकसी बरतें। संदिग्ध लोगों पर नजर रखते हुए सीमावर्ती थानों की पुलिस और एसएसबी की भी मदद लें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू हो रहे पौधरोपण में लक्ष्य से अधिक पौध लगाने की रणनीति पर काम करें। उन्होंने वनाधिकारियों को ग्रीन चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रुपईडीहा, अब्दुल्लागंज रेंज कार्यालय का निरीक्षण किया। पौधरोपण की स्थिति देखी। रुपईडीहा रेंज कार्यालय में बैठक की। उन्होंने अवैध कटान व शिकार को रोकने के लिए निर्देश अधीस्थों को दिए। रुपईडीहा रेंज में आईसीपी पांच हेक्टेयर में एएसडब्लू का निरीक्षण किया। पचपकड़ी प्लाट एक व दो में हरित पौधरोपण को देखा। इस दौरान वन संरक्षक देवीपाटन मंडल मनोज कुमार सोनकर, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, कतर्नियाघाट बी शिवशंकर, श्रावस्ती धनराज मीणा, गोंडा पंकज शुक्ल सहित एसडीओ व वन क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# सकुशल संपन्न हुई संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा

▸ परीक्षा में सम्मिलित हुए 3874 अभ्यार्थी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा गोण्डा जनपद में आज सकुशल , शुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो जितेंद्र सिंह, अंग्रेज़ी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ वंदना भारतीय, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ के डॉ अमितेंद्र सिंह को सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया की गोण्डा जनपद में इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए 8 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे,इस परीक्षा में बी.एस-सी, पोस्ट बेसिक बी एस सी, एम एस-सी नर्सिंग, एम एस-सी एन पी सी सी के 3966 अभ्यर्थियों को निर्धारित केंद्रों के लिए अलॉट किया गया था। परीक्षा में 3874 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व परीक्षा में 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रो सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई। सम्पूर्ण परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के 20 जनपदों में आयोजित की गई , परीक्षा के कुशल संचालन के लिए पूरे प्रदेश को 9 जोन, में विभाजित किया गया था। प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के लिए गोंडा के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज , थामसन इंटर कॉलेज , रोजवुड इंटर कॉलेज , एस सी पी एम आयुर्वेदिक कॉलेज, एस सी पी एम कालेज ऑफ़ फार्मेसी , एम्स इंटर कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज ,श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो प्रतिनिधि मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से नियुक्त किए गए थे।

प्रो सिंह ने बताया कि , जिला प्रशासन , सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्षों उनके सहयोगियों , शहर के प्रमुख एच डी एफ़ सी बैंक के प्रबंधकों अभिभावकों व परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के सहयोग से जनपद में शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस भवन में स्थापित प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर उन्हें प्रदेश कांग्रेस लखनऊ से आए जिला कॉर्डिनेटर अरशद खुर्शीद एवं सह कोऑर्डिनेटर मीता गौतम पूर्व विधायक जिला अध्यक्ष रामप्रताप सिंह शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी जीपूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा पूर्व प्रत्यासी अरशद लोदी जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे रफी रेनी जलील खा डिंपल सिंह ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव प्रद्युम्न शुक्ला सुभाषचंद्र पाण्डेय बृजेश द्विवेदी इरशाद हुसैन शुक्ला प्रसाद शुक्लाअविनाश मिश्रा चांद खा अरुण गौतम सगीर खानजगदीश यादव डॉजितेंद्र तिवारी तौवज खा जैनुल आब्दीनहरिश्चन्द्र श्रीवास्तव मुजीब अहमद डॉ राज बहादुर सिंह महबूब खान विकास सिंह गांधी अभिषेक तिवारी रमा कश्यप अर्जुन वर्मा निजामहाशमी अवधेश दुबे राम बुजरत वर्मा वाजिद अली अवधेश तिवारीखगेश चतुर्वेदी शहजादे मेवाती उमा शंकर मिश्रा ओ पी शर्मा आनंद शर्मा बरकत उल्ला अरविंद मिश्रा सूफियानखान इमरान खान वसीम सिद्दीकी राम सिंह शरीफ़ एस पी शुक्ला वेद प्रकाश सिंह जमील खा विजय कुमार जितेश शर्मा ओम प्रकाश सोनकर पंचम राम लाल बाबू रण विजय सिंह निर्मला देवी राज कुमार तिवारी राम जनक वर्मा निशा खातून शाहिदा काजी परवेजसफी उल्ला खान देव प्रकाश पाण्डेय जितेंद्र कौशल मंजूर अहमद सर्व दमन सिंह अब्दुल्ला दीप कुमार मिश्रा विनोद कुमार पासवान रामा नन्द पांडेय महेंद्र दुबे सद्दू बाबा हरि राम वर्मा राज कुमार तिवारी संजय तिवारी चमन लाल कसौधन तय्यब प्रमोद सिंह जानकी देवी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कीइसके बाद कॉर्डिनेटर व सह कोऑर्डिनेटर ने कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ 2027चुनाव जितने पर चर्चा की और टिप्स दिए।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप हुआ शुरू

**फखरपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विभागीय आदेशानुसार गर्मी की छुट्टियों को खास और रचनात्मक बनाने के लिए बुधवार से ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) की शुरुआत हो गई। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सुबह 7 बजे से 10 बजे तक यह समर कैंप 10 जून तक चलेगा। जिसमें छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए योगा, कला, संगीत, कम्प्यूटर शिक्षा, भाषा कौशल, वाद्ययंत्र बजाने की तकनीकी नवाचारों से रूबरू कराया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र फखरपुर के 63 चयनित उच्च प्राथमिक और संविलयन विद्यालयों में समर कैंप के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक कार्यों से जोड़ा जा रहा है। संविलयन विद्यालय रतनपुर में प्रधानाध्यापिका कल्पना तिवारी, शिक्षामित्र अनुपम श्रीवास्तव एवं कुमारी विजय, संविलयन विद्यालय गजाधरपुर में अनुदेशक आशीष सिंह व शिक्षामित्र सत्यव्रत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कुड़ासपारा में अनुदेशक नीरज कुमार एवं शिक्षामित्र गुलनाज ने समर कैंप के पहले दिन बच्चों को योगा व व्यायाम के बारीकियों से अवगत कराया। क्राफ्ट कला, डिजिटल कौशल, सांस्कृतिक कौशल, इनडोर खेल आदि को गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। स्वप्रेरित शिक्षक साकेत भूषण तिवारी तथा फुरकान कलीम ने संविलयन विद्यालय रतनपुर में बच्चों को समर कैंप के महत्व को बताया और प्रतिदिन प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किए।

# ठेका एक करोड़ 30 लाख का और दोनों पटरियों से निकला हुआ ईंटा गायब

▸ कहीं पुराने ईंटों को ही रंग पोत कर लगाने की तैयारी तो नहीं...

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद गोंडा का कहना है की कार्यदाई संस्था को 8 तारीख को नोटिस जारी किया गया जिसमें यह लिखा गया कि तीन दिन के अंदर कार्य शुरू कर दे किंतु कार्यदाई संस्थाएं 13 दिन बीतने के बाद भी वहां खड़ंजा लगाने का काम नहीं शुरू किया है हां यह जरूर है कि जो पुराना खड़ंजा निकाल गया उसका कुछ आता पता नहीं है लोग दबी जुबान से यहां तक कहने लगे हैं कि कहीं पुराने ईंटों को ही नया करके लगाने की तैयारी तो नहीं चल रही है सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है कि किसी जगह पर ड्रम में रंग भर कर घोलकर ईटों को नया बनाने की तैयारी चल रही है **इस बात की पुष्टि समृद्धि न्यूज़ नहीं कर रहा है** किंतु लोगों का क्या जनता है सब जानती है दोनों तरफ पटरिया से खड़ंजा उखाड़ देने से लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं किंतु जिला प्रशासन सब कुछ जानकर भी मात्र एक नोटिस देकर अपने दायित्व की इतिश्री कर ले रहा है लोग तो यहां तक कह रहे हैं कि क्या कार्यदाई संस्था को जिला अधिकारी के खौफ का भी भय नहीं है क्योंकि यदि भय होता तो नोटिस मिलने के तीन दिन के अंदर कार्य शुरू हो गया होता स्थिति बहुत ही भयावह है जनता चाहे गिरे चाहे पड़े इससे कोई सरोकार नहीं है यह प्रकरण है जिले के महिला चिकित्सालय के दोनों पटरियो की।

# भाई-बहन का रिश्ता हुआ कलंकित सगी बहन से किया दुष्कर्म

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

फखरपुर थाना क्षेत्र में हुई एक दुष्कर्म की घटना ने सबको हैरान करने के साथ ही भाई-बहन के पवित्र रिश्तों को कलंकित कर दिया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई ने अपनी सगी 17 वर्षीय बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी भाई पर दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता ने बताया कि उनके पिता की मौत हो चुकी है। जिसके बाद से भाई आए दिन उस पर गंदी नजर रख रहा था। रविवार को घर में अकेला पाकर उसने मेरे साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लोकलाज के डर से उसने किसी को नहीं बताया लेकिन जब मां को जानकारी हुई तो उन्होंने कार्रवाई के लिए प्रेरित किया।वहीं पीड़िता की मां ने बताया कि इससे पहले भी कई बार बहन के साथ छेड़खानी कर चुका था। हर बार उसे समझाती थी, लेकिन नशा करने के बाद वह सारे रिश्ते भूल जाता था। पुलिस से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी भाई के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। आरोपी भागने की फिराक में था जिसे ट्रेस कर गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# कपड़े की दुकान में लगी आग से 20 लाख का नुकसान

**शार्ट सर्किट से लगी आग, आग लगने की तड़के सुबह हुई जानकारी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत पयागपुर के कोट बाजार में न्यू इंडिया फैशन बाजार नामक कपड़े की दुकान में आग लग गई। बुधवार सुबह चार बजे धुंआ निकलता देख लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। इससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड और पुलिस कर्मियों ने दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। पयागपुर इलाके के कोट बाजार में निजामुद्दीन न्यू इंडिया फैशन बाजार नामक कपड़े की दुकान का संचालन करते हैं। जिसमें महिला, पुरुष के साथ बच्चों के कपड़े की बिक्री करते हैं। मंगलवार देर रात को शार्ट सर्किट से आग लग गई। सुबह चार बजे धुंआ उठता देख लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। दुकान मालिक भी मौके पर पहुंचे। सभी ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। फायरकर्मी मौके पर पहुंचे। सभी ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से आग बुझाया।

तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो चुकी थी। निजामुद्दीन ने बताया कि साड़ी से लेकर महिला व पुरुष के डिजाइनर परिधान की वह बिक्री करते थे। आग लगने से 20 लाख से अधिक की संचपत्ति का नुकसान हुआ है।

# मोतीपुर में अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्राली सीज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मोतीपुर थानाक्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत पर खनन अधिकारी ने बीती रात टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी में दो ट्रैक्टर ट्राली पकडकर सीज कर मोतीपुर पुलिस के हवाले कर दिया। जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार को मोतीपुर थानाक्षेत्र के गायघाट में रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थी। ग्रामीणों की शिकायत पर खनन अधिकारी ने मंगलवार रात्रि को छापेमारी की कार्यवाही शुरू कर दी। टीम ने अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉली को दौडाकर पकड लिया।दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर मोतीपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया।खनन अधिकारी ने बताया कि खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अवैध खनन और परिवहन में लिप्त पाए गए वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कैसरगंज में ऑपरेशन सिंदूर की जीत का मनाया जश्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज में बुधवार को भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। भाजपा प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा भाजपा कार्यालय से शुरू हुई। यह पूरे नगर पंचायत में भ्रमण करते हुए वापस कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान हजारों लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। गौरव वर्मा ने कहा कि भारतीय जवानों के पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, नीरज श्रीवास्तव, सूबेद वर्मा और अरविंद सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आभा आईडी: स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का आधार : सीएमओ

▸ सीएचओ त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न

▸ महसी और फखरपुर के ब्लॉकों में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के महसी और फखरपुर ब्लॉकों में पाँचवीं बैच के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से टेली-कंसल्टेशन सेवा का लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की रिपोर्टिंग स्थिति और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। सीएमओ सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कहा, आभा आईडी स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का आधार है। उन्होंने बताया कि फखरपुर ब्लॉक में अब तक 2,61,430 के लक्ष्य के सापेक्ष 1,51,846 आभा आईडी बनाए गए हैं, जो लक्ष्य का 58.08त्न है, जबकि महसी ब्लॉक में 2,74,662 के सापेक्ष 1,40,834 आभा आईडी बने हैं, जो लक्ष्य का 51.87त्न है। उन्होंने कमजोर प्रगति वाले आरोग्य मंदिरों को निर्देशित किया कि वे कार्य में तेजी लाएं, साथ ही संबंधित सीएचओ से व्यक्तिगत स्तर पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीएमओ ने कहा कि टेलीमेडिसिन सेवाएं उन दूर-दराज़ क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रही हैं, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति कठिन होती है। माह अप्रैल में महसी में 1615 और फखरपुर में 3281 मरीजों ने इन सेवाओं का लाभ लिया।

उन्होंने अधिक से अधिक मरीजों को ई-संजीवनी पोर्टल के जरिए विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श दिलाने की सलाह दी। इनकी समयबद्ध रिपोर्टिंग से ही योजनाओं की प्रगति और कमजोरियों की पहचान हो पाती है। जिन आरोग्य मंदिरों की रिपोर्टिंग नियमित नहीं है, उन्हें जल्द चिन्हित कर सशक्त सुपरविजन की व्यवस्था की जाएगी। एनसीडी प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया, ÷अप्रैल माह में महसी में और फखरपुर में 14646 लाभार्थियों की गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। लेकिन कुछ आरोग्य मंदिरों की स्क्रीनिंग मानकों से काफी नीचे है। इन मामलों में सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में यशपाल मिश्रा डीएससीएच यूपी- टीएसयू और अवनीश मिश्रा ई-कवच समन्वयक, यूपी- टीएसयू ने सीएचओ को तकनीकी मार्गदर्शन दिया और प्रदर्शन सुधार पर केंद्रित सुझाव दिए।बैठक के समापन पर सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने कहा प्रशंसा उन्हीं की होगी जो प्रदर्शन करेंगे।

सीएचओ हमारी पहली पंक्ति के योद्धा हैं – उन्हें ज़िम्मेदारी निभानी ही होगी। जो सुधार नहीं करेंगे, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने जरवल में लगाई चौपाल

▸ वित्तीय समावेशन और बैंकिंग से जुड़ी जानकारी प्रदान की

**जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की चार शाखाओं ने जरवल ब्लॉक प्रांगण में ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में तकरीबन 200 महिलाओं और 50 पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी को वित्तीय समावेशन और बैंकिंग से जुड़ी हर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के इस दौरान ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र प्रताप सिंह और ब्लॉक के बीडीओ राहुल कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। चार शाखों के प्रतिनिधियों में जरवल रोड के वरिष्ठ प्रबंधक अनिरुद्ध चौधरी जरवल कस्बा के शाखा प्रबंधक रोहित कुमार सिंह सपसा के शाखा प्रबंधक शोभित श्रीवास्तव तथा हरचंद के शाखा प्रबंधक केपी सिंह शामिल थे। चौपाल का संचालन जरवल रोड शाखा के प्रबंधक शरद चौबे ने किया। ग्रामीणों ने इस चौपाल की काफी सराहना की। वही ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि ऐसी चौपाल ब्लॉक के हर गांव में लगाई जाए जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में जरवल शाखा प्रबंधक ने चौपाल में आए हुए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# एपीओ ने किया निरीक्षण, बोले सभी काम मनरेगा मजदूरों से कराएं

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड मिहीपुरवा के एपीओ ने अवर अभियंता के साथ ग्राम पंचायत उर्रा में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने बेहतर कार्य के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत उर्रा में अमृत सरोवर का निर्माण एक वर्ष पूर्व हुआ था। जिसके चारो तरफ झाड़ झंखाड़ उग आए। इस पर मनरेगा के तहत अमृत सरोवर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। जिसमें लगभग तीन दर्जन से अधिक मनरेगा मजदूर काम कर रहे हैं। सोमवार शाम को खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अनिल तिवारी व अवर अभियंता विवेक वर्मा निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कार्य को बारीकी से देखा। एपीओ ने कहा कि अमृत सरोवर को मॉडल सरोवर की तरह बनाएं। साथ ही उसमें अगर कमल लगा दें तो उसकी शोभा बढ़ जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों से काम होने पर लोगों को गांव में ही रोजगार मिल सकेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फिरोज खान, रोजगार सेवक अनीता आर्य, महिला मेट सरोज जायसवाल, कबूतरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव श्रम ने बालक-बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

▸ बालिका विहान विद्यालय में शिक्षा की जांची गुणवत्ता, खाया भोजन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



प्रमुख सचिव श्रम एमके शन्मुगा सुंदरम बुधवार को जिले के दौरे पर आए। उन्होंने समाजशास्त्र विभाग द्वारा संचालित बालिका और बालक विहान विद्यालय में निरीक्षण किया। इसके बाद श्रम कार्यालय और सेवायोजना कार्यालय का निरीक्षण कर स्थितियां जांची।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था से प्रमुख सचिव प्रभावित दिखे। प्रमुख सचिव श्रम एमके शन्मुगा सुंदरम के लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचने पर गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद वह चिलवरिया में संचालित बालक विहान विद्यालय का सीडीओ मुकेश चंद्र, सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी के साथ निरीक्षण किया। विद्यालय संचालन की जानकारी हासिल करने के बाद प्रमुख सचिव श्रम शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से भोजन, शिक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। कमरे में हो रही पढ़ाई का जायजा लिया। छात्राओं ने योगाभ्यास कर प्रमुख सचिव को दिखाया। इसके बाद छात्राओं ने स्वयं से बनाई विभिन्न क्राफ्ट सचिव को दिया। इसके बाद प्रमुख सचिव ने छात्राओं और शिक्षकाओं के साथ सामूहिक भोजन ग्रहण कर गुणवत्ता जांची। विद्यालय निरीक्षण के बाद प्रमुख सचिव श्रम शहर के गेंदघर मैदान में सचांलित श्रम कार्यालय का निरीक्षण किया।

श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जमीनी हकीकत देखी। मौके पर मौजूद लोगों से योजनाओं के बारे में पूछताछ की। इसके बाद वह बाईपास मार्ग स्थित सेवायोजन कार्यालय पहुंचे।

विभागीय पोर्टल पर चल रहे नामांकन और अब तक युवओं को दिए गए नौकरी के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

इस दौरान सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, एलसी सूरज तिवारी, वार्डेन प्रिया प्रसाद, श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, प्रियंका श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाचार्य प्रवक्ता व अनुचर को दी विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के महाराज सिंह इंटर कालेज में तैनात तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इस पर इंटर कालेज के अन्य शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महाराज सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्य शिवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता राम संवारे पांडेय व अनुचर राजेश पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इंटर कालेज के प्रबंधक ने दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की।कला की प्रवक्ता शिवांगी राज ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सभी ने कार्य की सराहना कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सह प्रबंधक संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य श्रवण शुक्ला, विनोद अग्रवाल व आदर्श अग्रवाल को बैज व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संचालक अरविंद वर्मा, अमरेश कुमार मिश्र, भीखूराम भारती, आनंद मोहन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# सांसद किशोरी लाल ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सिमहैंस हॉस्पिटल रायबरेली में बुधवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के पुण्य तिथि के अवसर पर निःशुल्क श्वास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर इस स्वास्थ्य शिविर को प्रारंभ किया। इस अवसर पर सिमहैंस हास्पिटल के निदेशक डा मनीष चौहान, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ सागर जैन एवं कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पी एफ टी की जांच भी निःशुल्क की गई। डा सागर जैन ने 27 मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया एवं सभी को धुम्रपान एवं नशा से दूर रहने की सलाह दी। डॉ मनीष चौहान ने बताया कि छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर जैन अब प्रत्येक रविवार को सिमहैंस हास्पिटल में अपना परामर्श प्रदान करेंगे। इस अवसर सिमहैंस हास्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित



**लालगंज रायबरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालगंज के तत्वाधान में आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुबारकपुर ग्राम सभा में किया गया। जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर हजारों लोगों ने प्रसाद स्वरूप शरबत ग्रहण किया तथा उन्हें याद करते हुए देश के प्रति उनके योगदान एवं विचारों की चर्चा गोष्ठी के माध्यम से की गई जिसमें उपस्थित सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव कमल सिंह चौहान, जिला महामंत्री प्रभारी सरेनी संतोष त्रिवेदी, जिला सचिव अजय सिंह, प्रभारी लालगंज जिला कोषाध्यक्ष अशोक आचार्य, ब्लॉक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, जिला सचिव सतीश पासवान, न्याय पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, अवधेश सिंह, रामराज यादव, विक्रम सिंह, राज नारायण यादव, राम बक्स सिंह, अवधेश कुमार सिंह एवं नगर अध्यक्ष विनोद गुप्ता के साथ भागीरथ पासवान, मन्नू शुक्ला, सत्यनारायण, हरिश्चंद्र, रुखसार, जागेश्वर कुशवाहा, पुनीत मिश्रा, रमेश, सुरेंद्र बहादुर सिंह, गजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ विनोद प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**शिवगढ़ रायबरेली।** बुधवार को भैरव मंदिर बेडारू में कांग्रेस की बैठक हुई जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई चौपाल में ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने मतदान की उम्र 18 वर्ष करने, संविधान संशोधन कर पंचायतों को अधिकार दिये कंप्यूटर क्रांति के साथ-साथ अन्य को ऐसे कार्य किया जिससे आम जनमानस को लाभ हुआ। सभा की राम किशोर मौर्य, दिनेश वर्मा, संतोष शुक्ल, दिनेश सादव, संतोष द्विवेदी, बृजेश गोस्वामी, आदि को संबोधित किया। चौपाल में मुख्यतः रामदेव पासी, अजय रावत, उमेश रावत आदि कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में लोग व महिलाएं उपस्थित रहे।

## बरगद के नीचे छाया में बैठी महिला की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र मे बरगद कि डाल गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मेहरबान सिंह का पुरवा मंजरे ज्योना गांव में बरगद के नीचे गर्मी के मौसम में छाया ले रही एक महिला पर अचानक बरगद की डाल गिर गई जिससे दबने की वजह से महिला की मौत हो गई। मेहरबान सिंह का पुरवा मंजरे ज्योना गांव के छोटे लाल पुत्र राम औतार ने चन्दापुर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरी पत्नी श्याम काली उम्र 42 वर्ष दोपहर में घर के बगल में स्थित बरगद के पेड़ के नीचे छाया में बैठी हुई थी कि तभी अचानक बरगद की एक मोटी व सूखी डाल गिरने की वजह से वह घायल हो गई घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां जहां डॉक्टरों ने मेरी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे चन्दापुर थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी तथा उनकी टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गए।

## खबरें एक नजर में

### जाकिर हुसैन नगर व प्रकाश नगर में बांटें गए डस्टबिन



**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत महराजगंज में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व सभासद नूरुल हसन सभासद धर्मेंद्र वर्मा द्वारा घर का कूड़ा करकट बाहर न फेंका जाए इसके लिए डस्टबिन बांटे जा रहे हैं सभासद नूरुल हसन ने बताया कि हमारे वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर में घर-घर जाकर डस्टबिन देने का कार्य किया जा रहा है। जिससे कि आने वाले समय में लोगों को बीमारियों से निजात मिले और नगर में स्वच्छता दिखाई पड़े। वहीं प्रकाश नगर के सभासद धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रकाश नगर वार्ड में पहुंचकर घर-घर डस्टबिन बांटने का कार्य किया जा रहा है चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू भी मौजूद रहते हैं और युद्ध स्तर पर डस्टबिन बांटने का कार्य हम सभासदों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा है इस मौके पर सभासद मुस्ताक राइनी धर्मेंद्र वर्मा नूरुल हसन यमुना प्रसाद सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### काष्ठ कला ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://diupmsme.upsdc.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो। आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

### कारोबारियों को भारी पड़ेगी मिलावटखोरी



**रायबरेली।** खाद्य पदार्थो में आदतन मिलावटखोरी अब कारोबारियों को भारी पड़ने वाली है। बार बार कार्रवाई के बाद भी अगर खाद्य पदार्थ विक्रेता मिलावट खोरी नहीं छोड़ रहा है तो उसकी तस्वीरें सार्वजनिक करते हुए चौराहों पर लगेंगी। दरअसल पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि यदि कोई खाद्य पदार्थ विक्रेता या उत्पादक बार बार कार्रवाई के बाद भी मिलावटखोरी नहीं छोड़ रहा है तो उसकी तस्वीरें चौराहों पर सार्वजानिक की जायें। इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ऐक्टिव हो गया है और आदतन मिलावटखोरों का डाटा खांगाला जा रहा है। इसी कड़ी में लखनऊ मण्डल के सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा यहां रायबरेली पहुंचे और उन्होंने मीटिंग कर ऐसे दुकानदारों और उत्पादकों को चिन्हित कर करने का निर्देश दिया है। उधर आम लोग सीएम योगी के इस फैसले को मिलावटखोरी के खिलाफ बड़ा कदम मान रहे हैं। दूसरी तरफ दुकानदार इस फैसले को उचित तो मानते हैं लेकिन उनका कहना है कि खाद्य पदार्थो की उत्पादन यूनिट के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे ऐसा सामान बाजार में पहुंचे ही नहीं।

### डीएम ने किया पीडब्लूडी द्वारा निर्मित एवं निर्माणधीन सड़कों का औचक निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील तुलसीपुर में पीडब्लूडी प्रांतीय खंड द्वारा 2 निर्मित एवं निर्माणाधीन सड़क कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम ने हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। हरैया चौधरीडीह मार्ग से संगीतपुर मार्ग के पुनर्निर्माण के पूर्ण कार्य का डीएम ने खुदाई कराकर गुणवत्ता परखी एवं निर्माण सामग्री का सैंपल कलेक्ट करा लैब में जांच कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर पुलिया निर्माण का भी निरीक्षण किया, पुलिया निर्माण में प्रयुक्त ईट की गुणवत्ता चेक कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मार्ग पर परियोजना का बोर्ड लगा न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं तत्काल परियोजना का बोर्ड लगाए जाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने नन्दमहरा- पिपरहवा- कौवापुर मार्ग के संचालित चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग की चौड़ाई की माप कराई एवं प्रोजेक्ट में लिए गए अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने साइट लैब का भी निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिया समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड, डीईएसटीओ व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### वन विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** वन रेंज सादुल्लानगर के इटई अब्दुल्ला में कुआनों नदी के गुलरिहवा घाट पर बने दशकों पुराने लकड़ी के पुल को वन विभाग ने उखाड़ दिया। इस पुल से ग्रामीण नदी पार करते थे, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई के बाद अब ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए दस किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस पुल से पांच वर्षों से अवैध वसूली की जा रही थी, जिसकी शिकायत वन विभाग से की गई थी। लेकिन वन विभाग ने अवैध वसूली पर कार्रवाई करने के बजाय पुल को ही उखाड़ दिया। वीरू मलिक, श्याम नारायण, सजीवन, आशीष, मनीष, प्रज्ञान ओझा आदि ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में पुल की नीलामी होती थी, लेकिन लगभग पांच वर्ष से पुल की नीलामी विभाग द्वारा नहीं की गई। बिना नीलामी के ही वन विभाग की मिलीभगत से कुछ स्थानीय लोग लकड़ी के पुल से नदी पार करने पर मनमाना धन वसूल करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत करने पर वन विभाग ने वसूली करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि पुल ही उखाड़ दिया। इस पुल के उखड़ने से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्हें अब नदी पार करने के लिए दस किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर काटना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और ईंधन दोनों बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान की जाए, जिससे वे आसानी से नदी पार कर सकें। रेंजर बन रेंज सादुल्लानगर वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि लकड़ी के पुल के संचालन की जानकारी नहीं थी अवध वसूली की शिकायत मिलने पर पुल उखाड़ दिया गया है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया, कार्यशाला में उन्हें शिक्षण कौशल,कक्षा प्रबंधन एवं नवीन शिक्षण तकनीक की जानकारी दी गयी। कायर्शाला में गणित शिक्षकों को होलिस्टिक करिकुलम इम्प्लीमेंटेशन ऑन एसएसटी विषय पर प्रशिक्षक मयूरिका सिंह एवं इफेक्टिव क्लासरूम मैनेजमेंट स्ट्रेटजीज विषय पर प्रशिक्षक शीश कुमार मिश्रा द्वारा व्याख्यान और नवीन तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने एवं शिक्षकों के शिक्षण कौशल को निखारने के लिए प्रति वर्ष ऐसी कायर्शालाओं का आयोजन करता है, जिससे उनके अध्यापन क्षमता व गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति होती है।

## भूमि की सार्वजनिक नीलामी 2 जून को

**रायबरेली।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि न्यायालय देय के बकायेदार जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दईरघुनाथपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 16 मई 2025 समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार नगर/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित थी, जिसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण नीलामी सम्पादित नही की जा सकी। इस प्रकार नीलामी की अग्रिम तिथि 2 जून 2025 पूर्व नियत की जाती है। निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्ते संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## डॉ. रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाई गई विद्यालय की 25वीं वर्षगांठ

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए लोगों का मनमोहन लिया। विद्यालय की पचीसवी वर्षगाठ पर आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में लोक नृत्य की भाव प्रस्तुति बेहद मनमोहक रही वहीं भक्ति पूर्ण भाव नृत्य खूब सराहे गए। बाल कलाकार के नाटक नेशनल अटैक आर्मी पर आधारित तथा मुशायरा ने खूब वाह वाहियां लूटी। वही बच्चियों पर आधारित बालविवाह ने दर्शकों की खूब तालिया बटोरी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पदम्श्री सुधा सिंह तथा अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने किया विशिष्ट अतिथि राजेश फ़ौजी प्रधान प्रतिनिधि ऐहार रहे! देर रात तक आयोजित वर्षीकोत्सव कार्यक्रम मे दर्शकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमो की सराहना किया प्रोग्राम का संचालन अनुराग बाजपेई व मीना बानो ने किया।

इस मौके पर पुष्पा बनरवाल, दिपेन्द्र गुप्ता, राम स्वरुप सोनी, राहुल सिंह भदौरिया, डाश आफ़ताब, डिम्पी तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार , जिकरा रहमान, नशरा रहमान,संध्या दीक्षित, सोनी बेगम, राजू, श्रेया बाजपेयी,आदित्य, काजल, रुची सिंह, शबा, वाशु, साधना सोनकर, सहित भारी संख्या मे बच्चे तथा अभिभावक मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों समर कैम्प शुरू, बच्चों ने की मौजमस्ती

- उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शुरु हुआ समर कैम्प, बच्चों ने बढ़-चढ़ लिया भाग, बच्चों की गतिविधियों से गर्मी भर गुलजार रहेगी विद्यालय की बगिया

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के परिषदीय इस बार गर्मियों की छुट्टी में भी गुलजार रहेंगे। बच्चों की मौजमस्ती के लिए प्राईवेट विद्यालयों की तरह ही आज जिले सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारंभ हो गया है। आज से विद्यालयों में शुरू हुए समर कैम्प में पहली बार बच्चे बिना बस्ते के ही पढ़ने के लिए विद्यालय पहुंचें और तीन घंटे तक खूब मौजमस्ती की। आज विद्यालयों में प्रातः बच्चों का रोली टीका लगाकर वेलकम कॉर्ड देकर स्वागत किया गया। इसके बाद योग के साथ ही साथ आर्ट, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की। अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में समर कैम्प का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कक्षा आठ की छात्रा हिमांशी के साथ में रिबन काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों का टीका लगाकर और गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। बच्चों के साथ में मौजमस्ती करते हुए बीईओ ने खेल खेला और संगीत भी सुना। छात्रा हिमांशी की तरफ से बनाया गया समर कैम्प के पोस्टर की खूब तारीफ की। बच्चों की मेंहदी देकर बहुत ही प्रसन्न हुई। अभिभावकों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य पढ़ाई के साथ साथ में बच्चों को पारंपरिक लोकनृत्य और कलाओं में पारंगत किया जाए। इसके साथ ही उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को भी तराशा जाएं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अभिभावक नियमित रूप से तीन घंटे के लिए अपने बच्चों को बिना कागज कलम के विद्यालय में भेजें। बच्चों को मौसमी फल, खीरा, ग्लूकोज, रसना, बिस्किट, मूंगफली दाना वाली नमकीन भी दी जाएगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शैल कुमारी, रितु चौहान, राम गोपाल, प्रेरणा, मधु, सुनीता, रामेश्वरी, शारिक अनवर, प्रवेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। ब्लॉक के पिण्डारी कला, हिलगी, नेवाजगंज, नरई सहित सभी विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया गया।

## सावधानी बरतें और लू से बचें: सीएमओ

**रायबरेली**

इन दिनों जनपद में तेज गर्मी और लू का प्रभाव लगातार बना हुआ है। लापरवाही बरतने की स्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने आमजन से लू और गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियाँ बरतने की अपील जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हीट वेव (लू) के कारण बच्चों, बुजुर्गो, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों एवं फील्ड कार्य करने वाले कर्मचारियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**लू/गर्मी से बचाव के लिए क्या करें-**

- खाली पेट घर से बाहर न निकलें। नाश्ता या भोजन अवश्य करें।
- बाहर निकलते समय सिर को गीले कपड़े से ढंकें, छाता और धूप का चश्मा पहनें।
- पानी की बोतल हमेशा साथ रखें।
- हल्के रंग के, सूती और पूरी बांह वाले कपड़े पहनें।
- खूब पानी पीकर शरीर को हाइड्रेटेड रखें, ठंडे पानी से स्नान करें।
- ताजा एवं सुपाच्य भोजन करें।
- दोपहर 12 से 3 बजे तक बाहर निकलने से बचें।
- समय-समय पर नींबू पानी, ओआरएस, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, छाछ, मट्ठा, आम पना एवं लस्सी का सेवन करें।
- पाचन सुधारने हेतु प्रोबायोटिक्स का प्रयोग करें।
- खुले, हवादार कमरों में रहें एवं घर/कार्यालय में सीधी धूप से बचाव के लिए पर्दो का प्रयोग करें।
- पशुओं को छायादार व ठंडी जगह पर रखें।

**क्या न करें-**

- बंद एवं अधिक गर्म स्थानों पर भोजन न बनाएं।
- बाहर निकलते समय तंग, छोटे और गहरे रंग के कपड़े न पहनें।
- तीव्र गर्मी में भारी शारीरिक कार्य न करें।
- शराब, एनर्जी ड्रिंक, अत्यधिक मीठे पेय, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से परहेज करें।
- बासी, अधिक प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन न करें।
- बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद गाड़ियों में अकेला न छोड़ें।
- नंगे पांव बाहर न निकलें।

**जिला स्वास्थ्य शिक्षा और सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना ने बताया हीट स्ट्रोक/लू लगने के लक्षण -**

- तेज बुखार (104°F या उससे अधिक)
- बेहोशी या कोमा की स्थिति,
- चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी,
- थकान, कमजोरी, भ्रम की स्थिति
- गाढ़ा पेशाब, मांसपेशियों और पेट में अकड़न।

ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि गर्मी से संबंधित जोखिमों को गंभीरता से लें और सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक उपाय अपनाएं। समय पर सतर्कता बरतकर हीट स्ट्रोक, हीट रैश और हीट क्रैम्प जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटें फल

**महराजगंज रायबरेली।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई। वहीं इसी कड़ी में महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर कांग्रेसियों ने मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, विधानसभा प्रभारी अखिलेश शुक्ला, भारत मिश्रा, राजेश कुमार, प्रिन्सू वैश्य, अंकुर जायसवाल, भगवानदीन फौजी, हनुमान जायसवाल, रामचंद्र सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## साधूनगर में ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगल पर भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**साधूनगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर साधूनगर स्थित स्टेट बैंक एटीएम के सामने विशाल भंडारे का आयोजन बड़े श्रद्धा-भाव से किया गया।शाम से दर रात्रि तक भंडारे स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजन और अर्चन के साथ की गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं, साधु-संतों और समाजसेवियों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति की ओर से प्रसाद वितरण, पूजन व्यवस्था और बैठने के लिए समुचित प्रबंध किए गए थे। भक्तों को प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी, हलवा समेत विभिन्न पारंपरिक व्यंजन वितरित किए गए, जिसे सभी ने श्रद्धा और प्रसन्नता के साथ ग्रहण किया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहयोग कर सेवा भावना का परिचय दिया। मंदिर समिति के सदस्य राधेश्याम गुप्ता नव बताया कि यह भंडारा हर वर्ष ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार को आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सेवा करना और धार्मिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तों ने श्री हनुमान जी से सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर रमेश गुप्ता प्रधान, पंकज कमल, नीलेश गुप्ता, नन्हा गुप्ता, जवाहर लाल मोदनवाल, अरबिंद मिश्रा, सानू, देवचंद गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सोनू गुप्ता आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न



**बलरामपुर।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस÷ का आयोजन डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में डीएम ने विगत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बधित विभागों द्वारा किये गये कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की एवं कृषक बंधुओं को अवगत कराया। बैठक में डीएम ने कृषकों से वार्ता की एवं विकासखंडवार कृषकों की शिकायतों/समस्याओं तथा सुझाव को सुना , उन्होंने कृषकों के शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने कृषकों को कृषक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं फॉर्मर आईडी की जानकारी प्रदान की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी विद्युत, कृषक बंधु व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पीएमश्री कम्पोजिट कन्या विद्यालय सादुल्लानगर में समर कैंप अयोजित

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के पी एम श्री कम्पोजिट कन्या विद्यालय सादुल्लानगर, जिगनी, सहजौरा में समर कैंप का अयोजन किया गया। समर कैम्प के अंतर्गत एक रोचक एवं शिक्षाप्रद योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग अभ्यास के साथ-साथ बच्चों को पुस्तकालय की पुस्तकों का अध्ययन कराया गया और उन्हें कहानी सुनाने एवं सुनने के लिए प्रेरित किया गया।

कैम्प के दौरान विविध प्रकार की इनडोर गेम्स, विज्ञान एवं पर्यावरण पर आधारित मजेदार खेलों का आयोजन भी किया गया। बच्चों को स्मार्ट क्लास एवं टैबलेट्स के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी प्रेरणादायक वीडियो दिखाई गई। इसके साथ ही विज्ञान एवं गणित किट्स के माध्यम से %सीखते हुए करना% (Learning by Doing) की अवधारणा को साकार किया गया। क्राफ्ट गतिविधियों में बच्चों ने चार्ट पेपर, कलर पेपर, स्केच पेन और क्रेयॉन का प्रयोग कर अपनी रचनात्मकता को उकेरा। ICT लैब की सहायता से विज्ञान और गणित की मजेदार गतिविधियाँ कराई गई। इसके साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। जहाँ-जहाँ LBD कार्यक्रम संचालित है, वहाँ उससे संबंधित गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन किया गया। बच्चों को ब्लैक एंड व्हाइट चित्रों को रंगने का कार्य देकर उनकी कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित किया गया। आनंददायक शिक्षण गतिविधियाँ, इनडोर खेल, क्राफ्ट तथा रचनात्मक कार्यो ने समर कैम्प को और भी रोमांचक बना दिया। कैम्प की विशेष बात यह रही कि वॉलंटियर्स के सहयोग से संगीत वाद्ययंत्रों का अभ्यास, कोडिंग की शुरुआती जानकारी एवं तकनीकी नवाचार जैसी विशिष्ट गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिससे बच्चों में नई ऊर्जा और रचनात्मक सोच का संचार हुआ। इस अवसर पर अनुदेशक मघई राम,अरविंद कुमार,अनीता देवी,शिक्षा मित्र दीपशिखा,जुनैद अहमद मौजूद रहे।

## ऑपरेशन असहिष्णुता

किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि वहां सभी तरह की वैचारिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। बशर्ते अभिव्यक्ति समाज में विभाजन की कारक और राष्ट्र के हितों के विरुद्ध न हो। हरियाणा में अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे विवाद के बाद की गई गिरफ्तारी ने कई सवालों को जन्म दिया है। दरअसल, प्रोफेसर अली खान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ पहलुओं को लेकर सवाल उठाए थे। यह घटनाक्रम हमें याद दिलाता है कि देश में असहमति के विचारों को कैसे देश के विरुद्ध दर्शाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस ने अपनी कार्रवाई के पक्ष में दलील दी है कि प्रोफेसर की टिप्पणी भारत की एकता को खतरे में डालने वाली है। निस्संदेह, यह घटना विचार और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को संदिग्ध रूप में दर्शाने का उपक्रम नजर आता है। यह स्पष्ट है कि प्रोफेसर महमूदाबाद की आवाज कोई सतही टिप्पणी नहीं है। वे एक सम्मानित अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श में सक्रिय रहने वाले बुद्धिजीवी हैं। जिन्हें भारत के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने के बारे में सुविचारित विचारशील जुड़ाव के लिये जाना जाता है। उनकी टिप्पणी भले ही कितनी भी आलोचनात्मक क्यों न हो, उसे राष्ट्रीय एकता के लिये खतरे के रूप में चित्रित करना एक अतिशयोक्ति ही कही जाएगी। निश्चित रूप से इस मामले में पुलिस की कार्रवाई एक ऐसी अस्वीकार्य मिसाल है, जो कालांतर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण ही करती है। प्राचीन काल से ही हमारे विश्वविद्यालय रचनात्मक बहस के लिये उपयुक्त स्थान के रूप में जाने जाते रहे हैं। जहां राज्य की निगरानी के जरिये हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं होती थी। सवाल इस घटनाक्रम के समय व संदर्भ को लेकर भी उठाए जा रहे हैं। निश्चित रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर', एक ऐसा अभियान था, जिसे व्यापक सार्वजनिक जनसमर्थन और मीडिया कवरेज मिली। सही मायने में एक परिपक्व लोकतंत्र में किसी भी आलोचना को सहज भाव से लिया जाना चाहिए। निःसंदेह, स्वतंत्र वैचारिक अभिव्यक्ति पर सवाल खड़े करना और उसे दंडात्मक कार्रवाई के जरिये दबाने का प्रयास अस्वीकार्य ही है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी किसी सत्ताधारी व्यवस्था की मर्जी से दिए गए विशेषाधिकार नहीं है, ये संवैधानिक गारंटी हैं। यह सुखद ही है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रोफेसर महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने के लिये सहमति दे दी है। जो इस मामले में एक उम्मीद की किरण कही जा सकती है। लेकिन सार्वजनिक जीवन में अपमान के बाद राहत के लिये कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जूझना व्यक्ति के लिये कष्टदायक ही है। यह सही समय है कि हमारी संस्थाएं देशभक्ति को अंध आज्ञाकारिता के रूप में परिभाषित न करें। सही मायनों में सच्ची देशभक्ति सवाल करने, विचार करने और यहां तक कि असहमति जताने की क्षमता में निहित है। जिसको लेकर सलाखों के पीछे डालने का भय नहीं होना चाहिए। सही मायनों में एक ट्वीट पर एक प्रोफेसर की गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा नहीं करती बल्कि यह केवल राष्ट्रीय असुरक्षा को ही उजागर करती है। यही वजह है कि देश की कई चर्चित हस्तियों व राजनेताओं ने प्रोफेसर अली के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने उन आक्षेपों को खारिज किया है जिनमें उनकी पोस्ट को महिला विरोधी और धार्मिक द्वेष फैलाने वाला बताया गया। उन्होंने सवाल उठाये हैं कि उनकी टिप्पणी कैसे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिये चुनौती है। वे मानते हैं कि पहले मध्य प्रदेश के उस मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिसने वास्तव में कर्नल सोफिया के विरुद्ध नकारात्मक टिप्पणी की थी। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होना कई सवालों को जन्म देता है। लेखक व कुछ प्रोफेसर हरियाणा पुलिस की तत्काल कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि असली लोकतंत्र वही होता है जहां स्वतंत्र अभिव्यक्ति के रास्ते बंद नहीं होते। बुद्धिजीवी, शिक्षा व लेखक बिरादरी के लोग अशोका यूनिवर्सिटी से आग्रह कर रहे हैं कि वह अपने प्रोफेसर को संबल दे।

# ऑपरेशन सिंदूर : भारत की ताकत और विपक्ष की राजनीति का नया द्वंद्व



अजय कुमार

ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का एक सशक्त प्रतीक बन चुका है। इस ऑपरेशन ने न केवल सीमाओं पर बैठे दुश्मनों को सीधा संदेश दिया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की स्थिति को मजबूत किया है। देशभर में इस ऑपरेशन की सराहना हो रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से लेकर कई बड़े देशों ने भारत के इस साहसी कदम की प्रशंसा की है। लेकिन देश के भीतर एक अजीब सा राजनीतिक संघर्ष भी शुरू हो गया है। जिस समय जनता एकजुट होकर सेना के पराक्रम पर गर्व कर रही है, उसी समय प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस इस ऑपरेशन पर सवाल उठाकर खुद को कठघरे में खड़ा कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह सरकार से यह पूछा कि कितने फाइटर प्लेन गिरे, यह सवाल वाजिब होते हुए भी एक गलत समय पर उठाया गया। जब देश युद्ध की स्थिति में होता है, तब जवाबदेही का मतलब समर्थन होता है, न कि सवालों की बौछार। राहुल गांधी का यह बयान कि सच जानना हमारा हक है अपने आप में सही है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि सेना के मनोबल को ऐसे समय में ठेस न पहुंचे। एयर मार्शल एके भारती ने साफ कहा है कि हम युद्ध की स्थिति में हैं और इसमें नुकसान भी होता है, लेकिन क्या हमने अपने लक्ष्य हासिल किए? जवाब है हां। तो जब सेना खुद कह रही है कि उन्होंने मिशन को सफलता से पूरा किया है, तो सवाल पूछने की टाइमिंग पर बहस तो होगी ही। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को 'मुखबिर' कहने का आरोप और भी गंभीर है। कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और पवन खेड़ा ने यह दावा किया कि जयशंकर ने ऑपरेशन से पहले पाकिस्तान को सूचना दे दी, जिससे आतंकवादी बच निकले। इस दावे के पीछे जयशंकर का वह बयान है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट किया कि हमला आतंकवादियों पर होगा, न कि पाकिस्तानी सेना पर। यह बयान युद्ध को टालने और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन जुटाने की कूटनीतिक कोशिश थी, लेकिन विपक्ष ने इसे एक तरह से देशद्रोह करार दे दिया। क्या यह उचित है कि एक वैश्विक कूटनीति को इस तरह राजनीति का विषय बना दिया जाए? राहुल गांधी की यह बात कि अगर पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी तो मसूद अजहर के घर के दस से ज्यादा लोग मारे कैसे गए? अपने आप में कांग्रेस के आरोपों को खारिज करने के लिए काफी है। यह साफ संकेत है कि भारत ने एक तरफ आतंकियों को मार गिराया, वहीं पाकिस्तान की सेना से सीधी भिड़ंत से बचकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को मजबूत किया। इस रणनीति को कोई समझे या न समझे, पर इसे मुखबिरी कहना न केवल बचकाना है बल्कि खतरनाक भी। इस पूरे ऑपरेशन पर जो राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ है, वह अब बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों का मुख्य मुद्दा बनता जा रहा है। भाजपा इस ऑपरेशन को राष्ट्रवादी अभियान के रूप में पेश कर रही है, तो वहीं कांग्रेस इसे बीजेपी द्वारा राष्ट्रवाद के नाम पर 'राजनीतिक सौदा' बता रही है। कांग्रेस द्वारा 'सिंदूर का सौदागर' जैसे शब्दों का इस्तेमाल यह बताता है कि राजनीति का स्तर किस दिशा में जा रहा है। क्या यह वही पार्टी है जिसने सर्वदलीय बैठक में सरकार को पूरा समर्थन देने का वादा किया था? 8 मई 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ कहा था कि इस संकट की घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। लेकिन ठीक एक हफ्ते बाद कांग्रेस नेताओं के सुर बदल गए। अब सवाल उठ रहा है कि कांग्रेस की उस प्रतिबद्धता का क्या हुआ? दरअसल, कांग्रेस की रणनीति अब जय हिंद सभाओं के जरिए भाजपा पर हमला करने की है। 20 से 30 मई के बीच देशभर में कांग्रेस ऐसी सभाएं आयोजित कर रही है जिसमें यह बताया जाएगा कि कैसे बीजेपी राष्ट्रीय सुरक्षा का राजनीतिकरण कर रही है। लेकिन जनता यह सवाल भी पूछ रही है कि क्या यह सभाएं सेना के मनोबल के खिलाफ नहीं जा रही हैं? क्या इन सभाओं का मकसद राष्ट्रवाद की भावना को चोट पहुंचाना नहीं है? भारत में विपक्ष की भूमिका बहुत अहम होती है। लोकतंत्र में यह विपक्ष की जिम्मेदारी होती है कि वह सरकार को जवाबदेह बनाए, गलतियों की ओर ध्यान दिलाए। लेकिन जब देश युद्ध की स्थिति में होता है, तब आलोचना और समर्थन के बीच की रेखा बहुत महीन हो जाती है। यही वजह है कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक के समय कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने आरंभिक रूप से सरकार का समर्थन किया था, लेकिन जैसे ही चुनावी राजनीति आई, उन्होंने मोर्चा बदल लिया। इस बार भी कुछ वैसा ही हो रहा है।




**सेना के लिए सबसे बड़ा हथियार होता है जनता का समर्थन। अगर देश की जनता एकजुट होकर अपने जवानों के पीछे खड़ी हो तो सेना का मनोबल ऊँचा रहता है। लेकिन जब देश के भीतर से ही विपक्ष इस तरह के सवाल उठाकर सेना की नीतियों पर संदेह करता है, तो यह सवाल जरूर उठता है कि क्या यह आलोचना है या राजनीतिक हथियार? कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह सिंदूर का सौदागर जैसे शब्दों का प्रयोग किया है, वह भारतीय राजनीति की भाषा के स्तर को गिराता है। यह वही कांग्रेस है जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कभी मौत का सौदागर कहा था। अब सिंदूर का सौदागर कहकर बीजेपी को यह जताया जा रहा है कि वह देशभक्ति को बेचना चाहती है। लेकिन सवाल यह है कि अगर बीजेपी राष्ट्रवाद को बेच रही है, तो उसे खरीद कौन रहा है? क्या जनता इतनी भोली है कि वह राष्ट्रवाद के नाम पर सब कुछ भूल जाती है? आज जब ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियानों के जरिए भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा ले रहा है, तो क्या विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह इन प्रयासों का समर्थन करे? आलोचना जरूर होनी चाहिए लेकिन समय देखकर, मंच देखकर और शब्दों को मापकर। आज भारत का आम नागरिक यह पूछ रहा है कि जब देश युद्ध के मुहाने पर खड़ा हो, तब विपक्ष क्यों एकजुट नहीं हो सकता क्या राजनीति इतनी जरूरी हो गई है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी ऊपर हो जाए?**

राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों में यह भी शामिल था कि भारत के कितने फाइटर प्लेन गिरे। तकनीकी रूप से देखा जाए तो यह सवाल उचित हो सकता है, लेकिन इस सवाल का समय और मंच गलत है। युद्ध के समय इस तरह के सवालों से दुश्मन देश को ही लाभ होता है। पाकिस्तान की संसद में बिलावल भुट्टो ने कहा कि भारत ने रात के अंधेरे में हमला किया और इसे कायरता करार दिया। जब पाकिस्तान की सरकार भारत को कायर बता रही है और भारत का विपक्ष कह रहा है कि भारत ने हमला बताकर किया, तो क्या इससे भारत की छवि को नुकसान नहीं होता? सेना के लिए सबसे बड़ा हथियार होता है जनता का समर्थन। अगर देश की जनता एकजुट होकर अपने जवानों के पीछे खड़ी हो तो सेना का मनोबल ऊँचा रहता है। लेकिन जब देश के भीतर से ही विपक्ष इस तरह के सवाल उठाकर सेना की नीतियों पर संदेह करता है, तो यह सवाल जरूर उठता है कि क्या यह आलोचना है या राजनीतिक हथियार? कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह सिंदूर का सौदागर जैसे शब्दों का प्रयोग किया है, वह भारतीय राजनीति की भाषा के स्तर को गिराता है। यह वही कांग्रेस है जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कभी मौत का सौदागर कहा था। अब सिंदूर का सौदागर कहकर बीजेपी को यह जताया जा रहा है कि वह देशभक्ति को बेचना चाहती है। लेकिन सवाल यह है कि अगर बीजेपी राष्ट्रवाद को बेच रही है, तो उसे खरीद कौन रहा है? क्या जनता इतनी भोली है कि वह राष्ट्रवाद के नाम पर सब कुछ भूल जाती है? आज जब ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य अभियानों के जरिए भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा ले रहा है, तो क्या विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह इन प्रयासों का समर्थन करे? आलोचना जरूर होनी चाहिए लेकिन समय देखकर, मंच देखकर और शब्दों को मापकर। आज भारत का आम नागरिक यह पूछ रहा है कि जब देश युद्ध के मुहाने पर खड़ा हो, तब विपक्ष क्यों एकजुट नहीं हो सकता क्या राजनीति इतनी जरूरी हो गई है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी ऊपर हो जाए? भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां सवाल पूछने की आजादी सबको है। लेकिन सवाल वही पूछे जाते हैं जो जरूरी हों, और समय वही चुना जाता है जो उचित हो। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस की बदली हुई रणनीति और तीखे आरोप न केवल उसकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहे हैं, बल्कि देश की एकता और अखंडता के लिए भी खतरे की घंटी हैं। जनता सब देख रही है, और आने वाले चुनावों में इसका जवाब जरूर देगी।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

## विचार

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट



अतुल गोयल



**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई, विशेष**

मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।

दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है।

परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। ये पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

**(लेखक, न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर हैं।)**

साहित्य

## मेरी खुशी में आए हैं..!



**संजय एम तराणेकर**

मुझे खुशी है आप मेरी खुशी में आए हैं,
महका दिया चमन मेरी गली में आए हैं।

सोचा न था कभी खुशबू साथ में लाए हैं,
बहारों को क्यों घर पर छोड़कर आए हैं।

मोहब्बत हमसे भी है मेरे दर पर आए हैं,
लूट न जाना महफिल अरमान से पाए हैं।

जख्मों को कुरेद न जाना मरहम लगाए हैं,
मुश्किल से भरे ज़माना तोहमत लगाए हैं।

आज-कल दिन में काली घटा के साए हैं,
रोकों किसी का घर बर्बाद करने आए हैं।





## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डॉ. नार्लीकर का निधन

मशहूर खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डॉ. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डॉ. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाएं भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं।

नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है। धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़ है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी भी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है।



लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है। इस निराशाजनक माहौल को सुधारा जा सकता है, बशर्ते हमारे बीच जयंत विष्णु नार्लीकर जैसे वैज्ञानिक, विज्ञान शिक्षक और लेखक हों। एक वक्त में डॉ. नार्लीकर के अंग्रेजी लेखों के हिन्दी अनुवाद देशबन्धु में प्रकाशित होते थे। डॉ. नार्लीकर बेहद सरल भाषा में खगोल विज्ञान और जटिल वैज्ञानिक जानकारी को समझाते थे। किसी कठिन कार्य के लिए प्रचलित मुहावरा है कि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन देखा जाए तो डा. नार्लीकर ने रॉकेट साइंस को ही आसान बनाकर लोगों तक पहुंचाया था। जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में उत्कृष्टता पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे, उस दौर में डॉ. नार्लीकर ने विज्ञान के तथ्यों को बहुत सरल और रोचक अंदाज में पेश किया। दूरदर्शन पर प्रसारित ब्रह्मांड नामक शो के माध्यम से नार्लीकर ने बच्चों को रॉकेट और अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया। 80 और 90 के दशक के बच्चे अगर चांद और मंगल को लेकर उत्सुक हुए, विज्ञान में उनकी रूचि जगी या वैज्ञानिक बनने के बारे में वे सोच पाए तो इसका बड़ा श्रेय जयंत नार्लीकर को भी जाता है। जिनकी किताबों और व्याख्यानों को विज्ञान को बोझिल विषय से रोचक विषय बना दिया। वैसे तो साहित्य और विज्ञान अलग-अलग क्षेत्र माने जाते हैं। विज्ञान कथाएं लिखने वाले लोग भारतीय भाषा के साहित्य में अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। जयंत विष्णु नार्लीकर उन्हीं में से एक थे। डॉ. नार्लीकर की कई कहानियां लोकप्रिय हुईं। अंतरिक्ष में विस्फोट और वायरस नाम के दो उपन्यास उन्होंने मराठी में लिखे। अंतरिक्ष में विस्फोट में अतीत में अंतरिक्ष में घटी घटना, वर्तमान और भविष्य में धरती को बचाने का रोचक वर्णन है। इसी तररह वायरस में अंतरिक्ष के दूसरे ग्रहों से पृथ्वी के कंप्यूटर्स को खराब करने की कोशिश और वैज्ञानिकों द्वारा उसे बचाने का रोचक कथानक है। एनसीईआरटी ने 11वीं के पाठ्यक्रम में द एडवेंचर नाम की कहानी रखी थी। डा. नार्लीकर की इस कहानी में प्रोफेसर गंगाधरपंत गायतोंडे की समय-यात्रा को बताया गया है, जिसमें वे अतीत में जाते हैं और खुद को ऐसे मुंबई शहर में पाते हैं, जो मौजूदा मुंबई से काफी अलग है। द एडवेंचर जैसे ही विषय पर हॉलीवुड में बैक टू द फ्यूचर जैसी फिल्म भी बनी है। डॉ. नार्लीकर की विज्ञान कथाएं कोरी फंतासी नहीं होती, बल्कि उनमें विज्ञान की परतों को तथ्यों के साथ खोलने की कोशिश दिखाई देती है। वे बताते हैं कि हमारी असलियत ही इस ब्रह्मांड का एकमात्र सच नहीं है, इसके अलावा भी अन्य कई वास्तविकताएं हैं, जिन्हें समझने की कोशिश हमें करना चाहिए। पद्म विभूषण, पद्म भूषण, महाराष्ट्र भूषण, संरा का कलिंग पुरस्कार जैसे कई सम्मान और अवार्ड डा. नार्लीकर के नाम हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा लेकर 1972 में वापस भारत लौटे डा. नार्लीकल ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) में खगोल विज्ञान विभाग के प्रमुख का पद संभाला। 1988 में इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आयुका) संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर बने। इसी साल यूजीसी ने डॉ. नार्लीकर को अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र के संस्थापक निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वे सेवानिवृत्ति तक बने रहे। फ्रेंड होयल के साथ डॉ. नार्लीकर ने होयल-नार्लीकर थ्योरी ऑफग्रैविटी विज्ञान जगत को दी, जिसकी दुनिया भर में चर्चा होती है। देश में वैज्ञानिक चेतना को बढ़ाने और खासकर बच्चों में विज्ञान के लिए रुचि पैदा करने से डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर को सही मायने में श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आयोग के सदस्य की बैठक में न आने पर जिले के सभी ईओ की शिकायत शासन से

- सदस्य ने नाराजगी जताते हुये अफसरों को लगायी फटकार, नगर पालिका व नगर पंचायतों का किया दौरा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं अपना दल के नेता रमेश चन्द कुंडे ने बुधवार को अफसरो की बुलायी बैठक में नगर पालिका व नगर पंचायत के सभी अधिशासी अधिकारी(ईओ) गायब रहे यही एकाध अधिकारियों को छोड़कर कोई अधिकारी नही आया इसपर सदस्य ने शासन को पत्र लिखकर कार्यवाही की मागं की है। जानकारी के मुताबिक एससीएसटी आयोग के सदस्य का प्रोटोकाल जारी होने के कारण नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में सफाई कर्मियो व अन्य कर्मियों की बैठकर उनकी परेशानी व शासन से माग को लेकर हर माह बैठक की जाती है। इसी को लेकर आज आयोग के सदस्य ने सभी अधिकारियों की बैटक बुलायी थी। मगर मौके पर एक भी ईओ नही आया जिससे समीक्षा बैंठक नही हो पायी है, श्री कुंडे ने बताया कि इस मामले की शिकायत वह सीधे मुख्यमंत्री से करेगे। इसकेबाद आयोग के सदस्य नगर पंचायत सुमेरपुर व नगर पालिका मौदहा जाकर नगर पालिका के सफाई कर्मियो से मिलकर हाल चाल पूछा। एक प्रश्न के उत्तर में आयोग के सदस्य ने कहा कि सफाई कर्मियों को हर सीजन में साफ सफाई करने के लिये शासन से किट मिलती है मगर कोई सफाई कर्मी जब शिकायत करेगा तो इसमा मले में जबाव तलब करेंगे। श्रम राज्य मंत्री मन्नूलाल कोरी के लडके के साथ संतोद्वारा की गयी अभद्रता के मामले में राज्यमंत्री ने बताया कि वीडीयो फर्जी भी हो सकते है मगर उनके पास जब इस प्रकार की कोई शिकायत होगी तो कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपनादल एस के ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत, तहसीलदार सरीला राठ मोदहा, डिप्टी सीएमओ, ऋषि विभाग, ज़िला पूर्ति विभाग, पंचायत राज विभाग, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीजी हेल्थ से शिकायत करने के बाद सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ को बैठक में भेजा

**हमीरपुर।** एससी एसटी आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री के बुलाने के बाद भी सीएमओ डा गीतम सिंह बैठक में नहीं पहुचे, लिहाजा आयोग के सदस्य ने डीजी हेल्थ से बात कर सीएमओ की शिकायत की इसके बाद सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ को बैठक में भेजा, जो चर्चा का विषय बना रहा। सीएमओ के न आने से लोगो की समस्याओं की चर्चा नहीं हो पायी है। बताया जाता है कि सीएमओ ज्यादातर उच्चाधिकारियों की बैठक मे नहीं जाते है।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य का किया निर्धारण

**राठ(हमीरपुर)।** जय जवान जय किसान संगठन के अध्यक्ष गुलाब सिंह बताया कि सरकार द्वारा किसानों को उत्पादन लागत के ऊपर कम से कम 50 फीसदी खरीफ में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण किया है। अरहर खरीद केंद्र न खुलने के कारण किसान 10 से 15 फीसदी कम दरों पर व्यापारियों को फसल बेंचने पर मजबूर है। जिससे एमएसपी का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। 2024 में अरहर का रेट 11500 प्रति कुंतल था तथा सरकार द्वारा किसानों को अरहर उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। ज्ञापन के दौरान अशोक कुमार राजपूत, केशव प्रसाद लोधी, रामेंद्र सिंह, अयोध्या प्रसाद कुशवाहा, आत्म प्रकाश द्विवेदी, नीरज कुमार शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट से किशोरी झुलसी

**मौदहा, हमीरपुर।** कूलर के करंट से एक किशोरी घायल हो गई आनन-फानन परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।जानकारी के अनुसार इंगोहटा गांव निवासी शिल्पी 19 पुत्री गनेशा बुधवार को घर की सफाई के दौरान कुलर सिस्काते समय करंट की चपेट में आ गई परिजनों ने आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया इलाज जारी है।

### खेत में फांसी लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या, परिवार में छाया मातम

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा में एक 16 वर्षीय किशोरी ने अज्ञात कारणों के चलते खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी होते ही आनन-फानन में किशोरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोरी के पिता गेंदालाल ने बताया कि बुधवार को उसकी पुत्री रोशनी शौच के बहाने डेरा से कुछ दूर गई थी और वहीं पर एक पेड़ के नीचे बैठी हुई थी सभी ने उसे घर चलने को लेकिन वह नहीं आई करीब 11बजे बच्चों ने बताया कि वह पेड़ से लटक रही है वह दौड़ कर गया तो सांस चल रही थी आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया चर्चा है कि फोन द्वारा बात करने से मना करने पर किशोरी ने यह कदम उठाया है और फांसी लगाने से पहले उसने मोबाइल का सिम तोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### चालक की मृत्यु पर डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** तीन दिन पहले पनवाड़ी मार्ग पर बसेला गांव के पास दो ट्रकों की भीषण भिड़ंत हो गई थी। जिसमें इलाज दौरान ट्रक चालक की मौत हो गई है। मृतक के पिता ने डीसीएम चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर नगर के घाटमपुर थाने जहांगीराबाद निवासी राजा हुसैन ने बताया कि 20 वर्षीय पुत्र मुराद हुसैन ट्रक ड्राइवर था। रविवार को वह पनवाड़ी में गिट्टी भरने जा रहा था। गलत साइड से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पुत्र मुराद हुसैन बुरी तरह घायल हो गए। सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से कानपुर रेफर किया गया है। हैलट में पुत्र मुराद हुसैन ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। दूसरे डीसीएम चालक अलीगढ़ निवासी पंकज बुरी तरह घायल हुआ था। वह पशु आहार लेकर अलीगढ़ जा रहा था। मृतक के पिता ने मझगवां थाने में डीसीएम चालक के के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### कलश यात्रा निकाल भागवत कथा का बताया महत्व

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम छानी में शिवालय मन्दिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भगवत में बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली इसके बाद कथा वाचक पण्डित राघवेंद्र तिवारी ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता हैए जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त कियाए वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। पण् तिवारी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता हैए भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेदए उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। इस मौके दयाराम पालए तांती पालए विवेक पालए सुशील सिंह अरविन्द सिंह सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।

### सही दिशा बताने के बाद चालकों को शीतल जल पिलाया

**राठ(हमीरपुर)।** पनवाड़ी मार्ग के गिरवर मोड़ के पास हो रहे हादसों को रोकने के लिए चार गांव के प्रधानों सहित ग्रामीणों ने गलत दिशा से आ रहे वाहनों को सही दिशा दिखाई और ठंडा पेयजल पिलाया। बता दें तीन दिन पहले डीसीएम-ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई है।मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे मझगवां थाने के गिरवर गांव के पास गलत दिशा से भारी वाहनों का आवागमन होता है। जिससे आए दिन गंभीर हादसे होते हैं। इस और प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। हादसों को रोकने के लिए बुधवार शाम को ज्ञानस्वरूप गिरवर प्रधानए धर्म सिंह बसेला प्रधानए हरनारायण श्रीवास सैदपुर प्रधानए रोहित राजपूत कुल्हैंडा प्रधान सहित कांशीराम राकेशए रामजीवन राजवीर रविन्द्र देवीशरण कुलदीप जीतेन्द्र राजपूत सुरेश राजपूत सहित दर्जनों ग्रामीणों ने गिरवर मोड पर गलत दिशा से आ रहे भारी वाहनों को रोका और उन्हें सही दिशा में चलने की बात कही। बताया कि गलत दिशा में चलने से हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों की पहल पर ट्रक अपनी दिशा में पहुंचे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौत, चालक फरार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा झंझरिया डेरा में मंगलवार को खेत की मेड़ बनाते समय एक 4 वर्षीय मासूम बालक ट्रैक्टर की चपेट में आ गयाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मासूम की मौत से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। जानकारी के अनुसारए मृतक आयुष (4) पुत्र जयनरायन निषाद गांव के किनारे तालाब के पास अपने साथियों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान पचखुरा बुजुर्ग निवासी बबलू भदौरिया का पुत्र गांव के जगरूप सिंह के खेत में ट्रैक्टर से समतलीकरण कर रहा था। खेलते समय मासूम आयुष ट्रैक्टर के करहा की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया चर्चा यह भी है कि चालक ने मासूम को मिट्टी में दबा दिया किंतु बच्चों के शोर मचाने पर वह वहां से भाग निकला सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में आयुष को सदर अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि आयुष तीन भाइयों में मंझला था। पिता जयनरायन मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं जिन्हें घटना की सूचना देकर गांव बुलाया गया है। मां उमाकांती और भाइयों नितेश व आर्यन का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विवाहिता की मौत, पीएम कराया

**मौदहा, हमीरपुर।** बीमारी के कारण एक विवाहिता की मौत हो गई मौत का कारण जानने के लिए मायके पक्ष ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई कोतवाली प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अरतरा निवासी अनसुइया 45 वर्ष पत्नी मुखिया का बीमारी के चलते मौत हो गई महिला के कोई संतान नहीं थी मृतका के पति मुखिया ने बताया की श्वास का मारीज होने पर बीती रात पत्नी की मौत हो गई। मृतका के भाई राम महेंद्र टेढ़ा निवासी ने मौत के कारणो पर शंका का व्यक्त करते हुए कोतवाली पुलिस से जांच करने की मांग किया कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की मृतका के भाई के मांग के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मलिन बस्तियों के विकास के लिये शासन ने दिया एक करोड़ 21 लाख का बजट

- कार्यदायी संस्था को दियो गये आवश्यक दिशा-निर्देश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अविकसित मलिन वस्तियों के विकास के लिये शासन ने एक करोड 21 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि जारी की है। संबंधित मलिन वस्तियों में इस बजट से नाली खडंजा व अन्य विकास कार्य किये जायेगे। जानकारी के मुताबिक जिले में नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में मलिन बस्तियों का चिहांकन पहले ही कर लिया जाता है, जिसमे मुख्यमंत्री नगरीय अविकसित मलिन वस्ती विकास योजना के तहत विकास कार्य कराये जाने का आदेश शासन ने दिया है। कार्यदायी संस्था जिला विकास नगरीय विकास अभिकरण को जिम्मेदारी दी गयी है। शासन ने कहा है कि सेंटेज चार्ज काटकर कुल धनराशि का 112 लाख 11 हजार पांच सौ रुपये से विकास कार्य कराया जायेगा। हालाकि इसके पहले भी कई मलिन वस्तियों में विकास कार्य कराये गये है। मगर ज्यादातर मलिन वस्तियों के हाल वही है। बजट कहा खर्च होगा किसने खर्च किया इस मामले में कोई भी मुह खोलने को तैयार नही है। शासन ने इसके लिये डूडा को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये है।

## जांच रिपोर्ट तीन माह बाद भी न जाने पर शासन ने जतायी नाराजगी

**हमीरपुर।** सरीला ब्लाक के बेदा डाडा खदान में अवैध खनन करने के मामले में शासन ने जांच कर रिपोर्ट खनिज विभाग से मागी थी मगर तीन माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी जांच रिपोर्ट न देने पर शासन ने नाराजगी जाहिर की है। शासन का कहना है कि खदान के अवैध खनन को लेकर ग्रामीणो ने सात फरवरी को शिकायत की थी जिसके लिये जांच कर रिपोर्ट भेजने को कहा गया था मगर आज तक रिपोर्ट नही भेजी गयी है। जिससे जवाब नही दिया गया है। शीघ्र ही रिपोर्ट देने का कहा है। इसी प्रकार अन्य खदानों की जांच रिपोर्ट शासन को नही भेजी गयी है।

## जन सुनवाई में जिला आठवें स्थान पर, मौदहा तहसील सबसे फिसड्डी, शासन ने मांगा जवाब

**हमीरपुर।** जन सुनवाई समाधान योजना हमीरपुर जिले के रैन्किंग आठवे स्थान पर पहुच गयी है इसमें सबसे ज्यादा लापरवाही मौदहा तहसील की आयी है,शासन ने इस मामले में संवंधित एसडीएम से जवाब तलब करने का कहा गया है। जानकारी के मुताबिक शासन ने शिकायतों को आधार पर गुणवत्तापूर्वक शिकायते निपटाने व शीघ्र निस्तारण करने के बाद रैकिंग की समीक्षा की जाती है मगर मार्च माह में शासन ने हमीरपुर जिले को आठवे नंबर पर स्थान आने पर प्रशासन में चिंता की लकीरे देखी जा रहीहै। शासन के सचिव भानुचंद्र गोस्वामी ने कहा है कि इस मामले में एसडीएम से जवाब तलब कर रिपोर्ट भेजी जाये, हालाकि एसडीएम मौदहा का कहना है कि शिकायते सभी निस्तारित कर दी गयी है। जो अब लंवित नही है। इस मामले मे डीएम ने एडीएम को जांच कर कार्यवाही करने को कहा है।

## नगर पंचायत सुमेरपुर को शासन ने उच्चीकृत करने को दी अनुमति, रिपोर्ट मांगी

**हमीरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर को उच्चीकृत करने के मामले में शासन ने डीएम से रिपोर्ट मांगी है। नगर पंचायत सुमेरपुर के अध्यक्ष ने धीरेंद्र शिवहरे में नगर पंचायत को पुर्नगठित करते हुये शासन से उच्चीकृत करने को कहा था शासन ने इस मामले को स्वीकार करते हुये जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है, जिलाधिकारी ने इस मामले की रिपोर्ट भेजनी कीजिम्मेदारी एडीएम को सौप दी है। बताया जाता है कि उच्चीकृत हो जाने के बाद नगर पंचायत का एरिया बढ़ जायेगा और बजट भी ज्यादा आयेगा।

## अभियान चला अतिक्रमण हटाया



**राठ(हमीरपुर)।** मंगलवार की शाम उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने अतिक्रमण अभियान चलाया। टीम की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने उरई रोड व बाराखंबा चौराहे पर फैले अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटवाया। इस दौरान एसडीएम ने नालों के ऊपर किए अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना वसूला। एसडीएम दोबारा अतिक्रमण करने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जेसीबी मशीन से सड़क किनारे नाले पर लगे टीन छप्पर को हटवाया गया। इस दौरान नगर पालिका ईओ राजेश सिंहए वरिष्ठ लिपिक विजय कुमारए हसनए मोहित शर्मा जोंटी सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रहीं।

# दिनदहाड़े अधिवक्ता से टप्पेबाजी कर फरार हुआ शातिर, जांच में जुटी पुलिस

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




शहर कोतवाली से चंद कदम दूरी पर आल्हा चौक के पास उस समय हड़कंप मच गया जब ई-रिक्शा में सवार एक अधिवक्ता के साथ टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देकर एक शातिर टप्पेबाज मौके से फरार हो गया। यह घटना मंगलवार को उस वक्त हुई जब पीड़ित अधिवक्ता सदर तहसील की ओर ई-रिक्शा से जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बीच रास्ते में ई-रिक्शा रोककर एक अज्ञात व्यक्ति उसमें सवार हुआ। ई-रिक्शा ने जैसे ही दो सौ मीटर की दूरी तय की, टप्पेबाज ने शातिर तरीके से अधिवक्ता से करीब 50 हजार का समान ठग लिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले के खुलासे के लिए तीन अलग अलग टीमों का गठन किया गया है। कोतवाली नगर में प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर टप्पेबाज को गिरफ्तार किया जाएगा। शहर में दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोग दहशत में है।

## शनि महोत्सव में अमर तिलकधारी टीम आयेगी

**जालौन (उरई)।** आगामी 27 मई (ज्येष्ठ अमावस्या) को ग्राम गूढ़ा स्थित शनि धाम में शनि महोत्सव का आयोजन भव्य और आकर्षक रूप में किया जाएगा। इस अवसर पर पहली बार कानपुर से आई अमर तिलकधारी की टीम द्वारा देवी-देवताओं की भव्य झांकियों का मंचन रात्रि जागरण के दौरान किया जाएगा। मंदिर के महंत बृजेश महाराज ने बताया कि शनि धाम पर निरंतर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं। फ़रवरी माह में शनि स्थापना दिवस और ज्येष्ठ अमावस्या को शनि जन्मोत्सव के अवसर पर हवन, पूजन, भंडारा एवं भागवत कथा आदि कार्यक्रम प्रतिवर्ष किए जाते हैं। बताया कि इस वर्ष का शनि महोत्सव विशेष रहेगा, क्योंकि इसमें रात्रि जागरण में देवी-देवताओं की भव्य झांकियों का आयोजन पहली बार किया जा रहा है, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस आयोजन को अंतिम रूप देने के लिए शनि भक्तों की टीम दिन-रात जुटी हुई है।

## लापरवाही पर 2 विद्युत संविदा कर्मचारियों पर गिरी गाज, हटाने की प्रक्रिया शुरू

**उरई (जालौन)।** जनपद में बिजली विभाग में लगातार लापरवाही बरतने वाले 2 संविदा कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने उन्हें हटाने के लिए संबंधित कंपनी को पत्र भेजा है। इसमें प्रमुख रूप से उदय प्रताप और वीर सिंह के नाम शामिल हैं, जिनके खिलाफ एसडीओ द्वारा अधीक्षण अभियंता को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत में कहा गया था कि दोनों कर्मचारी अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं और विभागीय निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। गर्मी से पहले ट्रांसफार्मर के आसपास सफाई, जर्जर तारों को हटाने और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। राजस्व वसूली में भी अनियमितता सामने आई है और कई बार कहने के बावजूद तय कार्यों को नजर अंदाज किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी नें समीक्षा में नियमित सफाई,शौचालय हेतु अवशेष लाभार्थियों को धनराशि निर्गत करने, ग्रामों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों व RRC केन्द्रों को संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय, रेट्रोफिटिंग, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदनों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों एवं संचालन, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के संचालन, ओडीएफ प्लस (मॉडल ग्रामो) आदि विषयों की समीक्षा की गई।

बैठक में ई रिक्शा के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सामुदायिक शौचालय का संचालन, विद्यालयों व आंगनवाड़ी में शौचालय बनवाने एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूलों में शौचालय और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।सभी खंड विकास अधिकारिओं को निर्देश दिए कि चारों ब्लॉकों में सोलर लाइट, पानी, शौचालय, वाटर कूलर, साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा ब्लॉकों को मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारिओं से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सद्भावना घर, खेल का मैदान, लाइब्रेरी ओपन जिम का कार्य कराया जाए तथा ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क के किनारे हरे भरे पेड़ पौधे लगवायें जाएं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश देते हुए कहा कि सभी सामूहिक शौचालय का प्रयोग कराया जाए।ग्राम पंचायत कमालपुरा में प्लास्टिक वेस्ट मेजरमेंट मशीन को संचालित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारिओं से कहा कि बड़े तालाब, पोखर, नदियां, कुआं, की साफ सफाई तथा खुदाई का कार्य कराया जाए, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या से बचा जा सके।

उक्त बैठक में ब्लॉक प्रमुख पनवाड़ी प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख चरखारी, ब्लॉक प्रमुख कबरई, मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, राहुल सिंह जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधान मवई खुर्द, सुगिरा एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

# सीएचसी का नायब तहसीलदार ने किया अकास्मिक निरीक्षण, मिलीं कई खामियां

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने सीएचसी का निरीक्षण किया जिसमे क ई खामियाँ उजागर हुयी। जिस पर जिम्मेदारो को अधिकारी द्धारा कडी हिदायत दी गयी। जिसमे एक मामला प्रसव कराने आयी एक महिला के परिजनो से अवैध वसूली के आरोप को अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए परिजनो से वात की तथ्यो के अभाव मे पुष्टि न होने पर स्टाप नर्स को कडी चेतवनी देते हुए कहा कि पुनन्मामला सज्ञान आया तव बख्शा नहीं जायेगा।

जिलाधिकारी गज़ल भारद्धाज के निर्दिशन मे चलाये जा रहे स्वास्थ केन्द्रो के निरीक्षण में आज पुनःनायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने अपने दल के साथ सीएच सी पनवाड़ी का अकास्मिक निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि चाँदनी पत्नी अजय निवासी कौनिया अपने परिजनों के साथ प्रसव के लिए आयी थीं। आरोप है कि परिजनों से दवा आदि के लिए रूपयो की माँग की गयी थी। उपरोक्त शिकायत का संज्ञान ले नायब तहसीलदार ने अकस्मिक निरीक्षण कर सीएचसी मे महिला के परिजनों से मिल मामले की तह तक जाने का प्रयास किया परन्तु तथ्यों के अभाव में मामला झूठा पाया गया। इसके बावजूद स्टाप नर्स प्रियंका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा पुनः शिकायत मिलने पर बख्शा नहीं जायेगा। इसके वाद एक्स-रे रूम का निरीक्षण किया गया टेक्निशयन ने बताया कि दो दिन से मशीन खराव है खराबी की ओन लाइन शिकायत की जा चुकी है। अधिकारी ने पूछा कब तक सही होगी टेकिनशियन ने बताया कि एक हफ्ते का समय लगेगा। मरीजो को कुलपहाड़ एव महोवा एक्स-रे के लिए रिफर किया जा रहा है। अधिकारी ने निर्दिश दिये की शीध्र मशीन को सुधरवाया जाये जिससे मरीजो को परेशानी न पड़े ।

निरीक्षण मे अधिकारी ने शिशु जन्म प्रमाण पत्र कक्ष का भी निरीक्षण किया यहाँ अनिमित्ता मे रजिस्टर मे नाम ही अकित नही इस पर अधिकारी ने कर्मी को कड़ी फटकार लगायी और कहा कि दुबारा ऐसी पुनवृत्ति मिली तव कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी निरीक्षण के समय मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुँच गये और मीडिया से रू वरू होकर बताया कि पनवाड़ी सीएचसी मे सफायी व्यवस्था नगण्य वनी हुयी है उन्होने वताया कि यहाँ एक सफायी कर्मी है जो सफायी के लिए पर्याप्त नही है बताया विगत दिनो निरीक्षण मे पाँच सफायी कर्मियो की माँग विभाग से की गयी थी जो आज तक सफायी कर्मियों की नियुक्ती नहींहुयी है जिससे सफायी व्यवस्था नगण्य है। निरीक्षण के वाद नायव तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने चिकित्सा अधीक्षक राम गोपाल शंखवार से आफिस मे भेट कर अनिमित्ताओ के सम्वन्ध मे चर्चा की।

# डीसी मनरेगा की कदौरा बीडीओ से जुगलबंदी, मनरेगा मजदूरों पर कुठाराघात करने में जुटीं

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

- कब तक चलेगा मनरेगा में फर्जीवाड़े का खेल, जिम्मेदार मौन

डीसी मनरेगा कदौरा बीडीओ के कथित भ्रष्ट कारनामों के दाग धुलने के साथ ही उन्हें ग्लोरिफाई करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। फिर चाहे मनरेगा मजदूरों के हितों को तार-तार कर मनरेगा योजना को कार्य मशीनरी से कराये जाने का मामला हो या फिर खेतों की मेड़बंदी व समतलीकरण के नाम पर फर्जीबाड़ा हो। इस बारे में उनके कार्यालय के कर्मचारी यह कहते सुने जाते हैं कि साहब अपने कक्ष में ही बैठकर मनरेगा योजना की मॉनीटरिंग करने में विश्वास ज्यादा रखते हैं। वैसे भी ग्रामीणांचल के भ्रमण में धूल व धक्कड़ के साथ ही गर्मी का पारा 45 डिग्री को पार करता नजर आ रहा है। लिहाजा मौसम के मिजाज को देखते हुये उन्हें अपनी सेहत का भी ध्यान रखना होता। पिछले कुछ दिनों से कदौरा विकासखंड के अनेकों गांवों में मनरेगा योजना की हकीकत को दर्शाते हुये लगातार खबरों का प्रकाशन होने के बाद डीसी मनरेगा ने अपने चहेते कदौरा बीडीओ के कृत्यों पर कार्रवाई करना तो दूर की बात बल्कि उनका संरक्षण करते नजर आये। इसके पीछे का रहस्य भी बड़ा गूढ़ बना हुआ है। ऐसा नहीं कि मनरेगा योजना में कदौरा विकासखंड में चल रहे फर्जीबाड़े का संज्ञान न लिया गया हो जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेकर जनपद के सभी नौ विकासखंड में मनरेगा योजना में कराये जा रहे कार्यों की निगरानी के लिये तीन नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी उक्त आशय का एक पत्र मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जारी किया गया था। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी विकासखंड के नोडल अधिकारी ने एक भी विकासखंड के किसी गांव में जाकर हकीकत जानने का प्रयास नहीं किया। फिर रही सही कसर डीसी मनरेगा में तब पूरी कर दी जब उन्होंने डकोर विकासखंड के दो टीए जो उनके ही खास बताये जाते हैं उनको कदौरा विकासखंड में अटैच करने का फरमान सुना दिया।

# दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई: नंदी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, और एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मंगलवार को कन्नौज के छिबरामऊ क्षेत्र के गांव बेहटा खास पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि परिजनों की मुलाकात लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराई जाएगी। मृतक छात्रा के मामले की जानकारी लेने के बाद मीडिया से बातचीत में कैबिनेट मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के



मीडिया से वार्ता करते कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

लिए कटिबद्ध है। जो कोई भी कानून को अपने हाथ में लेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने बताया कि मृतक छात्रा, जो दसवीं पास करने के बाद ग्यारहवीं कक्षा में थी, की मृत्यु कथित तौर पर गलत इंजेक्शन लगने से मात्र 20 सेकंड में हो गई। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है, जो स्वाभाविक है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की घटना भी अत्यंत निंदनीय है। परिजनों ने इस मामले में इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई, व्यापारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने, और दोषी डॉक्टर, कंपाउंडर, और अस्पताल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। कैबिनेट मंत्री ने आश्वासन दिया, मैं इस मामले में जिला प्रशासन से बात करूंगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई निश्चित रूप से होगी। मेरी पूरी संवेदना इस परिवार के साथ है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, विधायक अर्चना पांडेय, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त प्रदेश मंत्री सुशील दुबे, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, अनिल यादव, प्रभाकर गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सौरिख से नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, और मुकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# किशोरी की मृत्यु व पुलिस बर्बरता पर कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ग्राम बेहटा खास में किशोरी की मृत्यु और कथित पुलिस बर्बरता के विरोध में स्थानीय लोगों ने उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने अपने ज्ञापन में जिले में संचालित अवैध अस्पतालों और नर्सिंग होम की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई आवश्यक है।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, संयुक्त प्रदेश मंत्री सुशील दुबे और नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। इसमें मृतक किशोरी



के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा, निर्दोष लोगों पर दर्ज गंभीर धाराओं को वापस लेने और लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने भी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने लाठीचार्ज के दोषी सीओ कन्नौज, कोतवाल और सीओ छिबरामऊ के निलंबन, निष्पक्ष जांच के लिए स्वतंत्र समिति के गठन, प्रदर्शनकारियों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को रद्द करने, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही, उन्होंने अवैध अस्पताल संचालक और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

## तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गश्त करते समय एक युवक को तमंचा व कारतूस सहित धर दबोचा। इसके बाद उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत हमराह सिपाहियों सहित गश्त करते समय कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक रजनेश कुमार ने एक युवक को भवनियापुर तिराहे के पास से 315 बोर तमंचा व जिंदा कारतूस सहित हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आए। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा पुत्र यासीन निवासी ग्राम बरगामा बताया। इसके बाद उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके योगदानों को याद किया गया और उनके कार्यों पर चर्चा की गई। कांग्रेस विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने कहा कि स्व. राजीव गांधी दूरसंचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने मोबाइल, टीवी, टेलीफोन और अन्य तकनीकी साधनों की नींव रखी, जिनका लाभ आज देशवासी उठा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 21 मई, 1991 को एक चुनावी सभा के दौरान आतंकवादियों ने धोखे से आत्मघाती हमला कर राजीव गांधी की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इस अमर शहीद को याद कर रहा है। विनोद दुबे ने मौजूदा हालात के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि देश को एक बार फिर कांग्रेस की जरूरत है। कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव देवकीनंदन दुबे ने कहा कि राजीव गांधी का देश के विकास में अमूल्य योगदान रहा। कम्प्यूटरीकरण और दूरसंचार क्रांति का श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने मतदाता की उम्र 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर युवाओं को वोट देने का अधिकार दिलाया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रदीप कुमार, प्रिया ब्यूटी पार्लर की संतोषी श्रीवास्तव, अजय दुबे सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# इत्र उत्पाद निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 25 मई तक

▸ **योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक अपना कर सकते हैं आवेदन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उपायुक्त उद्योग धन्नजंय सिंह ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण एंव टूलकिट योजना आरम्भ की गयी है। इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों को इत्र उत्पाद तथा अगरबत्ती एवं धूपबत्ती उत्पाद के ट्रेड का 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना हैं। इस योजना के अन्तर्गत जनपद को इस वित्तीय वर्ष में 250 का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। बताया कि आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व उत्तर प्रदेश का निवासी हो। विगत 2 वर्षो में आवेदक ने केन्द्र सरकार एंव प्रदेश सरकार से टूलकिट के संबंध में कोई लाभ प्राप्त न किया हो। योजना के अनुसार आवेदक या उसके परिवार का कोई भी सदस्य (पति/ पत्नी) में से केवल एक बार ही योजना के लिये आवेदन कर सकता है। इच्छुक लाभार्थी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय दिवस में जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र मकरन्द नगर में सम्पर्क कर सकते हैं।

# सीओ ने चेक की बीट बुक, दिए आवश्यक निर्देश

▸ **बीट बुक पर हर गतिविधि का समयबद्ध रूप से करें अभिलेखन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेयी ने थाना तिर्वा में पुलिस कर्मियों की बीट बुक की गहनता से जांच की तथा बीट अधिकारियों से उनकी ड्यूटी संबंधी जानकारी प्राप्त की।

बीट बुक में दर्ज गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर की गई निगरानी, क्षेत्र की कानून- व्यवस्था तथा स्थानीय समस्याओं के संबंध में सीओ ने विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को बीट ड्यूटी को और अधिक प्रभावी ढंग से



थाना तिर्वा पर पुलिस कर्मियों को निर्देश देती सीओ डॉ प्रियंका बाजपेयी

निभाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित गश्त, स्थानीय जनता से समन्वय, एवं सूचना तंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। सीओ ने निर्देश दिए कि बीट बुक का संधारण नियमित रूप से किया जाए और हर गतिविधि का समयबद्ध रूप से अभिलेखन हो। किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात भी कही। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि वे सभी बीट अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखें और समय- समय पर समीक्षा करते रहें।

## खबरें एक नजर में

### बकरियों के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बकरियां चराकर वापस जा रहे युवक की कुछ बकरियां पीड़ित के घर में घुस गई और अनाज को खाने व फैलाने लगीं। इसके बाद पीड़ित ने बकरियों को घर से निकाल दिया। इसी बात को लेकर आरोपित युवक ने पीड़ित के साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बारामऊ बांगर निवासी साबिर सिंह पुत्र रामसनेही ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 18 मई की सुबह करीब 10.30 बजे गांव का ही विपिन पुत्र वीरेंद्र अपनी बकरियों को चराकर वाापस घर जा रहा था। तभी उसकी कुछ बकरियां उसके घर में घुस आयीं और अनाज खाने व फैलाने लगी। इसके बाद पीड़ित ने बकरियों को घर से निकाल दिया। इसी बात को लेकर आरोपित युवक ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाइयों को मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गलत काम करने से मना करने पर युवकों से गांव के ही दो लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने स्थानीय कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर देहात के थाना प्रहलादपुर के ग्राम भोगनीपुर निवासी विकास पुत्र सुरेश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के पीके व गंभीर पुत्रगण रोशन ने उनके घर से काम के लिए कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के ग्राम जसौरा ले आए और उन पर दो नंबर के कूपन वाला धंधा करवाने का दबाव डाला। जब पीड़ित युवक विकास व उसके भाई विशाल ने इसका विरोध किया। तो 17 मई की रात करीब 11 बजे आरोपित युवकों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेहनत और लगन से मिलती है सफलता: मोहसिन खान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे समाज में ज्ञान और समर्पण की भावना को विकसित करती है। शिक्षा मानवीय संपदा को वृद्धि देती है। सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। जब शिक्षा अच्छी होगी। तभी बच्चों का आने वाला भविष्य अच्छा होगा। यह विचार बुधवार को नगर पंचायत तालग्राम के एमएसआरएच स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को पुरस्कार वितरण करने के बाद मुख्य अतिथि तालग्राम नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू ने कही। बताया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का मुकाबला करते हुए यदि बच्चों में लगन से गगन छूने की ललक तो सफलता उनके चरण चूमने आएगी। साथ ही बच्चों को शील्ड और मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक मुनव्वर हुसैन ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ जीवन का लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मृतक रुचि गुप्ता के परिवार से की मुलाकात



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को मृतक रुचि गुप्ता उर्फ लाडो के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने रुचि के पिता राजेश गुप्ता से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। अजय राय ने कहा, आपकी बेटी लाडो को गलत इंजेक्शन लगाकर मारा गया, जो एक जघन्य अपराध है। यह एक प्रकार की हत्या है। कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है। आप जो भी सहायता चाहेंगे, वह आपको प्रदान की जाएगी। लाडो का इस तरह चले जाना अत्यंत दुखद है। इस दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिलाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट, कोऑर्डिनेटर प्रधुम्न कुमार दुबे (लालू), करिश्मा ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष उषा दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष सोनू, अकरम जमील, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायन मिश्रा, पीसीसी सदस्य बृजेन्द्र फौजी, पारुल त्रिपाठी, अमोल दीक्षित, शशिकांत गुप्ता, फैसल एडवोकेट, आमिर अंसारी एडवोकेट, सतेंद्र त्रिपाठी, आमिर खान, अनिकेत गुप्ता, वेंकटेश शुक्ला, धर्मेंद्र सविता, सौरभ त्रिपाठी, विकास मिश्रा, मेराज खान, राजू, सलमान खान, पुष्पेंद्र पाण्डेय और डॉ. जहीर शामिल थे।



# अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठा कराया बंद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठा पर उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के अनुपालन में जिलाधिकारी के द्वारा गठित समिति के द्वारा उप जिलाधिकारी नवनीता राय ने मेसर्स एचएम ईंट भट्ठा ग्राम मखाईपुर पोस्ट कुसुमखोर का अवैध संचालन होने के कारण अग्निशमन के माध्यम से ईंट भट्ठा में पानी डलवाकर बन्द करवाया गया। एवं हाइड्रा पंखा को सील किया गया। इस मौके पर उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं जिला प्रशासन के अधिकारी रहे।

**डीएम के निर्देशन में एसडीएम ने की कार्रवाई**

## दुर्घटना में बाइक सवार पिता, पुत्री घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाजार से वापस घर जा रहे हैं युवक की मोटरसाइकिल में पीछे से तेज रफ्तार में चली आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घायल युवक के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित बाइक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम खाड़ेदेवर निवासी मो. शीबू पुत्र इरफान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 17 मई की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने पिता और बहन के साथ मोटरसाइकिल से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी रामगंज के समीप पीछे से अनियंत्रित गति से चले आ रहे बाइक चालक रफीक पुत्र अंसार निवासी ग्राम खांडेदेवर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार उसके पिता इरफान व बहन फातिया गम्भीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला को मारपीट कर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में मोटरसाइकिल और चेन की मांग कर पति और सास ने महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से भगा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी रीना बेगम पत्नी अल्ला रक्खा ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि ससुराल में उसके पति व सास आए दिन उससे दहेज में मोटरसाइकिल व चेन की मांग कर उससे गाली गलौज व मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे उसके बच्चे सहित घर से बेघर कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कैंसर व कार्डियो सेवाएं शुरू कराने के लिए सपाईयों ने किया प्रदर्शन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में विफलताओं को लेकर जिले की समाजवादी पार्टी ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज के निकट किसान बाजार के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। करीब दो घण्टे तक चले जोरदार प्रदर्शन के बाद सपाईयों ने एकजुट होकर राष्ट्रपति को संबोधित एक पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम व सीओ तिर्वा को सौंपा।

सपा के जिलाध्यक्ष कलीम खां ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सपा के कार्यकाल के दौरान बनाए गए कैंसर अस्पताल व कार्डियोलॉजी अस्पताल आठ साल के बाद भी शुरू नहीं हो सके हैं। जिस बजह से कन्नौज व आसपास के जिलों के मरीजों को कैंसर व हृदय रोग के लिए दिल्ली व लखनऊ की दौड़ लगानी पड़ रही है। मुख्य अतिथि अनिल सिंह ने कहा कि भाजपा विकास की नहीं विद्धेष की राजनीति कर रही है। कन्नौज जनपद में सपा सरकार के दौरान बनाए गए मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। आईसीयू तथा एनआईसीयू शुरू नहीं हो सके हैं। गंभीर मरीजों को कानपुर व लखनऊ रेफर किया जाता है। मेडिकल कॉलेज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। छिबरामऊ प्रभारी सुनैना चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के विकास कार्यों को बंद करना जनता के साथ एक धोखा है। गरीबों



एसडीएम व सीओ को ज्ञापन सौंपते सपाई

को जो लाभ मिलना चाहिए, वो नहीं मिल पा रहा है।

तिर्वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अनिल पाल का कहना है कि भाजपा सरकार का भष्टाचार मेडिकल कॉलेज के सिस्टम को निगल रहा है। यहां दलालों व कर्मचारियों का गठजोड़ सक्रिय है। बरिष्ठ सपा नेता जयकुमार तिवारी व प्रदेश सचिव आकाश शाक्य ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में बने ऑडिटोरियम का दुरूपयोग आए दिन भाजपा नेता अपनी निजी बैठकों के लिए कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव, सदर विधानसभा अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, यश कुमार दोहरे, हुकुम सिंह यादव, शिवेन्द्र सिंह चैहान, अंशू पाल, राजेश पाल, श्याम सिंह यादव, दीपू चैहान, गुलामुद्दीन, इन्द्रेश यादव, कंचन कनौजिया, अंगुरी दाहरिया, बजरंग सिंह चौहान, अरूण बघेल, देवेन्द्र प्रताप सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने के बाद सपाईयों ने एकजुट होकर धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार व सीओ प्रियंका बाजपेई को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

# पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ रहा बाजार बंद

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता के आह्वान पर पुलिस की बर्बर कार्रवाई के विरोध में आयोजित बाजार बंदी ऐतिहासिक रही। इस बंदी को सफल बनाने में विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों और स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बंदी को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता (लालू), गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू, कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पुनीत मिश्रा



और हार्डवेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस बंदी में पहली बार मुस्लिम समुदाय ने भी खुलकर समर्थन किया। जामा मस्जिद मार्केट सहित अन्य क्षेत्रों में उनकी दुकानें भी बंद रहीं, जिससे एकता की मिसाल कायम हुई। नवीन मंडी में भी पूरे दिन ऐतिहासिक बंदी रही। यहां गल्ला आलू व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे, भूदेव गुप्ता, राज गुप्ता, कैलाश नारायण दुबे, हरिओम गुप्ता, दिनेश पाठक, शैलेंद्र यादव, कुलदीप यादव, राजा गुप्ता, और रविंद्र यादव ने पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह बंदी न केवल व्यापारियों की एकजुटता को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक समरसता और सामूहिक विरोध की ताकत को भी उजागर करती है।

# श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक और कम्पाउंडर गिरफ्तार, भेजा जेल

▸ **गलत इंजेक्शन लगाने से हुई थी मौत का है मामला, पुलिस ने की कार्रवाई**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

इलाज के दौरान इंजेक्शन लगाने पर युवती की मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। उसके बाद अस्पताल के संचालक और डॉक्टरों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस ने अस्पताल के संचालक व कंपाउंड को गिरफ्तार किया है। बीते 18 मई को श्रीकृष्ण





पुलिस हिरासत में आरोपित

हास्पिटल छिबरामऊ में इलाज के दौरान रूचि गुप्ता उर्फ लाड़ो (15) पुत्री राजेश कुमार निवासी बुद्धकूंचा कस्वा व थाना छिबरामऊ इंजेक्शन लगाने से मृत्यु हो गयी थी। इसके सम्बन्ध में राजेश कुमार पुत्र बाबूराम निवासी उपरोक्त द्वारा दी गई। तहरीर के आधार पर थाना छिबरामऊ पर श्रीकृष्ण हास्पिटल के संचालक वैभव मिश्रा व उपचार करने वाले डॉक्टर व स्टाफ के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना छिबरामऊ पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल मनीचन्द्र, अभिषेक कुमार ने श्रीकृष्ण हास्पिटल के संचालक वैभव दुवे (32) पुत्र स्व. सुभाष चन्द्र दुबे निवासी मो0 बिरतिया कस्बा व थाना छिबरमऊ व वार्ड बॉय उत्कर्ष राठौर (25) पुत्र प्रभात कुमार सिंह निवासी मो0 इब्राहिमगंज पडाव-छिबरामऊ को फर्रूखाबाद रोड़ पैट्राल पम्प के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र अयाज खान व पुत्रवधू अंजुम हाल निवासी ऊंचा बिरतिया छिबरामऊ से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

**सूचनार्थी**
**मो. शेरखान पुत्र फरियाद खान**
**निवासी सकरावा तहसील**
**छिबरामऊ (कन्नौज)।**

## सार्वजनिक सूचना

सूचित करना है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2022 का मूल अंक पत्र (रोल नंबर 1221203500) कहीं खो गया है, जो काफी तलाश के बावजूद नहीं मिला। जिन भी सज्जन को उक्त अंक पत्र मिले, कृपया निम्नलिखित पते अथवा मोबाइल पर सूचित करने की कृपा करें।

**सूचनार्थी**
**सुमित कुमार पुत्र सुनील कुमार**
**पता: मेजर एसपी सिंह मेडिकल कॉलेज,बेवर रोड,**
**फर्रूखाबाद,(यूपी) मोबाइल**
**8765320052**

# बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने महात्मा बुद्ध समेत कई महापुरुषों की निकाली झांकियां

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने कस्बे के मंझना रोड से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा बुद्ध सहित कई महापुरुषों की झांकियां निकालीं। यात्रा में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ.जितेंद्र सिंह यादव भी शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित मंझना रोड पर दुष्यंत कश्यप के टेंट हाउस के पास सुबह से ही बौद्ध धर्म के अनुयायियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। जिले के बौद्ध धर्म के अनुयाई शाक्य समाज के लोग तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयाइयों ने पहुंचकर संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा बुद्ध, महात्मा ज्योतिवा राव फुले सहित कई महापुरुषों की झांकियां निकालीं। इससे पूर्व सभी ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा कस्बा नवाबगंज चौराहे से होते हुए बाईपास, किसान यूनियन के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य के दरवाजे पर पहुंची।

- बड़ी संख्या में समाज के लोग हुए शामिल, जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत
- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव भी हुए शामिल, बोले बुद्ध के विचार आज भी हैं प्रासंगिक

जहां पर महिलाओं तथा अन्य लोगों ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं कांग्रेस नेता तथा भारतीय किसान यूनियन के भूतपूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय सूबेदार शाक्य के पुत्र देवेंद्र शाक्य के आवास पर भी सभी ने माल्यार्पण स्वागत कर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद बाईपास होते हुए धर्म यात्रा कस्बा नवाबगंज मेन मार्केट से होते हुए चौराहे पर पहुंची।

जहां पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव तथा अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ.जितेंद्र सिंह यादव ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ धम्म यात्रा में शामिल हुए, तदोपरान्त महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन निवेदित किया। धम्म यात्रा का समापन विकास खंड नवाबगंज परिसर में डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें जीवन में बेहतर निर्णय लेने, शांति से जीने और दूसरों के प्रति दया और करुणा रखने में मदद करते हैं। बुद्ध के विचारों ने यह स्पष्ट किया कि मानसिक शांति और संतुलन हमारे अंदर से उत्पन्न होते हैं। आज के दौर में जब लोग तनाव और चिंता से जूझ रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए बुद्ध के विचार शांति प्राप्त करने के लिए अत्यंत ही प्रेरणादायक हैं।



धम्म यात्रा में शामिल डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व बौद्ध अनुयाई

उनके विचारों में यह संदेश छिपा है कि अगर हम अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें तो जीवन में किसी भी चुनौती का सामना आसानी से कर सकते हैं। इस दौरान महात्मा बुद्ध के अनुयायियों ने प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया। वहीं डॉ. जितेंद्र यादव की ओर से सभी को गर्मी से राहत देने के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर नवरंग सिंह यादव, डॉ.नागेंद्र सिंह शाक्य, डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के छोटे भाई प्रधान अभिषेक शाक्य, अरविंद शाक्य भारतीय किसान यूनियन नेता, कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह शाक्य, छविनाथ शाक्य, सुखवीर सिंह शाक्य, फौजी दिनेश शाक्य सहित बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह जाटव, पुष्पेंद्र सागर, बेचेलाल सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा बुद्ध के अनुयाई यात्रा में शामिल रहे।

## महंत पर तमंचा तानकर रंगदारी मांगने में एक गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। महंत पर तमंचा तानकर रंगदारी मांगने में पुलिस ने एक युवक को तमंचा सहित व दूसरे का शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के ठंडी सड़क निवासी महंत राम प्रकाश मिश्रा ने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें कहा कि बीते 8 दिन पूर्व अभिनव शुक्ला पुत्र प्रशांत शुक्ला निवासी चौक व सेनापति निवासी रोहन बाजपेयी पुत्र सुशील बाजपेयी आये और तमंचा तानकर रंगदारी मांगने लगे। मामले में पुलिस ने रोहन को शांतिभंग व प्रशांत शुक्ला को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।



## चोरों ने किराने की दुकान से नकदी व सामान किया पार



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

चोरों ने किराने की दुकान के ताले तोड़कर नगदी, सामान चोरी कर सामान में आग लगा दी। सुबह दुकान पर पहुंचे दुकानदार को घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला माझगांव पूर्व निवासी प्रिंस गुप्ता की किराने की दुकान कंपिल सिवारा मार्ग पर थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित है। प्रतिदिन की भांति मंगलवार देर शाम प्रिंस दुकान में ताला लगाकर घर चले गए। बुधवार की बीती रात किसी पहर चोरों ने शटर के ताले तोड़कर सोलह हजार की नगदी, किराने का सामान चोरी कर दुकान में आग लगा दी। बुधवार सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने शटर के ताले टूटे व दुकान से धुंआ उठता देख प्रिंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज रामलखन दुबे ने जांच पड़ताल कर घटना के सम्बन्ध मे जानकारी की। पीड़ित के अनुसार सोलह हजार की नगदी, चार हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बुधवार सुबह थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले, लेकिन सफलता नहीं मिली। मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने पीड़ित का मुकदमा दर्ज कर घटना का जल्द खुलासा करने की मांग की। घटना के बाद नगर के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



बच्चों को बधाई देते प्रबंधक

## दो बच्चों का जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय के लिए हुआ चयन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। श्रीराम शिक्षण संस्थान के दो बच्चों का जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय (आश्रम पद्धति) के लिए चयन हुआ। प्रबंधक ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें कीं। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय (आश्रम पद्धति) में श्रीराम शिक्षण संस्थान सलेमपुर बरतल नवाबगंज के दो बच्चों का कक्षा 6 के लिए चयन हुआ। प्रबन्धक विकाश बाबू शाक्य ने बताया कि हमारे विद्यालय में तीन बच्चों ने आवेदन किया था। जिसमें दो बच्चों का चयन हुआ है। जिनका नाम प्रशांत और सुशांत है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की हम कामना करते हैं और बताया कि हम अपने विद्यालय में नवोदय, सैनिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय जैसे की परीक्षा के लिए एडवांस क्लास लगवाते हैं जो कि पूर्णतया नि:शुल्क है। विद्यालय के संस्थापक महेन्द्र सिंह शाक्य एवं अध्यक्ष राहुल कुमार शाक्य, अनूप शाक्य, शिवम् दुबे, कुंवर पाल शाक्य, अवनीश कुमार, रवी बाबू, सोमेश कुमार आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

## घर में घुसे चोरों ने नकदी व जेवर किये पार

- महिला के शोर मचाने पर कुंडल नोंचकर हुए फरार

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने नगदी, जेवर चोरी कर लिए। शोर मचाने पर महिला के कानों के कुंडल नोंच लिए। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी प्रेमपाल जाटव बुधवार की बीती रात परिवार के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। देर रात लगभग एक बजे तीन चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़ गए। दो चोर सीढ़ियों से घर के कमरे में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखे बक्शे से जेवर, नगदी आदि चोरी कर लिए। घर का अन्य सामान खेतों में फेंक दिया। खटपट की आवाज सुनकर स्वजन जाग गए। प्रेमपाल की पत्नी रानी देवी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी बात पर चोरों ने महिला के कानों से कुंडल नोंच लिए। जिससे महिला का कान फट गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने स्वजनों के सहयोग से चोरों को आसपास खेतों में तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज दारोगा उदयवीर सिंह ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

## बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल





लोहिया अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दवा लेकर पति के साथ जा रही महिला को पीछे से बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर घायल महिला को पति तुरंत लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत ग्राम पेरी दरौरा निवासी रोहित यादव एडवोकेट बुधवार को अपनी पत्नी अंजली (30) को दवा दिलाने फर्रुखाबाद आया था। जहां दवा लेकर वह घर वापस लौट रहा था, तभी याकूतगंज के पास पीछे से तेज रफ्तार आ रही बुलैरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। जबकि पति के हल्की फुल्की चोटें आयीं। पति आनन-फानन में पत्नी को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि पुत्र रोहित की शादी को अभी चार साल ही हुए थे कि यह दुखद घटना घटित हो गयी। पुलिस ने शव को लोहिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

## कांग्रेसियों को पुण्यतिथि पर याद नहीं आये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

- पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी कार्यक्रम में रहीं मौजूद
- जिला कोआर्डिनेटर व जिला प्रभारी का चलता रहा स्वागत समारोह

विनोद श्रीवास्तव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं जिला कांग्रेस कार्यालय पर अपने नेता को श्रद्धांजलि देना कांग्रेसी भूल गये। बल्कि एक स्वागत समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद भी मौजूद रही, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी याद नहीं आये। बुधवार को नवनियुक्त जिला कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान व जिला प्रभारी संदीप अवस्थी, शहर प्रभारी सलमान इम्तियाज आदि का पार्टी कार्यालय नगला दीना पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम में किसी ने भी एक बार भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक भी शब्द नहीं कहा और न ही जिले में कहीं अन्य जगह भी किसी कांग्रेसी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प नहीं छोड़े। जबकि बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि सभा रखी गई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी आज ही के दिन 21 मई 1991 को हत्या कर दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। अब आप समझ सकते है कि कांग्रेस अपने ही नेता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देना भूल गये तो वह और किसे याद रखेंगे।

## ऑनर किलिंग में पिता-पुत्र व दो सगे भाइयों सहित चार को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने हत्या व साक्ष्य मिटाने के संबंध में विनोद, शिवम पुत्रगण छुटकुन्नू, दिनेश पुत्र राजाराम, राजाराम पुत्र खुशहाली समस्त निवासीगण नगला घाघ थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 15-15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते 9 वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम घाघ निवासी विनोद पुत्र छुटकुन्नू ने 4 सितंबर 2016 को थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया कि मेरी 16 वर्षीय बहन को 1 सितंबर 2016 को रात लगभग 11 बजे अनिल, स्वदेश पुत्रगण सुनहरेलाल निवासी नौली मेरापुर जो मेरे बहनोई के मौसेरे भाई थे इसलिए उनका मेरे घर आना जाना था। वह मेरी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गए। मेरी बहन नगद पचास हजार रुपए, एक लाख रुपये कीमत के जेवर साथ में ले गई। जिसकी मैंने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं लगा। दिनांक 4 सितंबर को समय लगभग सात बजे लोगों ने जानकारी दी गांव के किनारे खेत में एक लाश पड़ी है। हम लोगों ने खेत में जाकर देखा, तो वह लाश मेरी बहन की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण, हत्या, साक्ष्य मिटाने के मामले में अनिल, स्वदेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेपुर मोहित लाल यादव ने विवेचना में उक्त घटना को देखते हुए कई बिंदुओं पर विवेचना की। जिसमें साक्ष्य गवाह के आधार पर विनोद की बहन का प्रेम संबंध अनिल कुमार से था। अनिल ने पुलिस को बताया कि करीब दस माह से मेरा विनोद की बहन से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हम लोग एक दूसरे से फोन से बातचीत करते थे। दस दिन पहले फोन से मृतका ने बताया कि मेरे घर वाले मेरी शादी के लिए लड़का देख रहे हैं जल्दी ही मेरी शादी कर दी जाएगी। अगर तुम मुझे लेने नहीं आओगे तो मैं अपनी जान दे दूंगी। 28 अगस्त को मैं दिल्ली से गांव आया तथा बताए हुए पते जैनापुर तिराहे इटावा बरेली हाइवे से फोन से बात हुई। उसके बाद नगला घाघ के किनारे पहुंचा। मृतका मुझसे आकर मिली, तभी विनोद, शिवम, प्रमोद व दो अन्य लोग आए और मुझे पकड़ने के लिए मेरी तरफ भागे। मैं वहां से भाग गया और काफी दूर जाकर एक चारा के खेत में छिप गया। उसके बाद मुझे मृतका की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी। मुझे दो दिन बाद पता चला कि मेरी प्रेमिका की हत्या हो गई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विनोद, शिवम, प्रमोद व दो अन्य लोगों ने हत्या की है। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर विनोद, प्रमोद, शिवम, दिनेश, राजाराम के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान प्रमोद की मृत्यु हो गयी थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार की पैरवी के आधार पर जिला जज नीरज कुमार ने विनोद, शिवम, दिनेश, राजाराम को हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व प्रत्येक आरोपी को 15-15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

- हत्यारोपी ने पुत्री को प्रेम संबंध के चलते उतारा था मौत के घाट

## सत्रह वर्ष पूर्व मामले की पत्रावली थाने से गायब, खाकी मौन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- न्यायालय ने बरती सख्ती, तो थानाध्यक्ष बोले-थाने में नहीं हैं कोई अभिलेख
- दोषी पुलिस कर्मियों पर एसपी को कार्यवाही करने के निर्देश

जिले से एक सनसनीखेज खबर सामने आयी है, जो 17 वर्ष पूर्व धोखाधड़ी से संबंधित है। मामले में तहसीलदार सहित कई लोगों पर दर्ज कराये गये मुकदमे की पत्रावली थाने से गायब होने की सूचना है। जिसे संज्ञान में लेते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार ने दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही कर अवगत कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। बताते चलें, वर्ष 2001 के मुकदमे में 29 अप्रैल 2002 में अंतिम आख्या न्यायलय में दाखिल की गई। 30 अगस्त 2008 को अंतिम आख्या निरस्त कर थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को पुनः विवेचना के लिए न्यायालय ने निर्देशित किया। उसके बाद 1 अक्टूबर 2008 को थाने के पैरोकार को विवेचना हेतु पत्रावली दी गई। लगभग 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी जब थानाध्यक्ष मऊदरवाजा द्वारा पुनः विवेचना कर न्यायालय को अवगत नहीं कराया गया, तब इस संबंध में न्यायालय द्वारा थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को 16 मई 2025 को जरिए नोटिस तलब करते हुए 20 मई 2025 को मामले की आख्या प्रस्तुत करने को निर्देशित किया गया।

नियत तिथि पर थानाध्यक्ष ने न्यायालय को अवगत कराया कि उक्त पत्रावली का थाने के किसी भी अभिलेख में कोई उल्लेख नहीं है और न ही यह जानकारी पुनः विवेचना के लिए किस विवेचक को दी गई थी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उक्त मामले की जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय को एक सप्ताह के अंदर अवगत कराने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र ग्राम याकूतगंज के निवासी सतीश चंद्र पुत्र रामचंद्र कटियार ने 156(3) के माध्यम से महेंद्र कुमार, हरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, सुधीर कुमार पुत्रगण रमेशचंद्र बढ़पुर, शिव बहादुर पटेल तहसीलदार सदर फर्रुखाबाद, गुरबचन दास नाजिर तहसील सदर, रामानुज द्विवेदी एडवोकेट के विरुद्ध अपराध संख्या 284ए/2001 धारा 418, 419, 420 के तहत दर्ज करवाया था। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक से जानकारी करनी चाही तो उनके पीआरओ धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि कप्तान साहब से बात नहीं हो पायेगी। जब इस प्रकरण के बारे में पूछा गया तो बोले कि प्रकरण संज्ञान में अभी नहीं है।

## बाइकों की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

बाइकों की भिड़ंत में दो बच्चों सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हें विभिन्न अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेमनगर निवासी शिवकुमार उम्र 28 वर्षीय पुत्र बाबूराम अपने दो नाबालिग बच्चों तनिष्क व आयुष को बाइक पर बैठालकर अपनी ससुराल गाँव लबारी जिला बदायूं गया था। वहाँ से वापस घर लौटते समय कायमगंज-कम्पिल मार्ग पर ग्राम मेंदपुर के निकट पहुँचते ही कम्पिल की ओर से आ रहे बाइक सवार अंकित उम्र 19 वर्षीय पुत्र सर्वेश कुमार निवासी निजामुद्दीनपुर थाना कम्पिल अपने गाँव के दो साथी देव पुत्र सुनील, सुखवीर उम्र 19 वर्षीय पुत्र जगदीश से आ रहा था, की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गयी। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार छः लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य ने सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर शिवकुमार, आयुष व देव, अंकित, सुखवीर को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



सीएचसी में भर्ती घायल

## नशेड़ी युवक ने फांसी लगाने का किया प्रयास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में नशेड़ी ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन परिजनों के देख लेने पर उसे तुरंत फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भोजपुर निवासी फिरोज पुत्र सलीम जो कि नशे का आदी है। वह आए दिन कच्ची पक्की शराब पीकर नशे में रहता है।

बुधवार दोपहर उसने अंगौछे से संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने का प्रयास किया। परिजनों के देख लेने पर उसे आनन-फानन में नीचे उतारा गया और एक प्राइवेट अस्तपाल में भर्ती कराया गया। जहां युवक की जान बच गयी।

योगी सरकार की नारी सशक्तिकरण की खुली पोल......

## यदि शीघ्र ही न्याय नहीं मिला, तो कलेक्ट्रेट में आत्मदाह करने को मजबूर होगी पीड़िता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जहां एक ओर सूबे की सरकार नारी सशक्तिकरण का दम्भ भर रही है और उसका उत्पीड़न न हो, इसलिए तरह-तरह से जागरुक कर रही है, लेकिन नारियों का आज भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ है। नारियां न्याय पाने के लिए पुलिस अधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन के चक्कर लगाकर जब हार जाती हैं, तो या तो वह मौत को गले लगा लेती हैं, या फिर पेट्रोल आदि डालकर आत्मदाह करने की कोशिश करती हैं, तब जाकर पुलिस अधिकारी व जिला प्रशासन जागता है। ऐसा ही एक मामला फतेहगढ़ कोतवाली के अंतर्गत भोलेपुर निवासी नगलादीना का प्रकाश में आया है। जहां ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित की गयी महिला आज भी न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक व फतेहगढ़ कोतवाली के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी आवाज को न सुनकर अनसुना किया जा रहा है। ऐसे में पीड़ित परिवार ने दो टूक कह दिया है कि यदि उसकी रिपोर्ट शीघ्र दर्ज न कर दोषी ससुरालीजनी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गयी, तो वह भी कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह करने को मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस अधिकारियों तथा जिला प्रशासन की होगी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नगलादीना निवासी प्रियंका पुत्री स्व0 राजेंद्र राजपूत का विवाह शिवम राजपूत पुत्र अनिल राजपूत निवासी नगला नगला नैन थाना कोतवाली फतेहगढ़ के साथ 2020 में हुआ था। कुछ दिन तक तो ससुरालीजनों का व्यवहार पीड़िता के प्रति सही रहा, लेकिन उसके बाद ससुरालीजनों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आ गया। वह पीड़िता को तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे और एक दिन ऐसा आया जब ससुरालीजनों ने पीड़िता का समस्त स्त्रीधन आदि छीनकर उसे धक्के मारकर बेईज्जत करके घर से निकाल दिया। तब से पीड़िता अपनी मां पर बोझ बनकर रह रही है। पीड़िता की मां की आय का कोई साधन नहीं है। जिससे वह भी काफी परेशान है। इसी बीच दिनांक 28.04.2025 को पीड़िता को जानकारी हुई कि उसके पति शिवम राजपूत ने दूसरी शादी कर ली है। इस पर पीड़िता अपनी मां दुर्गेश वर्मा व भाई ऋषभ राजपूत के साथ ससुरालीजनों के घर जा पहुंची। जहां पीड़िता ससुरालीजनों से कोई बात करती, कि इससे पूर्व ही ससुरालीजन पति शिवम राजपूत, ससुर अनिल वर्मा, सास प्रतिभा देवी, ननद निधि, देवर सूरज व सास का भतीजा प्रवीन गाली-गलौज करते हुए पीड़िता, उसकी व भाई पर हमलावर हो गये और लाठी-डंडों व बेल्टों आदि से जमकर पिटाई की। जिससे पीड़िता व उसकी मां व भाई तीनों गंभीर रुप से घायल हो गये। ससुरालीजन बोले यहां से भाग जाओ वरना तीनों को जान से मार दूंगा। इसके बाद पीड़िता मां व भाई के साथ फतेहगढ़ कोतवाली पहुंची। जहां घटना के संबंध में तहरीर दी, लेकिन नाकारा पुलिस ने कई बार तहरीर बदलवायी। जिससे ससुरालीजनों का बचाव किया जा सके। पुलिस ने कोतवाली में करीब रात्रि 11:30 बजे तक बैठाले रखा और तहरीर लेकर चलता कर दिया, लेकिन न ही पीड़ितों का डाक्टरी परीक्षण कराया और न ही पीड़िता की रिपोर्ट लिखी गयी। इसके बाद पीड़िता ने दिनांक 30 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कई तहरीरें पुलिस अधीक्षक को दी गयीं, लेकिन आज तक पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी। पीड़िता का कहना यदि शीघ्र ही पुलिस से उसे न्याय नहीं मिला, तो वह कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह जैसा कदम उठाने को बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस अधिकारियों व जिला प्रशासन की होगी।



अपनी मां के साथ घटना की जानकारी देती पीड़िता

- ससुरालीजनों से प्रताड़ित महिला न्याय पाने के लिए अधिकारियों के लगा रही चक्कर

## पति को मृत दिखाकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने हथियाई भूमि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जीवित पति को मृत दिखाकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने जालसाजी कर आवासीय पट्टा करा लिया। जब पति को जानकारी हुई तो उसने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पुत्र रामदास निवासी राजीव गाँधी नगर रेवले रोड ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2012 को साधना देवी पुत्री सोवरन सिंह निवासी ग्राम कुशलपुर्वा तालग्राम जनपद कन्नौज के साथ सम्पन्न हुयी थी। मेरी पत्नी आजाद मिजाज की होने के कारण मेरा व मेरे परिवार का उत्पीड़न करती थी तथा आये दिन मायके चली जाती। जिसका विरोध करने पर मेरे विरुद्ध पत्नी ने न्यायालय में वाद दाखिल किये। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पत्नी जनपद कन्नौज में ऑगनवाड़ी कार्यकत्री के रूप में तालग्राम नेकनागपुर में कार्यरत है। तथा जनपद कन्नौज में परिवार न्यायालय में भी वाद विचाराधीन है। पत्नी ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मुझे मृतक दिखाकर तहसीलदार छिबरामऊ जनपद कन्नौज से ग्राम कुशलपुर्वा में गाटा संख्या-3184/1 रक्बा 80 वर्गमीटर का आवास हेतु पट्टा 06 अगस्त 2020 को प्राप्त कर लिया है। जबकि मैं जीवित हूं। पीड़ित पति ने जालसाजी करने वाली पत्नी के विरुद्ध कार्यवाही कर न्याय दिलाये जाने की मांग की।

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, भर्ती

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी सुगर सिंह उम्र 55 वर्ष की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# अहिल्याबाई होल्कर ने न्याय प्रिय शासन देकर इतिहास के पन्नों में नाम किया दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गोष्ठी को सम्बोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह चौहान लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित प्रबुद्ध जनों की संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक ने की। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।

मानवेंद्र सिंह ने कहा भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है एक महिला के रूप में न्याय प्रिय शासन देकर रानी अहिल्याबाई होल्कर ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज किया है। उन्हें लोकमाता कहा जाता है। विदेशी आक्रमण कार्यों द्वारा जब भारतीय संस्कृति और उनके मंदिरों पर हमले हुए तब रानी अहिल्याबाई होल्कर ने ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। भारत के 1000 मंदिरों का जीणोद्धार करके भारतीय संस्कृति को सहजने का कार्य किया। आजादी के बाद जो सरकार भारत में बनी उन सरकारों ने उनके इतिहास और कार्यों को छुपाने का कार्य किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ एवं केदारनाथ में रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को स्थापित करके उनके आदर्शों को जीवंत करने का कार्य किया।

अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा भारत की आजादी के बाद देश में सत्ता में आई कांग्रेस और उसके समर्थित सरकारों ने भारतीय संस्कृति एवं महापुरुषों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ की। भाजपा संगठन एवं सरकार ने रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसे महापुरुषों के बारे में उनके विचार एवं आदर्शों को नई पीढ़ी को बताने का कार्य किया है।

भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा लोकमाता रानी अहिल्याबाई होलकर ने अपने निजी हितों को दरकिनार करते हुए न्याय का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया भाजपा संगठन द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। प्रदेश संगठन द्वारा प्राप्त रानी अहिल्याबाई के जीवन से संबंधित कार्यों वाली पुस्तक घर-घर पहुंचाई जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया 28 मई को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह नारायण आश्रम में आयोजित रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। संचालन हिमांशु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, डीएस राठौर, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, अभिषेक बाथम, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, सर्वेश कुशवाहा, गोपाल राठौर, अमरदीप दीक्षित, अतुल दीक्षित, महेंद्र सिंह कटिहार, हेमचंद्र राजपूत, जय गंगवार, प्रभात अवस्थी, सदानंद शुक्ला, शैलेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीप पाल, नवनीत पाल, चित्र अग्निहोत्री, विमल कटियार, मीरा सिंह, रमला राठौर, अर्चना चौहान, शिवांग रस्तोगी, संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय रंग कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यशाला का शुभारम्भ करते राकेशानंद

वाणी विनायक संस्था की पांच दिवसीय रंग कार्यशाला का उद्घाटन संस्था उपाध्यक्ष राकेशानन्द ने भगवान नटराज का पूजन व मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया। संस्था प्रमुख राज गौरव पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन किया। कार्यशाला प्रशिक्षक अमित सक्सेना निर्देशक नक्श थियेटर ने कहा कि कार्यशाला में लेखक मीराकांत द्वारा लिखित नाटक भुवनेश्वर-दर-भुवनेश्वर की तैयारी प्रशिक्षार्थियों से करवाकर प्रस्तुति दी गई। मुम्बई के ऑडिटोरियम में 7 जून को कार्यक्रम होगा। जिसमें बॉलीवुड व टीवी के कलाकार उपस्थित रहेंगे।

नाटक सोशल कैटेगरी का होगा, जो मुम्बई में शायद एक ही दो टीमों के द्वारा किया जाता है। अब फर्रुखाबाद में कोई टीम इस नाटक को करके जनपद का नाम ऊंचा करेगी। उपाध्यक्ष राकेशानन्द ने कहा कि सभी बेस्ट से बेस्ट देने का प्रयास करें। कार्यशाला में प्रशिक्षण वालों में धीरज मौर्या, दिलीप कश्यप, राज गौरव, शिवम राठौर, डॉ. नवेद अलीम अंसारी, संध्या पान्डेय, सत्या, अमित आदि उपस्थित रहे जो नाटक के किरदारों की भूमिका निभायेंगे। नक्श की पूरी टीम रूप सज्जा में नेहा सक्सेना, ड्रेस सज्जा में संध्या पाण्डेय संगीत में राज गौरव, बैंक स्टेज में सभी लोग सहयोग करेंगे। प्रशिक्षार्थियों ने अभी से पूरी लगन व मेहनत के साथ तैयारी शुरु कर दी है और अपना अच्छे से अच्छा प्रदर्शन देने के लिए भगवान नटराज व मां सरस्वती से आशीर्वाद मांगा।

# सपा शिक्षक सभा ने किया पीडीए पंचायत का आयोजन



पीडीए कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी शिक्षक सभा के तत्वावधान में कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के कड़िउल्ली ग्राम में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। अध्यक्षता शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने की।

कायमगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर ने शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय व एकजुट करने की आवश्यकता पर बल दिया।

जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने शिक्षक सभा को बूथ स्तर तक सशक्त करने की बात कही। डॉ0 हरिओम यादव ने पीडीए वर्ग को संगठित करने की दिशा में विचार रखे। उन्होंने कहा कि यही वर्ग समाजवादी आंदोलन की रीढ़ है और इन्हें संगठित किए बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं। इस अवसर पर अमन सूर्यवंशी, रामवीर कश्यप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी द्वारा लगातार पीडीए पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है।



समर कैम्प में छात्राओं को जानकारी देती प्रधानाचार्या

## समग्र शिक्षा अभियान के तहत कनोडिया बा.इं.का. में समर कैम्प शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में समरकालीन कैम्प का प्रारंभ हुआ। कैंप का उद्घाटन प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने किया। बच्चों को योग और व्यायाम कराया गया। मालविका मुखर्जी द्वारा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट की जानकारी दी गई। शिक्षिका मंजू व अंजना के नेतृत्व में बच्चों को लेखन कला और विभिन्न गद्य की विधाओं से परिचित कराया गया। पूनम शुक्ला ने मानसिक योग्यता आधारित गणितीय खेल के माध्यम से रीजनिंग कराई, जोकि प्रतियोगी परीक्षाओं में आती है। छात्राओं ने रस्सा कशी, म्यूजिकल चेयर रेस व रस्सी कूद जैसे कई खेल खेले। समर कैंप में 160 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। कैंप में दर्शना आर्य, समीक्षा अग्निहोत्री व सीमा तिवारी आदि शिक्षिकायें उपस्थिति रहीं।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रतियोगिता आयोजित

**फर्रुखाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक

पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्लॉक राजेपुर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर, राजकीय मॉडल कॉलेज कनकपुर, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजपुर के छात्रों ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रमुख रूप से निबंध प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगितायें आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा से 300 साल पहले भी भारत की महान नारी शक्तियों ने सुशासन की मिशाल कायम की। उनमें एक नाम देवी अहिल्याबाई होल्कर का है। उन्होंने जनता के साथ न्याय किया। अनेक मित्रों की स्थापना कर एवं प्राचीन मंदिरों का पुनर्धार कर भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने छात्राओं से कहा कि अगर आप शिक्षा का महत्व नहीं समझेंगे, मन से अध्ययन नहीं करेंगे तो नारी शक्तिमान नहीं बन पाएगी। शिक्षा में आपकी शक्ति छिपी हुई है इसे पहचाना है। सर्व शिक्षा अभियान के समन्वयक मुनेन्द्र मिश्रा ने भी छात्रों को सम्बोधित किया। ताइक्वांडो कोच रुबी ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। निबंध प्रतियोगिता में सिद्धी गुप्ता प्रथम, मनाली पाठक द्वितीय, रिया तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में महिमा व लक्ष्मी प्रथम, अनुभा और मानू द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में रिद्धी प्रथम, अनुभा द्वितीय रही। दौड़ प्रतियोगिता में निशू ने बाजी मारी।

# पाल सेना ने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगाने की सांसद से की मांग



सांसद को ज्ञापन सौंपते पाल सेना के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पाल सेना के जिलाध्यक्ष पंकज पाल के नेतृत्व में पाल समाज के लोगों ने सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन सौंपकर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगाने की मांग की है। सनातन धर्म के लिए अपना सर्वस्त्र न्यौछावर करने वाली राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा जनपद के किसी प्रमुख स्थान पर सेंट्रल जेल चौराहा, आईटीआई चौराहा, मसेनी चौराहा या अन्य किसी स्थान पर लगाये जाने की मांग की है। इस मौके पर आशाराम पाल, मानसिंह, मनवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मानवाधिकार पीड़ित परिवार को दिलायेगा न्याय: प्रदेश अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पीड़ित परिवार से मिलते प्रदेश अध्यक्ष

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलने प्रतिनिधि मण्डल छिबरामऊ के ग्राम बेहटा खास पहुंचा। उनके साथ नगर अध्यक्ष सौरव गुप्ता व मनीष यादव ने गांव पहुंचकर मृतक रुचि गुप्ता उर्फ लाडो के परिजनों से मुलाकात कर हालचाल लिये। बीते दिनों रुचि गुप्ता उर्फ लाडो की मृत्यु डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मौत हो गयी थी तथा मृतक बच्ची के परिजनों पर बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज, महिलाओं को बुरी तरह पीटकर जो घिनौना कृत्य पुलिस द्वारा किया गया। इसका विरोध अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने किया है। पीड़ित परिवार को सांत्वना दी तथा यह भी भरोसा दिलाया कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जब तक दिवंगत रुचि गुप्ता बच्ची को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन उच्च स्तरीय जांच की मांग करता है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की गई निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को दण्ड दिया जाये और घटना में शामिल पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाये।

# जिलाधिकारी ने की आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैंक आफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की मार्च 2025 की त्रैमासिक जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। आरसेटी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमे आरसेटी निदेशक ने बताया कि आरसेटी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 28 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 903 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया। बैठक में आरसेटी निदेशक द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अनुमोदन के लिए डीएम से अनुरोध किया गया। डीएम ने वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में सेलफोन रिपेरिंग, एसी एंड रेफ्रिजरेशन रिपेयरिंग, प्लम्बरिंग, कंप्यूटर बेसिक के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपनी वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में शामिल कर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करने व सभी अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के ऋण आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर पीडी, डीआरडीए कपिल कुमार, बैंक आफ इंडिया उप आंचलिक प्रबंधक हरदोई जोन सुधीर कुमार सिंह, आरसेटी निदेशक ओमेन्द्र सिंह, नाबार्ड मितेश यादव, जिला अग्रणी प्रबंधक विश्व दीपक वर्मा, उपायुक्त जौहरी, आरसेटी फैकल्टी दिव्यांशु मिश्रा व सहायक सोमेश शर्मा एवं राहुल कुमार आदि अधिकारी उपस्थिति रहे।

> कार्यक्रम में कुल 903 अभ्यार्थियों को किया गया प्रशिक्षित

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस पर्यवेक्षक का हुआ स्वागत



बैठक को सम्बोधित करती जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संगठन सजन अभियान के अन्तर्गत कांग्रेस के जिला कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में बैठक का आयोजन हुआ। शीर्ष नेतृत्व द्वारा बताये गये निर्देशों पर चर्चा हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने की। नवनियुक्त जिला कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान व जिला प्रभारी संदीप अवस्थी, शहर प्रभारी सलमान इम्तियाज आदि का पार्टी कार्यालय पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, अर्चना राठौर, शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, एटा कोआर्डिनेटर शिवाशीष तिवारी आदि ने विचार व्यक्त किये। आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई और संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर अनिल मिश्र, डॉ. अरूण अग्निहोत्री, हिलाल शफीकी, वरुण त्रिपाठी, शुभम तिवारी, मनोज गंगवार, खुशहाल मियां, वसीउर्रहमान, अम्मार अली, आसिफ, यामीन, अजीजुद्दीन सद्दाम, ऊषा दुबे, इमरान अंसारी, फरमान अंसारी, फरमान, खालिद उस्मानी, दीपक, ताज खान, संदीप राजपूत, घनश्याम तिवारी, तारिक बशीर, डॉ. अर्चित, मेराजुद्दीन, तन्मय, फाजिल खान, वात्सल्य मिश्रा, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील सदर के अधिवक्ताओं की दूसरे दिन हड़ताल रही जारी



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही अधिवक्ताओं ने सरकार की विरोध कर निबंधन मित्र योजना का खुलकर विरोध किया। बुधवार को तहसील सदर बार एसोशिएशन के अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों दूसरे दिन भी हड़ताल का समर्थन किया। कार्य बहिष्कार कर सरकार की निबंधन मित्र योजना का जमकर विरोध किया।

तहसील सदर बार एसोशिएशन के सचिव अतुल मिश्रा ने कहा कि शासन प्रशासन की उदासीनता साफ-दिखाई पड़ रही है। सरकार अधिवक्ताओं के प्रति संवेदनशील नहीं है अगर हमारी मांगे न मानी गई तो हड़ताल इसी तरफ से जारी रहेगी। हम सभी अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष विनोद सक्सेना अधिवक्ताओं के साथ रहे। उन्होंने कहा कि सरकार के इस नए फरमान का हम विरोध करते है। निबंधन मित्र योजना से दस्तावेज लेखक बेरोजगार हो जाएंगे। तहसील सदर में हड़ताल का प्रभावी रूप से असर देखने को मिला जहां दस्तावेज लेखकों और अधिवक्ताओं के चैंबरों में सन्नाटा पसरा रहा। सब रजिस्ट्री कार्यालय में किसी प्रकार का कोई बैनामा संबंधी अन्य कोई कार्य नहीं हुआ। अधिवक्ताओं की अनिश्चित कालीन हड़ताल का असर साफदिखा। अधिवक्ता पूरे दिन रजिस्ट्री भवन में धरना देकर बैठे रहे। किसी भी अधिवक्ता ने बैनामा रजिस्ट्री पेश नहीं की। विरोध करने वालों में सचिव अतुल मिश्रा, विकास सक्सेना, अतर सिंह कटियार, दयाशंकर तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, रविनेश यादव, पंकज राजपूत, संजय शाक्य, सुधीर सक्सेना, कुलदीप त्रिपाठी, राजेश वर्मा उद्योग मौजूद रहे।

# एमआईसी में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> सुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष व प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर बने उपाध्यक्ष

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने सभी सदस्यों तथा अभिभावकगणों, शिक्षकों का शब्दों से सम्मान करते हुए किया। उनके द्वारा विद्यालय की विभिन्न समस्याएं जैसे विद्युत, फर्नीचर, भवन निर्माण, प्रयोगशालाओं व शिक्षण कक्षों का जर्जर स्थिति होना, विद्यालय में इंटरलॉकिंग ईट बिछवाने संबंधी आदि समस्याएं बताई। जिसके समाधान के लिए बैठक में एजेंडा रखा गया। पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बाथम द्वारा पूर्व में गठित कमेटी को भंग करने की घोषणा की गयी। नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें में सुरेंद्र सिंह राठौर को अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर उपाध्यक्ष रहे। प्रधानाचार्य द्वारा सभी अभिभावकों से विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए मरम्मत तथा निर्माण कार्य हेतु आर्थिक सहयोग की अपील की गयी। इस अवसर पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जायसवाल, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप सिंह, निरुक्त कुमार मिश्रा, सर्वेश कुमार सिंह, अहिबरन सिंह, अभिभावक श्रीनिवास, विनोद कुमार, राम प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसान दिवस में कृषकों को हीट बेव से फसलों को बचाने की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




बैठक लेते सीडीओ व मौजूद अधिकारीगण

विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी बी0के0सिंह ने किसान दिवस में आये कृषक को हीट बेव से बचने की जानकारी देते हुये कहा गया कि कृषक अपनी फसलों को बचाने के लिये खेतों में हल्की सिंचाई करें, ज्यादा पानी भरे रहने से फसलों की जड़े खराब हो जाती है एवं मक्का की फसल गिरने की आशका बनी रहती है। जिस कारण जायद मक्का के उत्पादन में कमी आ सकती है। जनपद के सभी राजकीय बीज भण्डारो पर खरीफ फसलों के बीज उपलब्ध है। जिसमें महीन धान की बॉसमती प्रजाति 1692 एवं 1718 तथा ढैचा बीज उपलब्ध है। कृषक अपना आधार कार्ड लेकर रा0कृ0बी0भ0 प्रभारी से सम्पर्क कर बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। कृषक धान की नर्सरी अभी न डाले, 10 से 15 दिन बार तापमान में गिरावट होने पर ही लगायें। धान की फसल में हरी खाद एवं गोबर की सडी हुयी ही खाद का प्रयोग करें।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जो कृषक मशरूम उगाना चाहते है वह हमारे कार्यालय में सम्पर्क कर ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य पूर्ण करा योजनाओ का लाभ प्राप्त कर सकते है। विभाग द्वारा संचालित योजनाओ जैसे मिनी कोल्ड स्टोरेज, संरक्षित खेती, मिनी स्त्रैकलर सेट, पैक हाउस, एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत कृषक अपने खेत की तारबन्दी कर सब्जियों की खेती एवं छोटी पौधशाला/टिशू कल्चर लैब की स्थापना कर सकते है। उक्त योजनाओ में विभाग से कृषक 50 से 90 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ने उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस के बारे उठी समस्याओ की समीक्षा कर सम्बधित कृषको से भी पूछा एवं उनको भी निराकरण से अवगत कराया। कोपरेटिव बैंक के अधिकारियों ने बताया कि जनपद की हमारी शाखाओं द्वारा किसी भी प्रकार का अनुदान का पैसा नहीं रोका जाता है, यदि कोई रोकता है तो मुझे शाखा से ही फोन करें, जिससे समस्या का समाधान तुरन्त हो सकें। कृषक धमेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सातनपुर ने बताया कि जनपद की आलू मण्डी के अन्दर पीने योग्य पानी नही है और टोटी टूटी है जिससे पानी बहता रहता है, मण्डी रोड पर कोई स्थाई नाला भी नहीं है गन्दा पानी मण्डी के आस पास ही भरा रहता है, जिससे बीमारियाँ होने की सम्भावना अत्यधिक रहती है। स्थायी नाला बनवाने की मांग की। कृषक रामबहादुर राजपूत एवं राममोहन दीक्षित ने बताया कि कायमगंज तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के लोग नहरो से भी सिंचाई करते है, परन्तु नहरों में सिंचाई का पानी अभी तक नहीं आया है। जिस पर जिस पर सहायक अभियन्ता नहर ने अवगत कराया कि नहरों में पानी जून माह तक सही से चलने लगेगा, वर्तमान में जो पानी नहरों में चल रहा है वह पशु-पक्षियों, जानवर आदि के उपयोग हेतु छोड़ा जा रहा है। सीडीओ ने बताया कि बताया कि जो कृषक फलदार वृक्ष लगाना चाहते है वह जिला उद्यान अधिकारी एवं वन विभाग से सम्पर्क कर पौधे निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। बैठक में अधिकारीगण श्याम कुमार तिवारी, कपिल कुमार, बी.के. सिंह, उपेन्द्र नाथ खरवार, शंशाक सिंह, डॉ. धीरज कुमार शर्मा, राघवेन्द्र सिंह, सुशील कुमार, वीडी वर्मा, प्रियांशु मिश्रा, गिरीश चन्द्र, नारद लाल राणा, रोली सिंह, प्रदीप कुमार यादव, शंशाक, विपिन कुमार, दुर्ग कुमार, इमरान अंसारी, शिवांशु बाजपेयी, डॉ. सत्येन्द्र प्रताप सिंह, ध्रुव कुमार, मोहित गुप्ता, ताबिश अहमद, नितिन वर्मा, सत्येन्द्र कुमार सिंह, रतीक कुमार दीक्षित, भानू प्रताप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला की हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे के आधार पर पुलिस ने हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बीते दिन पीड़ित बाल गोविन्द पुत्र बहादुर निवासी जवाहर नगर रोहिला कोतवाली मोहम्मदाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि आदित्य उर्फ संकी पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी कबीर नगर थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद व राहुल पुत्र नरेंद्र निवासी पीरन पुरवा जनपद कन्नौज के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। आज पुलिस ने आदित्य उर्फ संकी पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी कबीर नगर थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बसेली विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो / भूसा आपूति- 2025-2026 दिनांक 21/05/2025

**भूसा आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बसेली विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निराश्रित आश्रय स्थल गौशाला बसेली में वर्ष भर भूसा आपूर्ति हेतु दिनांक 22/05/2025 से 26/05/2025 की अपरान्ह 3:00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26/05/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/05/2025 से 26/05/2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 100.00 अदा करने पर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र.स. | कार्य का नाम | मात्रा कुन्तल में | निविदा आपूर्ति समय | जमानत राशि 2 % | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | भूसा आपूर्ति | 715 कुन्तल | एक वर्ष | 2 % | 100 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (पवन कुमार) ग्राम पंचायत बसेली, बढ़पुर सचिव (प्रभात यादव)

# पानी है अनमोल, न करें इसे बर्बाद : मण्डलायुक्त

- मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी
- पानी के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के दिये निर्देश



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) से सम्बन्धित कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें यदि निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पानी की टंकी लगाई गई है उन सभी स्थानों पर पानी के आने व जाने का समय व सम्बन्धित ऑपरेटर का नाम व मोबाइल नम्बर लिखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्लोगन के माध्यम से जगह-जगह पानी की उपयोगिता के बारे में लोगों को अवगत करायें कि यह पानी पीने के लिए आ रहा है, इसे अन्य किसी उपयोग में न लें।

आयुक्त ने कहा कि जो अधिकारी क्षेत्र में पानी की जाँच के लिए जा रहे है जाँच के साथ-साथ लोगों से भी वार्ता कर पानी की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी लें। यह भी कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न हो रही है तो सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराए ताकि समस्या का समाधान कराया जा सके।

बैठक के दौरान कार्यदायी संस्था रामकी बाबा के द्वारा बताया गया कि 04 गाँव अभी तक बचे हुए है एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराते हुए अवगत करायें। मण्डलायुक्त द्वारा पानी के आपूर्ति की समय सारिणी लिखवाने का दिशा निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क कटिंग एवं रेस्टोरेशन तथा ओएचटी का कार्य जहां पर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है उन सभी जगहों पर सड़क दुरुस्त कर लिया जाय।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भदोही, जिला विकास अधिकारी सोनभद्र, संयुक्त विकास आयुक्त रमेशचन्द्र, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही एवं सभी कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

## समर कैंप में छात्रों को आत्मविश्वास व जीवन कौशल का सिखाया गुर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के परिषदीय जूनियर हाई स्कूल एवं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय हथेडा में समर कैंप के दौरान शिक्षामित्र कृष्ण कुमार एवं अनुदेशक राम भुवन व प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्रा ने छात्रों को आत्मविश्वास व जीवन कौशल का पाठ पढ़ाया इसी तरह से जूनियर हाई स्कूल हलिया, कोटार, वीरपुर, देवघटा पांडे, आदि विद्यालयों में समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास और जीवन कौशल का गुर सिखाया गया। इस मौके पर सूरज मौर्य, छोटेलाल, प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बांद्रा-बीकानेर के बीच नई ट्रेन सेवा

### प्रधानमंत्री देशनोक रेलवे स्टेशन से दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय रेल ने बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच नई साप्ताहिक रेलगाड़ी प्रारंभ करने का फैसला किया है। इसके संबंध में अधिसूचना रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई है। 22 मई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के देशनोक रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन की नियमित सेवा प्रारंभ होगी।

ट्रेन संख्या 21903 प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से रात्रि 11.25 बजे रवाना होगी और मंगलवार को रात्रि 8:40 पर बीकानेर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 21904 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को सुबह 8:50 बजे बीकानेर स्टेशन से खुलेगी और बृहस्पतिवार को सुबह 6:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि इस ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, बड़ोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, मेहसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड जंक्शन, नागौर, नोखा और देशनोक स्टेशनों पर दिया गया है। इस ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित इकोनामी श्रेणी के 18 तथा द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के दो कोच होंगे। दो कोच लगेज और जनरल ब्रेकवान वाले होंगे। पूरी ट्रेन में कुल मिलाकर 22 कोच रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा ने खैरा में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** भाजपा कार्यकर्त्ता ओं ने बुद्धवार को खैरा बाजार मे मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व मे आपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य मे शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा खैरा आजाद चौक से भ्रमण करते हुए खैरा पुलिस चौकी के पास हनुमान जी मंदिर के पास समाप्त हुई। कार्यकर्त्ता हाथों मे तिरंगा लिए उत्साहित होकर भारत माता की जै, वन्देमातरम के उदघोष के साथ चल रहे थे। उक्त अवसर पर शिवप्रसाद द्विवेदी, आनन्द शर्मा, दिनेश मिश्रा, शीतलेश्वर पाठक, मंगल शर्मा, रिंकू त्रिपाठी, बंश बहादुर सिंह, सच्चेलाल, पद्माकर द्विवेदी, अभिनव, अर्नव, सुरेंद्र शुक्ला, आजाद उपाध्याय, ज्ञानधर शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### नपा अध्यक्ष ने किया प्याऊ का उद्घाटन




**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** चिलचिलाती धूप व उमसभरी गर्मी में राहगिरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सोनभद्र नगर पालिका प्रशासन ने एक पहल शुरू किया है। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बुधवार को नगर के आधार दर्जन से अधिक स्थानों पर नि:शुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया। हालांकि नगर में सरकारी धन से लगाए गए तमाम आरो प्लांट मरम्मत के अभाव में धूल फांक रहे हैं। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि गर्मी को देखते हुए नगर के करीब आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर पानी की किल्लत को गंभीरता से लेते हुए प्याऊ की स्थापना करायी गई है। वहीं अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि जिला मुख्यालय का प्रमुख शहर होने के नाते सोनभद्र नगर में ग्रामीण इलाकों से प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी करने आते है। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी में उन्हें पेयजल के लिए भटकना पड़ता था। जनहित की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नि:शुल्क प्याऊ की स्थापना करायी गई है। इस व्यवस्था से अब राहगिरों को आसानी से शुद्ध पेयजल मिलेगा। उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बताया कि नपा कर्मियों को नगर में भ्रमणशील होकर प्याऊ का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर मनोज चैबे, अनवर अली, प्रदीप पटेल, अमित दूबे, कृष्णा सिंह, आशीष केशरी, संजय श्रीवास्तव, विमलेश, अजय, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पुराने विवाद को लेकर घर बुलाकर सिकड़ से पीटा, अस्पताल में भर्ती

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित को उनके चाचा और भतीजे ने घर बुलाकर हमला कर दिया। पीड़ित के चाचा और भतीजे से पुराना विवाद चल रहा था। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़ित को घर बुलाया और टंगुली व सिकड़ से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ित को बचाया। घायल पीड़ित को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी है। सदर कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय के अनुसार, दोनों पक्षों से मारपीट की शिकायत मिली है। दोनों तरफ से लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### जिला लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को तहसील परिसर गौरीगंज में जिला लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें लेखपाल संघ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य कमलेश शर्मा के नेतृत्व में जिला लेखपाल संघ का चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें महेंद्र देव शुक्ला तथा राकेश गुप्ता अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए एवं महामंत्री पद के लिए अनूप गुप्ता तथा जनार्दन मिश्रा उम्मीदवार खड़े हुए। जिसमें राकेश गुप्ता अध्यक्ष तथा जनार्दन मिश्रा महामंत्री पद के लिए चुने गए। चुनाव में सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला ऑडिटर तथा जिला कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। जनपद में लेखपाल संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव में अध्यक्ष तथा महामंत्री पद पर विजयी होने वाले उम्मीदवारों ने सरकार की नीतियों तथा समाज की कुरीतियों एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करने के लिए तथा जनता की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है यह सोचकर शासन प्रशासन की नीतियों तथा राष्ट्रहित में काम करने का संकल्प लिया।

### पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा दो दिन पहले शनिवार की रात नहर कोठी चौराहे पर हुई किराना दुकान में चोरी का खुलासा किया है पुलिस द्वारा गश्त के दौरान थाना फुरसतगंज में प्रकाश में आया अभियुक्त अमरहंस गिरी पुत्र हरिशंकर गिरी निवासी सधानगिरी मजरे रामपुर जमालपुर थाना फुरसतगंज को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी से अमरहंस के कब्जे से 16,200 रुपये नकद बरामद हुआ। पूछताछ में अमरहंस ने बताया कि 17 मई की रात में अपने साथी लवलेश यादव पुत्र रमाकान्त यादव निवासी सधानगिरी मजरे रामपुर जमालपुर के साथ मिलकर दिलीप किराना स्टोर नहरकोठी फुरसतगंज से चोरी किया था, बरामद रुपये उसी चोरी के है व शेष रुपये लवलेश यादव के पास है, हम दोनो ने मिलकर लगभग 20 दिन पहले मौर्या जलपान गृह के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी किया था। मोटरसाइकिल की बैटरी व चोरी के शेष रुपये लवलेश यादव के घर पर रखा है। अमरहंस गिरी की निशानदेही पर लवलेश यादव के घर से मोटरसाइकिल की एक बैटरी व 1892 रुपये नकद बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में फुरसतगंज पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## राजगढ़ के 64 विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के कंपोजिट व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है। 21 मई से 10 जून तक 3 सप्ताह चलने वाले इस समर कैम्प में प्रतिभागी छात्रों को व्यायाम और अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। शिक्षा मित्र और अनुदेशकों द्वारा छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल और आत्मविश्वास में सुधार कर सकें। प्रतिदिन समर कैंप सुबह 7 बजे से 10 बजे तक गांव के विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। समर कैंप छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वे न केवल नए कौशल सीखेंगे, बल्कि अपने साथियों के साथ भी मेलजोल बढ़ाएंगे। इस कैम्प के माध्यम से छात्रों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने का मौका मिलेगा। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार एवं ए0आर0पी0 अशोक कुमार सिंह ने बताया कि समर कैम्प का आयोजन छात्रों के लिए एक आवश्यक पहल है। शासन द्वारा छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में उनके कौशल और आत्मविश्वास में सुधार लाने के लिए की जा रही पहल है।

## संतोष कुमार शर्मा महराजगंज के नये जिलाधिकारी नियुक्त

**अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ थे, पूर्व में रहे जिलाधिकारी अनुनय झा का हुआ हरदोई ट्रांसफर**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल किया गया। महराजगंज के जिलाधिकारी अनुनय झा का तबादला हरदोई किया गया है। उनकी जगह पर संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। संतोष कुमार शर्मा इससे पहले अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ थे इसके पूर्व वह अयोध्या के नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि सोनभद्र जिले के मूल निवासी संतोष कुमार शर्मा 2021 में आईएएस बने थे। नए जिलाधिकारी को मठ, नगर निकाय और पर्यटन से जुड़े कार्यों का विशेष अनुभव है। यह अनुभव सीमावर्ती जिला महराजगंज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

## बस्ती में पेयजल की समस्या देख बीडीओ ने टैंकर से शुरू कराया आपूर्ति

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव के अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या को देखते हुए खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने तत्काल टैंकर से पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित कराया है। बस्ती में टैंकर से पानी पहुंचते ही बस्ती के लोग पानी के लिए बाल्टी डब्बा लेकर टैंकर के पास पहुंच गए और बारी बारी से पानी लिया है।

ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा गांव में पेयजल के समस्या होने आ आरोप लगाया और ग्राम प्रधान की ओर से टैंकर से पेयजल आपूर्ति सप्ताह में एक बार करने का आरोप लगाया। जिसकी सूचना जैसे ही खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को हुई बीडीओ ने तत्काल ग्राम सचिव कौशलेन्द्र राय व ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद यादव को टैंकर से बस्ती में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिस पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचकर बस्ती में टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया है। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की ग्राम पंचायत मटिहरा के सगरा अनुसूचित बस्ती में पेयजल की समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया गया है।



## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद मुख्यालय स्थित कांग्रेस के केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अमेठी संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने शहीद महापुरुष आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी के अमेठी व भारत को 21वीं सदी की ओर अग्रसर ही नही अन्य राष्ट्रों का भी मार्गदर्शन पर चर्चा हुई और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों के बीच सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के अधूरे संकल्प को राहुल गांधी,व प्रियंका गांधी अब पूरा करने के लिए हम सब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के साथ खड़े हैं। इसके अलावा 18 वर्ष का मताधिकार,पंचायती राज,संचार क्रांति के जनक राष्ट्र के गौरव पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अमेठी से ही विज्ञान गांव की ओर, टेक्नोलॉजी भारत ग्रामीण जीवन का एक अंग बने। अंत मे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित कांग्रेस जनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पुण्यतिथि पर आयोजित भंडारे में सांसद जी ने स्वयं सैकड़ो लोगों को प्रसाद परोसा, प्रसाद वितरण में हज़ारों राहगीरों और आम नागरिकों को भोजन कराया गया, जिससे जनसेवा का भाव वास्तव में धरातल पर साकार होता दिखा। इस आयोजन के अतिरिक्त अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लॉकों में सरबत तथा मरीजों को फल वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि मनाई गयी. कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम मे पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, फरहान वारसी, बैजनाथ तिवारी,नरसिंह बहादुर सिंह, माता प्रसाद वैश्य,आशीष शुक्ला,मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, सुनील सिंह,राम दत्त यादव, नरेंद्र मिश्रा,अल्लू मियां, रवि तिवारी, नरसिंह बहादुर सिंह, राम मिलन पथिक,मतीन, राजीव सिंह, देवेंद्र सिंह गप्पू,अर्जुन पासी,डॉ संजय सिंह, आशा पाण्डे, ममता पाण्डे, गीता सिंह, शुभम सिंह,धर्म राज बहेलिया,रामबरन कश्यप, अरविन्द चतुर्वेदी, सुमित तिवारी, सर्वेश सिंह,शकील इदरीशी, अनुपम पाण्डेय, जे बी यादव, कुलवंत सिंह, महेंद्र तिवारी,जीत लाल सरोज,राम लखन शुक्ला,त्रिभुवन पासी,राजकुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## समर कैंप से आत्मविश्वास व क्षमता की भावना विकसित करने में मिलेगी मदद : बीएसए

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के दृष्टिगत परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के बच्चों के समग्र विकास के लिए 21 से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएसए मुकुल आनंद पांडेय के संरक्षण एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगवां धनंजय कुमार सिंह के निर्देशन में पूर्व की भांति पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां में समर कैंप का उद्घाटन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 49 उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया है। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से समर कैंप संचालित कराने के लिए प्रधानाध्यापकों को आदेशित किया है। ब्लाक स्काउट मास्टर डा बृजेश महादेव ने बताया कि इस समर कैंप के माध्यम से बच्चे रूचि के अनुरूप रचनात्मकता विकसित कर सकेंगे। अपने अंदर आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास कर सकेंगे। शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय संबंध तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ा सकेंगे। उनमें सामाजिक, सांस्कृत मूल्यों की समझ विकसित हो सकेगी। खेलकूद, कला, विज्ञान और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा। इससे आत्मविश्वास और क्षमता की भावना विकसित करने में मदद मिलती है। तीन सप्ताह तक चलने वाले समर कैंप में बतौर प्रशिक्षक शिव शंकर एवं उर्मिला देवी ने भी बच्चों को अधिकतम सीखाने का आश्वासन दिया। बता दें कि प्रथम सप्ताह में योग व फिटनेस, हमारी सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान, डिजिटल कौशल और स्मार्ट कक्षा गतिविधियां व द्वितीय सप्ताह में पर्यावरण व बागवानी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति, कक्षा में रचनात्मक गतिविधियां, विज्ञान व स्टीम और तृतीय सप्ताह में राष्ट्रीय एकता विविधता में एकता, जल व ऊर्जा संरक्षण, संगीत, रंगमंच और नाटक, भाषा गणित कार्यशालाएं और विविध गतिविधियां सिखेंगे।



### समर कैंप का बीएसए ने किया शुभारंभ

नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बुधवार को समर कैम्प का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीएसए मुकुल आनन्द पांडेय ने खण्ड शिक्षा अधिकारी रावर्ट्सगंज महेंद्र मौर्य के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समर कैंप के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार से जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक व कम्पोसिट विद्यालयों में समर कैंप का शुभारंभ हुआ है। यह कैंप अनवरत 10 जून तक चलेंगा। शिव नाडर फाउंडेशन की सहयोगी संस्था द्वारा समर कैम्प में प्रतिदिन सहयोग दिया जाएगा। बच्चों को उन्होंने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में बच्चों को गुड़, चना व मूंगफली के दाने की पट्टी का वितरण किया गया। इस मौके पर जय किशोर वर्मा, राजेश कुमार सिंह, बिपिन शुक्ला, मनोज विश्वकर्मा, संदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शौचालय निर्माण में 13.74 लाख का हुआ घोटाला

**पूर्व प्रधान समेत दो सचिवों पर मुकदमा, एडीओ की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज। जिले के लक्ष्मीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत टेढ़ी में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में बड़ा घोटाला सामने आया है। पूर्व ग्राम प्रधान कुसुमावती, पूर्व सचिव मिलिंद चौधरी और विवेकानंद राय के खिलाफ पुरंदरपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एडीओ पंचायत लक्ष्मीपुर दिनेश चंद पाठक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में 725 लाभार्थियों में से 404 लाभार्थियों के शौचालय मौके पर मिले। 125 लाभार्थियों के न तो शौचालय बने मिले और न ही उनके खाते में पैसे भेजे गए। 196 लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन नहीं हो सका। पूर्व प्रधान कुसुमावती से 13.74 लाख रुपए की वसूली का आदेश दिया गया था। इससे पहले 31.32 लाख रुपए के आधे हिस्से की वसूली का आदेश भी जारी किया गया था। पूर्व प्रधान ने दिसंबर 2021 में नोटरी शपथ पत्र के जरिए 2016-17 और 2018 में बने शौचालयों की जांच का अनुरोध किया था। सितंबर 2023 में उप जिलाधिकारी नौतनवां, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम ने जांच की। पूर्व प्रधान ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की। न्यायालय के आदेश पर 16 दिसंबर 2024 को संयुक्त जांच आख्या प्रेषित की गई। धनराशि जमा न करने पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## शरन क्लिनीक पर नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन



**कैम्प का कुल 93 मरीजों ने उठाया लाभ**

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** गोरखपुर–सोनौली राजमार्ग पर स्थित नगर पंचायत आनन्दनगर के शनिचरहिया ढाले के बगल में शरन क्लिनिक पर आज बुधवार को आयोजित नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प में विभिन्न प्रकार के 93मरीजों का जांच पड़ताल किया गया। जिसमें गोरखपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा कैम्प में आये मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण स्किन के डॉक्टर दिव्यांशु श्रीवास्तव व मनो चिकित्सक डॉक्टर द्वारिका वर्मा द्वारा किया गया। इस बावत् डॉक्टर दिव्यांशु श्रीवास्तव ने बताया की त्वचा सबसे नाजुक होता है, जिसके प्रति लापरवाही मरीज के लिये नुकसानदेय होता है और कई बड़ी बीमारियों को जन्म देती है,कास्मेटिक प्रयोग के कारण सबसे अधिक यह वीमारी महिलाओ मे होती है। इसी क्रम में मनो चिकित्सक डॉक्टर द्वारिका वर्मा ने बताया कि मानसिक बीमारी का सबसे पहला लक्षण तनाव है जो घर वाहर दोनों जगहों से होता है, जिसमें अकेले में मुस्कराना, भय या डर महसूस करना,शक संदेह करना, मन दुखी रखना,आत्म हत्या का विचार करना, भूत प्रेत का भ्रम होना सहित दो दर्जन से अधिक लक्षण है।

कैम्प का आयोजन अमित मोहन श्रीवास्तव व सुमित मोहन श्रीवास्तव द्वारा किया गया था।

## कांग्रेस कार्यालय पर किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, अमेठी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय गौरीगंज के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ आदित्य मिश्र के साथ महेंद्र मिश्र,शुभाष मिश्र,अरुण त्रिपाठी, वेद प्रकाश,राम चरण,पंकज, दीपक ने रक्तदान किया। इसके अलावा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में जय बहादुर यादव, दुर्गेश, नीरज मौर्य, आनंद सिंह, बृजेश यादव, विकास बारी, पवन वर्मा ने रक्तदान किया. इस कार्यक्रम में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में आयोजित रक्तदान शिविर में दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंदों के जीवन में आशा का संचार करेगा।

## पूर्व विधायक के भाभी के निधन पर शोक

**समृद्धि न्यूज, फरेंदा, महराजगंज।**

फरेंदा के पूर्व विधायक विनोद मणि तिवारी की भाभी व बड़े भाई हरिशंकर मणि त्रिपाठी की पत्नी के निधन पर जिले में शोक की लहर दौड़ गई। वह करीक 80वर्ष की थीं। उनके बड़े बेटे अभिषेक मणि त्रिपाठी ने कर्मकाण्ड विधि से मुखाग्नि दी है। उनके निधन की खबर सुनते ही नात, रिश्तेदार, इष्टमित्र, बन्धु बान्धव आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की है।

इस दौरान पूर्व मंत्री श्यामनारायन तिवारी, पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय,पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी,पूर्व विधायक शिवेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व विधायक अमन मणि त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख व प्रमुख संघ अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह, पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल, पूर्व प्रमुख राजेश त्रिपाठी,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुहम्मद अली, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश जायसवाल , यशोदा श्रीवास्तव,गन्ना चेयरमैन प्रतिनिधि केशव पाण्डेय, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव त्रिभुवन नारायण मिश्र, विजय सिंह सुधेश मोहन श्रीवास्तव गौरीशंकर मालवीय, हृदय पाण्डेय,देवेन्द्र पाण्डेय, रविन्द्र शुक्ल, प्रमोद तिवारी, प्रभाकर उपाध्याय, मुकेश मिश्र, अरूण चतुर्वेदी, सिद्धार्थ पाण्डेय, पूर्व ग्राम प्रधान उमेश उपाध्याय,अमित चौबे, गंगा यादव,तत्सत मणि त्रिपाठी, शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, अमृत पाण्डेय, ग्राम प्रधान शेखर यादव, व ग्राम प्रधान मदन गोपाल यादव, विकास पाण्डेय, मनोज मिश्र, दिलीप तिवारी, देवी शरन दूबे, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी रविन्द्र श्रीवास्तव, श्याम मोहन त्रिपाठी व अनिल कुमार,सहित धानी फरेन्दा, वृजमनगंज, कोल्हुई, बहादुरी, पुरन्दरपुर की सम्मानित जनता सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी है।

GST No. : 09AEBPN2161A1Z1
Mob. : 9454444497
Great Man
TAILORS & DRAPERS
SALER: SUITING, SHIRTING & DRESS METERIALS
Barachandganj, Near Railway Crossing, Lucknow

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org